@NewsRotary /RotaryNewsIndia April 2019

रोटरी समाचार

Vol.18, Issue 6 | Annual Subscription ₹ 420

Rotary



2019-20 के लिए तैयार

रशीदा भगत

कोलकाता में आयोजित DISHA के एक परीक्षण कार्यक्रम में RID सी भास्कर, RIDE गण भरत पांड्या और कमल संघवी, DGE यों के साथ।

विषयसूची

12 आँगनवाड़ियों का पुनर्निर्माण और कर्नाटक में बच्चों का जीवन परिवर्तन
रो ई मंडल 3181 के रोटेरियनों द्वारा आंगनवाड़ियों के नवीनीकरण पर काम करने पर राज्य भर की आंगनवाड़ियाँ जीवंत हो रही है।

20 रोटरी को एक अस्थिर संगठन न बनाएं
वायनाड, केरल, में आयोजित रो ई मंडल 3202 सम्मेलन का एक वृत्तान्त।

28 कोडगु के दो घरों के लिए भूमि पूजा की गई
रो ई मंडल 3181 ने ट्रस्ट, रो ई मंडल 3181 बाढ़ राहत कोष के माध्यम से बाढ़ पीढ़ितों के लिए घरों का निर्माण करना शुरू किया।

32 मलोनी द्वारा कोलकाता में 6 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं का लोकार्पण
भारत की उनकी हाल ही की यात्रा के दौरान, RIPE मार्क मलोनी ने किया रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर की छह परियोजनाओं का लोकार्पण।

40 केरल बाढ़ पीड़ितों के लिए घर
केरल की बाढ़ में अपना घर खो चुके 10 परिवारों के लिए रोटरी क्लब कोचीन हार्बर आश्रयों का निर्माण करता है।

42 असली खाने के बारे में बात
भारतीय क्षेत्रीय भोजन की अच्छाइयों पर एक नवीन परिज्ञान।

52 रोटरी द्वारा कोवलम गाँव का कायाकल्प
रोटरी क्लब चेन्नई ईसीआर एक गाँव में बेहतर सुविधाओं का सूत्रपात करता है।

56 मोहिनीअट्टम - बहता हुआ लावण्य
केरल की इस सम्मोहक नृत्य रूप की बारीकियों को जानें।



कवर पर : मैसूर के निकट एक गाँव की आंगनवाड़ी में बच्चें झूले का आनंद लेते है।

चित्र: किरण ज़ेहरा

आपके पत्र

रोटरी के शांति प्रयास

मैं जानना चाहता हूँ कि क्या रोटरी अंतर्राष्ट्रीय द्वारा चलाए जाने वाले शांति केन्द्रों में गांधीवादी तरीके से शांति की शिक्षा दी जाती है, यदि ऐसा नहीं नहीं है तो फिर उनके पाठ्यक्रम का तरीका क्या है। महाराष्ट्र के एक पुलिस अधिकारी इस योजना के तहत उच्च शिक्षा हेतु गए थे। हम उनसे और अधिक सुनना चाहते है और साथ ही यह भी कि हमारी इस अधिकारी से क्या अपेक्षाएं है। इस पर लेख उपयोगी है। साथ ही मेरा सुझाव है, इस कोर्स के अलावा, विभिन्न पेशों के लिए 'लीडरशिप इन एक्शन' को शामिल किया जा सकता है।

सनत जैन

रोटरी क्लब रायपुर हेरिटेज

रो ई मंडल 3261

रोटरी न्यूज़: मानव दृष्टिकोण से लिखा गया एक संदर्भ बिंदु

मैंने कवर दर कवर *रोटरी न्यूज़* के सभी अंकों को अच्छी तरह से देखा है। मैं डंके की चोट पर कह सकता हूँ कि पिछले चार अंक उल्लेखनीय रूप से अच्छी तरह तैयार किये गए थे। हाल ही में कोलकाता में एक RIPR के रूप में, इस पत्रिका ने मेरे भाषणों के लिए अपने सभी तथ्यों और आंकड़ों को प्रमाणित करने में मेरी बहुत मदद की। इन अंकों को पढ़ने के बाद मैं रोटरी के नए रुझानों के ऊपर एक पूर्ण-पृष्ठ का लेख लिख सकता हूँ।

यह पत्रिका बहुत ही दिलचस्प, पठनीय, सूचनाप्रद और इसके विषयों में समृद्ध हो गई है। मुझे लगता है कि आपकी समाचार की समझ इतनी मजबूत है कि आप प्रत्येक विषय के उस केंद्र बिंदु पर ध्यान देते है जिसे विशिष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए और जो पाठकों के रूप में रोटेरियनों को दिलचस्प लगेंगे।

जिस तरह से आप नए मुद्दों को उठाते है और सभी रोटरी परियोजनाओं और गतिविधियों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश करते है उसकी मैं सराहना करता हूँ। लेख और तस्वीरें इस मासिक पत्रिका को रोटरी से जुड़ी हर चीज़ के लिए एक उल्लेखनीय प्रकाशन बनाती है। सम्पादकीय दल को बधाइयाँ।

अजय काला

रोटरी क्लब जयपुर राउंड टाउन

रो ई मंडल 3054

फरवरी अंक में जी सिंह द्वारा लिखित लेख मीठी पत्तियों वाला नीम का पेड़ मुझे बहुत अच्छा लगा। इस तरह की मानव हित की कहानियाँ जीवन को बहुमूल्य बनाती है। इस विषय में, मुझे हमेशा लगता है कि रोटरी न्यूज़ के लेख मानव दृष्टिकोण को महत्व देते हुए लिखे जाते है और यही बात पत्रिका को पढ़ने में रोचक बनाती है। एक और शानदार अंक देने के लिए आपको धन्यवाद।

अतुल भिड़े

रोटरी क्लब ठाणे हिल्स

रो ई मंडल 3142

पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में CRPF के काफिले पर हुए जघन्य आतंकी हमले, जिससे हमारे 40 जवानों की दुःखद मृत्यु हो गई, के संदर्भ में मैं शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूँ। दुनियाभर में शांति केन्द्रों के माध्यम से रोटरी के प्रयास जो शांति कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों को प्रायोजित करते है, प्रशंसनीय है जैसा कि संपादक के सन्देश में उचित रूप से उल्लिखित है।

रोटरेक्टरों के बारे में रोई अध्यक्ष बेरी रेसिन की टिप्पणी वास्तव में उत्साहवर्धक है और अफ्रीका महाद्वीप में उनकी बहुमूल्य सेवाएँ प्रशंसनीय है। यह पढ़कर खुशी हुई कि करुनगुज्ही 'स्वच्छता का पूर्ण चक्र' आरंभ करने के लिए FST सुविधाओं वाला भारत का पहला नगर है जैसा कि रो ई निदेशक सी भास्कर ने अपने सन्देश में कहा था।

रशीदा भगत द्वारा लिखित लेख *रोटरी के लिए अवरोध का निर्माण ना करें* सूचनाप्रद और सार्थक है। RIPE मलोनी ने रोटरी को संयुक्त राष्ट्र से जोड़ने के लिए सुझाव दिए है जो दुनिया से जुड़ने हेतु एक अभिनव विचार है।

लेख *दान देना और भलाई करना एक अनुवांशिक बाध्यता* बहुत ही प्रेरणादायक है। अन्य सभी लेख जिसमें सीता रत्नाकर द्वारा लिखित *कथकली - नृत्य-नाटिका; उत्तर-पूर्व में विश्वास का निर्माण; वापी में रोटरी अस्पताल बाल हृदय सर्जरियां करता है;* शामिल है, और यहाँ तक कि लघु लेख भी पढ़ने योग्य है। हमेशा की तरह तस्वीरें रंगीन और पाठकों को आकर्षित करने वाली है।कड़ी मेहनत से समृद्ध सामग्री और महत्वपूर्ण लेखों से भरी एक पत्रिका तैयार करने के लिए संपादक और उनके दल को शुभकामनाएं।

एम टी फिलिप

रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन

रो ई मंडल 3211

फरवरी अंक में अंतर्राष्ट्रीय सभा के बारे में पढ़ना दिलचस्प था जिसमें RIPE मार्क मलोनी ने 2019-20 के लिए अध्यक्षीय थीम, *रोटरी दुनिया को जोड़ती है* का अनावरण किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि भौगोलिक भिन्नताएँ होने के बावजूद भी रोटरी हमें एक दूसरे से जुड़ने में मदद करती है; उन लोगों से जिनसे हम कभी नहीं मिले; ऐसे समुदायों, पेशेवर अवसरों और ऐसे लोगों से जिन्हें हमारी मदद की आवश्यकता है। "सेवा के माध्यम से शांति" में रो ई निदेशक सी भास्कर ने पूर्व कनाडियाई प्रधानमंत्री और नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्तकर्ता रोटेरियन एल बी पियरसन के कथन का उल्लेख किया जिन्होंने कहा था, दुनिया में शांति कैसे स्थापित हो सकती है जब लोग एक-दूसरे को जानते ही ना हो और ना कभी मिले हो? उन्होंने आगे कहा कि सामुदायिक

आपके पत्र

कार्यों में रोटरी की सहभागिता दुनिया को नज़दीक लाती है और इसे रोटरी संस्थान के अच्छे समर्थन के साथ, रोटरी, रोटरेक्ट क्लबों और मंडलों के वैश्विक तंत्र के माध्यम से एक बेहतर जगह बनाने में मदद करती है।

नवीन आर गर्ग

रोटरी क्लब सुनाम - रो ई मंडल 3090

रविशंकर रोटेरियनों को देने के लिए प्रेरित करते है

लेख मदुरई में *इडली का आनंद उठाएं...* में रोटेरियन रविशंकर कहते है, यदि आप अपनी आवश्यकता से अधिक धन रखते है, तो यह अहंकार में बदल जाता है। मैं उनके इस विचार से पूर्णतः सहमत हूँ। मैं एक निजी दौरे पर बेंगलुरु गया था और रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के अध्यक्ष से मिलने की पूरी कोशिश की थी। टीआरएफ में उनका योगदान बहुमूल्य और प्रशंसनीय है। पिछले वर्ष, हमारा क्लब PHF क्लब में अपग्रेड हो गया है और अच्छे रोटेरियनों की वजह से, हम अच्छी तरक्की कर रहे है। रोटरी न्यूज़ में प्रकाशित सभी लेख और कहानियाँ बहुत बढ़िया है और उनकी सराहना की जानी चाहिए। बधाइयाँ।

ए ईश्वरमूर्ती

रोटरी क्लब तिरुनेलवेली वेस्ट - रोई मंडल 3212

बालिकाओं को शिक्षित करके हम महिलाओं को सशक्त बना रहे है और इस तरह समाज की अनेक बुराइयों का इलाज करते हुए एक स्वस्थ समाज का मार्ग प्रशस्त कर रहे है। चाहे हम *नक्शी* की बात करें या *धोंडा* की, ये सभी सदियों पुरानी परंपराओं को भारत में उन रोटेरियनों को ही खत्म करना होगा जो एक बेहतर समाज के निर्माण के कठिन कार्य में शामिल है।

फरवरी अंक में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के हँसते-मुस्कुराते, खुशहाल बच्चों की सुन्दर तस्वीरें हमें यह मानने के लिए उत्तेजित करती है कि दूरदर्शी व्यक्ति चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा कर सकते है और दुनिया को दिखा सकते है कि रोटरी अपनी मानवीय सेवा से निरक्षरता में कमी ला सकती है और सामाजिक संरचना को मजबूत कर सकती है।

इस प्रकार से, कई रविशंकर नवीकृत उत्साह और जोश के साथ मानवता के लिए अपने उपक्रमों के साथ आगे बढ़ने के लिए रोटेरियनों को प्रेरित करेंगे। रविशंकर द्वारा उदाहरण स्थापित करने के बाद, रोटरी जगत, विशेषरूप से भारत में, दिलचस्पी बढ़ी है। आपने हमारे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के वंचित लोगों के लिए उपलब्ध मुस्कुराहटों, उम्मीदों, उत्साह और संभावनाओं को कुछ तस्वीरों में कैद किया है जो सम्पादकीय को पूरा करती है। कवर स्टोरी अच्छी तरह से संरचित लेख है जो देश के रोटेरियनों के उत्साह को बढ़ाएगा। हमें सफलता की ऐसी कहानियों की वास्तव में आवश्यकता है।

अरुण कुमार दाश

रोटरी क्लब बरीपदा - रो ई मंडल 3262

रोटरी अस्पताल वापी के लिए एक वरदान

यह मानना मुश्किल है कि 1980 में रोटरी क्लब वापी द्वारा शुरू किया गया यह अस्पताल, जो रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा है, बाल हृदय सर्जरियां करता है। इसके हृदय सर्जन डॉ. कल्पेश मलिक की सेवा उल्लेखनीय है। एक चार वर्षीय बालक, जिसके हृदय में केवल दो ही चैम्बर थे, की चुनौतीपूर्ण सर्जरी करने के लिए हमें उन्हें और उनके दल को बधाई देनी चाहिए, और बालक अब स्वस्थ और खुश है।

यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि इस ट्रस्ट के अध्यक्ष, PRIP कल्याण बेनर्जी व्यक्तिगत रूप से ध्यान रखते है कि यह अस्पताल साफ़-सुथरा और स्वास्थ्यकर रहे। रोटरी क्लब वापी को सलाम।

एन जगथीसन

रोटरी क्लब एलुरु - रो ई मंडल 3020

मार्च अंक को पढ़कर मुझे बहुत खुश हुई जिसमें एक बढ़िया कवर चित्र और प्रेरणादायक लेख है जैसे कि *मुश्किल हालात में शांति की बात करना आसान नहीं है (संपादक का लेख); रोटरी के लिए रोटरेक्टरों को प्रेरित करें (रो ई अध्यक्ष का सन्देश);* जयश्री द्वारा लिखित *मलोनी चेन्नई के रोटेरियनों से संबंध जोड़ते है;* रशीदा द्वारा लिखित *वापी में रोटरी अस्पताल;* रॉन बर्टन द्वारा लिखित *रोटरी अक्षय निधि एक वादा आने वाले कल के लिए;* और *दान देना और भलाई करना एक अनुवांशिक बाध्यता।* एस्थर हेल्थकेयर ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. आज़ाद मूपेन को प्रतिवर्ष चैरिटी के लिए ₹50 करोड़ खर्च करने के लिए मेरी तरफ से बधाई।

डेनियल चित्तीलाप्पिल्ली

रोटरी क्लब कलूर - रो ई मंडल 3201

अनुकरणीय परियोजनाएं

मेमोग्राफी, साक्षरता, स्वच्छता और स्वास्थ्य विज्ञान की महत्ता के बारे में आदिवासियों को शिक्षित करने, रोटरेक्ट और इंटरेक्ट क्लबों का प्रायोजन करने, अनेक सेवाओं के साथ कुंभ मेले के दौरान तीर्थयात्रियों तक पहुँचने के अलावा, उन्हें सड़क के संकेतों का अनुपालन करना सिखाने और यातायात के प्रवाह को नियंत्रित करने, जैसी शानदार परियोजनाएं करने के लिए मैं मेरे क्लब की तरफ से, रोटरी क्लब नासिक ग्रेपसिटी, रो ई मंडल 3030 को बधाई देता हूँ।

इन परियोजनाओं में उनके योगदानों के लिए चार्टर अध्यक्ष नरेश शाह, रोटेरियन आशा वेणुगोपाल, मंडल पीडीजी दत्तात्रेय देशमुख, डीजीई राजेन्द्र भामरे और डीजीएनडी रमेश मेहर को मेरा विशेष धन्यवाद।

चेरुकुरी सांतराम

रोटरी क्लब नासिक समार्ट सिटी - रो ई मंडल 3030

जिस तरह से *रोटरी न्यूज़* प्रकाशन के इस नए युग में स्वयं में नयापन ला रही है, उसके लिए आपको और आपके संपादकीय दल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। आपकी पत्रिका को पढ़ने के लिए मैं उतना ही उत्सुक हूँ जितना दूसरे इसे पढ़ने के लिए रहते है।

साजनन के नाम्बियार,

रोटरी क्लब वापी रिवरसाइड - रो ई मंडल 3060

अपने विचार संपादक को भेजें: rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com **पर ई-मेल करें।**

Click on Rotary News Plus in our website www.rotarynewsonline.org to read about more Rotary projects.

Governors Council

RI Dist 2981	DG	S Piraiyon
RI Dist 2982	DG	Nirmal Prakash A
RI Dist 3000	DG	RVN Kannan
RI Dist 3011	DG	Vinay Bhatia
RI Dist 3012	DG	Subhash Jain
RI Dist 3020	DG	Guddati Viswanadh
RI Dist 3030	DG	Rajiv Sharma
RI Dist 3040	DG	Gustad Anklesaria
RI Dist 3053	DG	Priyesh Bhandari
RI Dist 3054	DG	Neeraj Sogani
RI Dist 3060	DG	Pinky Patel
RI Dist 3070	DG	Barjesh Singhal
RI Dist 3080	DG	Praveen Chander Goyal
RI Dist 3090	DG	Dr Vishwa Bandhu Dixit
RI Dist 3100	DG	Deepak Jain
RI Dist 3110	DG	Arun Kumar Jain
RI Dist 3120	DG	Stuti Agrawal
RI Dist 3131	DG	Dr Shailesh Palekar
RI Dist 3132	DG	Vishnu S Mondhe
RI Dist 3141	DG	Shashi Sharma
RI Dist 3142	DG	Dr Ashes Ganguly
RI Dist 3150	DG	Ramesh Vangala
RI Dist 3160	DG	Konidala Muni Girish
RI Dist 3170	DG	Ravikiran Janradan Kulkarni
RI Dist 3181	DG	Rohinath P
RI Dist 3182	DG	Abhinandan A Shetty
RI Dist 3190	DG	Suresh Hari S
RI Dist 3201	DG	A Venkatachalapathy
RI Dist 3202	DG	Dr E K Ummer
RI Dist 3211	DG	E K Luke
RI Dist 3212	DG	K Raja Gopalan
RI Dist 3231	DG	C R Chandra Bob
RI Dist 3232	DG	Babu Peram
RI Dist 3240	DG	Dr Sayantan Gupta
RI Dist 3250	DG	Kumar Prasad Sinha
RI Dist 3261	DG	Nikhilesh M Trivedi
RI Dist 3262	DG	Bhabani Prasad Chowdhury
RI Dist 3291	DG	Mukul Sinha

Board of Permanent Trustees & Executive Committee

PRIP	Rajendra K Saboo	RI Dist 3080
PRIP	Kalyan Banerjee	RI Dist 3060
RIPN	Sushil Gupta	RI Dist 3011
PRID	Sudarshan Agarwal	RI Dist 3011
PRID	Panduranga Setty	RI Dist 3190
PRID	Ashok Mahajan	RI Dist 3141
PRID	Yash Pal Das	RI Dist 3080
PRID	Shekhar Mehta	RI Dist 3291
PRID	P T Prabhakar	RI Dist 3232
PRID	Dr Manoj D Desai	RI Dist 3060
RID	C Basker	RI Dist 3000
TRF Trustee	Gulam A Vahanvaty	RI Dist 3141
RIDE	Dr Bharat Pandya	RI Dist 3141
RIDE	Kamal Sanghvi	RI Dist 3250

Executive Committee Members (2018–19)

DG Rajiv Sharma — RI Dist 3030
Chair – Governors Council

DG Pinky Patel — RI Dist 3060
Secretary – Governors Council

DG Subhash Jain — RI Dist 3012
Secretary – Executive Committee

DG A Venkatachalapathy — RI Dist 3201
Treasurer – Executive Committee

DG Shashi Sharma — RI Dist 3141
Member – Advisory Committee

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

Editor
Rasheeda Bhagat

Senior Assistant Editor
Jaishree Padmanabhan

Send all correspondence and subscriptions to

ROTARY NEWS TRUST
3rd Floor, Dugar Towers, 34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India. Phone : 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org
Website : www.rotarynewsonline.org

Printed by P T Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by P T Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions – original content – is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced, but with permission from RNT.

संपादक
का संदेश

महिलाओं की प्रशंसा, लेकिन आत्मनिरीक्षण भी ...

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मिली जुली यादें छोड़ गया है। दिल छू लेने वाला था यह कथन: ''एक कटे हुए पैर के साथ मैंने एवरेस्ट पर चढ़ाई नहीं की। यह सब मैंने अपने दिल और दिमाग से किया,'' अरुणिमा सिन्हा ने कहा, ऐसा करने वाली पहली भारतीय विकलांग महिला बनने पर। संदेश बिलकुल स्पष्ट है: अपनी ताकत को पहचानें, न कि कमियों को देखें।

विकसित दुनिया से मिश्रित संकेत मिल रहे थे। ब्रिटेन के बहुत ही प्रभावशाली इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स की नई अध्यक्ष शार्लेट बलायर ने ब्रिटेन की सबसे बड़ी कंपनियों पर महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी का आरोप लगाया और कहा कि जातीय अल्पसंख्यक निदेशकों का कहना है कि इस वर्ग में उचित योग्यता रखने वाले लोग नहीं हैं। ''क्या हम वास्तव में सोचते हैं कि ये मुश्किल है? यह सरासर गलत है। ये कतई मुश्किल नहीं है,'' उनका कहना था।एक वर्ष में FTSE 250 की कम्पनियों के बोर्ड पर महिलाओं का प्रतिशत मामूली सा बढ़ा है - 22.8 से 23.7 प्रतिशत; FTSE 100 कम्पनियोंका प्रदर्शन उतना ही निराशाजनक है, 27.7 से 29 प्रतिशत। इटली में, एक दक्षिणपंथी राजनीतिक समूह के प्रतिनिधि को, स्पष्ट लिंग-भेद रखने वाले पत्र की वजह से महिलाओं के कोप का भाजन बनना पड़ा था, जिसमें लिखा था महिलाओं की ''प्राकृतिक भूमिका'' सिर्फ परिवार और जीवन यापन में सहयोग करना है। इस रूढ़ी वादी और संरक्षित पैम्फलेट में भले ही कुछ गलत नहीं था, अगर बात यहीं थम जाती। लेकिन आगे लिखा था महिलाओं की प्राकृतिक भूमिका को इस से नुकसान पहुंचा है जो आत्मनिर्णय करती हैं, यह पुरुषों के प्रति द्वेषपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देता हैं! जाहिर है, सरकार में तीन महिला मंत्रियों ने सम्मिलित रूप से इस की कड़े शब्दों में भर्तस्ना की है।

लेकिन वास्तव में वो न्यूज़ीलैंड की प्रधान मंत्री जैसिंडा आर्डर्न थी जिन्होंने न्यूज़ीलैंड के क्राइस्टचर्च में दो मस्जिदों पर हुए आतंकी हमले, जहाँ 50 बेक़सूर उपासकों की हत्या कर दी गई, अपनी संवेदनशील पर दृढ़ प्रतिक्रिया से, दुनिया भर में लोगों का दिल जीत लिया। एक ऐसी दुनिया में जहाँ मर्दानगी को ही अच्छे नेतृत्व की पहचान माना जाता है, वह खड़ी हुई और दृढ़ता से बोली: ''हम दया, करुणा, विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं, और ये घर उन लोगों के लिए है जो हमारे मूल्यों का सम्मान करते हैं, और उनको पनाह देते हैं जिन्हें इसकी ज़रुरत है। हो सकता है आपने हमें चुना हो, लेकिन हम आपको पूरी तरह से अस्वीकार और आपकी निंदा करते हैं।'' इस पर, न्यूज़ीलैंड के लोग मुस्लिम समुदाय का समर्थन करने के लिए घरों से बाहर निकल पड़े, और दुनिया भर में सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने उन्हें मेरी हीरो, एक पवित्र आत्मा, गज़ब की नेता जैसे सम्बोधनों से बुलाया।

भारत में, महिलाओं के अधिकारों और उनके साथ अन्याय एक पुरुष-प्रधान समाज में हुआ, जिसमें महिला को सीता, दुर्गा या अन्य देवी के रूप में भव्यता से महिमामंडित किया गया, वहीं उन्हें परेशान, प्रताड़ित किया गया और यहां तक कि दहेज के लिए उन्हें जला दिया गया, जो अचानक आपातकाल के बाद उभर के सामने आया। वो एक काला अध्याय था, जब मानव अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता को कुचल दिया गया था और इन्हें फिर से परिभाषित करने के लिए भारत जब पुनर्जागृत हुआ, महिलाओं के अधिकारों और उनके खिलाफ हुए भेदभाव पर फिर से ध्यान दिया गया। बयालीस साल बाद, हमने प्रगति की है, लेकिन कितनी ये इस पर निर्भर करता है कि आप ग्लास को आधा भरा हुआ देखते हैं या आधा खाली।

महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए, सभी धर्मों और समुदायों में, कानूनी सुधारों पर जोर देने के परिणाम सामने आए हैं। एक मुस्लिम व्यक्ति अब तीन बार तलाक़ कह कर अपनी पत्नी को नहीं छोड़ सकता। सुप्रीम कोर्ट की बदौलत सभी उम्र की महिलाएं अब सबरीमाला मंदिर जा सकती हैं। लेकिन जहां इतनी मेहनत से जीती गई लड़ाइयों का स्वाद मीठा होता है वहीं, हमारे समाज से वंचित वर्ग की महिलाओं के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

खुद रोटरी ने 1987 में महिलाओं की सदस्यता खोलने में काफी देर से शुरुआत की थी और वो भी अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद। हमें गर्व होना चाहिए कि वह एक भारतीय रोटरी क्लब - रोटरी क्लब अहमदाबाद था - जिसने 1950 में इसे प्रस्तावित किया था... हाँ, 1950 में, कि रोटरी क्लब के मानक संविधान से पुरुष शब्द हटा दिया जाए, लेकिन 1950 के डेट्रायट कन्वेंशन में उसे ने इसे खारिज कर दिया था। इसके बावजूद प्रयास जारी रहे और 1977 में, एक अमेरिकी क्लब डिक्टेट ने इसे चुनौती दी और महिला सदस्यों को प्रवेश दे दिया, लेकिन केवल भविष्य में रद्द होने के लिए ! दस साल बाद, अमरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसे पलट दिया गया और आज वरिष्ठ रोइ नेतृत्व के श्रेय के लिए, अधिक महिला सदस्यों को लाने के लिए संगठित प्रयास किया जा रहा है।



रशीदा भगत



माता और शिशु का देखभाल

BE THE INSPIRATION

प्रिय साथी रोटेरियनों,

प्रत्येक दो मिनट में, दुनिया में कहीं ना कहीं, गर्भावस्था एवं प्रसव से संबन्धित रोके जा सकने वाले कारणों से एक महिला की मौत होती है। और जिन शिशुओं की माताओं की उनके जन्म के पहले छह हफ्तों के अंदर मृत्यु हो जाती है उनकी स्वयं की भी उन शिशुओं के मुक़ाबले मौत होने की संभावना अधिक होती है जिनकी माताएँ बच जाती है। चूंकि मैंने एक रोटरी अध्यक्ष के रूप में दुनिया भर की सैर की है, मैं ऐसे परिवारों से मिला हूँ जिनके लिए ये केवल दु:खद आंकड़े भर नहीं है। लेकिन मैं ऐसे लोगों से भी मिला हूँ जो माताओं एवं बच्चों की मदद करने के लिए स्वयं को समर्पित कर रहे है - और उनके कारण ही, मैंने उम्मीद नहीं छोड़ी है। और चूंकि उनमें से बहुत से लोग रोटेरियन है, तो मुझे गर्व भी है। अप्रैल माह रोटरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य माह होता है, इसलिए यह समय आपको रोटेरियनों द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताने के लिए उचित है जिससे आपको भी गर्व महसूस होगा।

पिछले पतझड़ में, मैंने लातविया के जेकबपिल्स नगर के एक अस्पताल का दौरा किया। यह एक आधुनिक अस्पताल है, और यहाँ के चिकित्सक और नर्सें ध्यान रखने वाले, समर्पित, एवं कुशल है। लेकिन उनकी कड़ी मेहनत के बावजूद भी, अस्पताल में मातृ मृत्यु दर बहुत अधिक बनी रही, ऐसे कारक की वजह से जो उनके काबू से बाहर था: आवश्यक नैदानिक उपकरणों एवं इंक्यूबेटर जैसी बुनियादी चीजों का अभाव।

और यहीं पर रोटरी मदद के लिए आगे आई। अस्पताल की जरूरतों की पूर्ति करने हेतु एक वैश्विक अनुदान के लिए दुनियाभर से इक्कीस क्लब एक साथ आए। और सितंबर में, जब मैं वहाँ के प्रसूति वार्ड में गया, मैंने वहाँ अत्याधुनिक उपकरणों को देखा, और मैं उन मरीजों से मिला जिन्हें आवश्यकता अनुसार देखभाल प्राप्त हो रही थी - और जिसे पाने के लिए दुनिया की हर माता एवं शिशु हकदार है।

ब्राज़ील में, क्लब सदस्यों ने जापान के साथी रोटेरियनों के साथ मिलकर एक वैश्विक अनुदान पर काम किया जिसने नाटकीय रूप से एक क्षमता से अधिक उपयोग होने वाली नवजात गहन देखभाल इकाई की क्षमता को बढ़ाया। नए इंक्यूबेटर, मॉनिटर, और अन्य उपकरणों ने स्थानीय अस्पतालों को प्रति वर्ष अधिक शिशुओं के जीवन को बचाने में समर्थ बनाया।

और मंगोलिया में, न्यूज़ीलैंड के एक व्यावसायिक प्रशिक्षक दल ने डॉक्टरों एवं नर्सों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों के दिशा-निर्देशों का आयोजन किया, दाइयों को आधुनिक श्रेष्ठ अभ्यास सिखाने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया, और अनुसंधान करके सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक एक प्रसव शिक्षा नियमावली लिखी। 2013, जब यह दल पहली बार मंगोलिया गया था, और 2017 के बीच, शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जन्म लेने वाले शिशुओं पर 11.2 से गिरकर 9.1 पर आ गई थी, और साथ ही मातृ मृत्यु दर में भी कमी आई है।

जब मैं परिवर्तनकारी सेवाओं की बात करता हूँ तो मेरा मतलब ऐसी ही सेवाओं से होता है, और यहीं रोटेरियन सबसे अच्छा करते है। हमारे तंत्र, जो पूरे विश्व में फैले हुये है; हमारी सामुदायिक मौजूदगी, जिससे हम सर्वाधिक आवश्यक चीजों को देख पाते है; और हमारी विशेषज्ञता, जिसके अंतर्गत अनगिनत कौशल एवं पेशे आते है, इन सबकी वजह से हम ऐसी सेवा दे पाते है जिसकी कोई तुलना नहीं है। और *हम प्रेरणा बन पाते है* क्योंकि हम उन लोगों की मदद करते है जिन्हें हमारी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

बेरी रेसिन
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

रो ई निदेशक
का संदेश



मातृ और नवजात स्वास्थ्य सेवा

प्रिय रोटेरियनों,

सार्वजनिक स्वास्थ्य अग्रसक्रिय है - यह माता और शिशु के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने और संक्रमण एवं बीमारियों से बचाव पर ध्यान केन्द्रित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि विश्व भर में होने वाली मातृ मृत्युओं में से 22 प्रतिशत मौतें भारत में होती है। इसके अतिरिक्त, लाखों गर्भावस्था से संबंधित बीमारियों से ग्रसित है। इस संदर्भ में मैं कुछ जानकारी साझा करना चाहूँगा:

प्रत्येक 12 मिनट में एक महिला की बच्चे के जन्म के दौरान मृत्यु हो जाती है; 1.2 मिलियन बच्चों की अपने प्रथम जन्मदिन से पहले ही मृत्यु हो जाती है। शिशु मृत्यु दर एक बड़ा मुद्दा है। बड़ी संख्या में जन्म सी-सेक्शन द्वारा होते है। भले ही महिलाएं प्रसवपूर्व समय-समय पर जाँच करवाए तो भी, उनमें से लगभग 14 प्रतिशत से 15 प्रतिशत को सीजेरियन सेक्शन की आवश्यकता होती है। लेकिन इसका मतलब प्रतिवर्ष 5.2 मिलियन सी-सेक्शन होंगे जिसके लिए हमें 2 लाख स्त्रीरोग विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। हमारे पास केवल 50,000 है। अधिकतर, सभी तो नहीं, छोटे-बड़े कस्बों और शहरों में रहते है लेकिन 60 प्रतिशत नए जन्म ग्रामीण भारत में होते है। दाई का प्रचलन जो कुछ दशकों पहले काफी आम था अब लगभग विलुप्त हो चुका है।

मातृ और बाल स्वास्थ्य के इस क्षेत्र में, मैं अद्भुत, अभिन्न और प्रेरणात्मक दंपति: डॉ अभय बंग और डॉ रानी बंग का उदाहरण देना चाहूँगा। दम्पति ने उत्तरपूर्वी महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले, राज्य का सबसे पिछड़े जिलों में से एक, के आदिवासी लोगों के स्वास्थ्य, सामाजिक और शैक्षणिक सुधार के लिए स्वयं को निस्वार्थ रूप से समर्पित किया है, जहाँ उन्होंने पाया कि 92 प्रतिशत आदिवासी महिलाओं में स्त्री-रोग विकार है, एक बड़ी संख्या यौन संचारित (STD) रोग की थी। उन्होंने पाया कि गडचिरोली जिले के 58 गाँवों में निमोनिया बच्चों की मृत्यु का प्रमुख कारण है। इस बात को निर्धारित करने के बाद कि भारत में माता और बच्चों को प्रभावित करने वाली मुख्य समस्याएं कुपोषण, संक्रमण और अनियमित प्रजनन है, उन्होंने गर्भावस्था और प्रसव के दौरान माताओं को मिलने वाली स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने की कोशिश की, यह जानकर कि यह मातृ और शिशु मृत्युदर को कम करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

डॉ अभय बंग ने दूर-दराज़ के इलाकों में नवजातों को बचाने के लिए एक अनोखे होम-बेस्ड निओनटल केयर (HBNC) कार्यक्रम तैयार किया। किसी भी गाँव में रहने वाली एक विवाहित महिला को गर्भवती महिलाओं की जाँच करने, उनके स्वास्थ्य का निदान करने, विशेषज्ञ पर्यवेक्षण की संभावित आवश्यकताओं का पता लगाने और माँ और बच्चे को नियमित बुनियादी दवाइयां देने के लिए कठोर प्रशिक्षण दिया जाता है। आरोग्यदूत नामक इस महिला को नवजातों को इंजेक्शन देने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। गडचिरोली के गाँवों में HBNC बेहद सफल रहा जहाँ डॉ बंग के हस्तक्षेपों के कारण मातृ और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है।

हम सभी डॉ बंग की सफलता की कहानी से प्रेरित हुए है और अब समय है कि हम हमारे आसपास के समुदाय में होम बेस्ड निओनटल केयर पर जागरूकता फैलाएँ। सही दिशा में किया गया एक छोटा सा प्रयास हज़ारों माताओं और नवजातों की ज़िंदगियाँ बचा सकता है।

प्रेरणा बनिए और एक स्वस्थ दुनिया से लोगों को जोड़िये।

C. Bhaskar

सी भास्कर

निदेशक, रोटरी इंटरनेशनल

District Wise TRF Contributions as on February 2019

(in US Dollars)

District Number	APF	PolioPlus	Other Restricted	Endowment Fund	Total Contributions	EREY Donors (in numbers)	EREY %
India							
2981	30,750	4,543	0	8,000	43,293	196	4.3
2982	43,548	5,394	0	243	49,185	267	9.3
3000	11,357	1,000	72,766	37,854	122,976	19	0.4
3011	63,915	5,668	26,453	19,930	115,966	113	3.4
3012	65,770	150	290,759	8,800	365,480	100	3.0
3020	14,850	70,398	2,625	5,000	92,873	57	1.5
3030	14,099	0	0	0	14,099	6	0.1
3040	2,519	0	21,851	0	24,370	3	0.1
3053	45,557	0	0	0	45,557	16	0.6
3054	(17,779)	0	116,413	0	98,635	32	0.6
3060	8,000	1,126	145,229	103,565	257,919	589	14.3
3070	81,732	300	2,236	0	84,268	280	9.7
3080	77,058	13,623	15,657	5,000	111,338	60	1.9
3090	32,641	0	0	0	32,641	84	4.2
3100	21,795	475	0	0	22,270	82	4.9
3110	24,920	2,630	33,990	0	61,540	42	1.1
3120	59,103	0	217,897	0	277,001	59	1.9
3131	247,138	20,185	206,297	33,203	506,823	732	14.3
3132	10,202	310	16,059	60,000	86,571	21	0.6
3141	459,028	10,883	805,554	26,286	1,301,751	567	11.3
3142	256,263	75	(438)	0	255,901	499	15.8
3150	71,968	2,360	61,487	313,467	449,281	481	13.9
3160	61,499	1,580	0	8,571	71,651	126	5.2
3170	61,927	2,944	38,331	0	103,202	296	5.6
3181	76,136	938	0	103	77,176	294	9.8
3182	63,838	100	11,367	0	75,305	269	8.6
3190	70,782	4,197	13,680	1,449,359	1,538,018	506	10.6
3201	47,491	9,737	181,015	0	238,244	131	2.5
3202	21,662	27,612	35,563	0	84,837	49	1.0
3211	36,700	2,423	0	1,515	40,638	175	4.0
3212	88,528	6,530	5,250	67,002	167,309	105	2.7
3231	24,222	2,480	4,286	6,528	37,516	223	7.5
3232	109,637	1,119	130,889	1,000	242,646	151	3.5
3240	53,275	421	525	0	54,221	99	3.4
3250	21,151	1,834	11,216	0	34,201	43	1.2
3261	11,718	1,100	(1,492)	2,000	13,327	16	0.6
3262	27,144	1,000	900	5,213	34,257	99	3.0
3291	100,123	0	80,328	51,800	232,251	206	5.7
India Total	**2,500,267**	**203,136**	**2,546,695**	**2,214,437**	**7,464,536**	**7,093**	**5.1**
3220 **Sri Lanka**	72,693	2,725	12,626	7,000	95,044	131	7.3
3271 **Pakistan**	34,444	27,799	2,275	0	64,518	26	1.9
3272 **Pakistan**	19,160	2,141	0	0	21,301	26	0.9
3281 **Bangladesh**	112,847	2,900	48,132	16,506	180,385	185	3.4
3282 **Bangladesh**	48,833	1,410	0	3,000	53,243	126	3.1
3292 **Nepal**	196,277	12,711	95,282	0	304,271	308	7.1
South Asia Total	**2,984,521**	**252,822**	**2,705,010**	**2,240,943**	**8,183,297**	**7,895**	**4.9**
World Total	**73,747,545**	**18,854,105**	**11,785,613**	**17,553,634**	**121,940,897**		

Source: RI South Asia Office

NiveshGuru™
SAMPATTI KI UNATTI

GROW YOUR WEALTH

NiveshGuru, a one-stop solution for all your investment needs.

Nivesh Guru Advisors Private Limited
68-B, Nariman Bhavan, Nariman Point, Mumbai - 400021

+91 22 2288 0808 | info@niveshguru.in | www.niveshguru.in

Rotary PEOPLE OF ACTION

आँगनवाड़ियों का पुनर्निर्माण और कर्नाटक में बच्चों का जीवन परिवर्तन

किरण ज़ेहरा

मैसूरू से 60 किमी दूर, काबिनी आरक्षित वनों से 90 मिनट की ऊबड़-खाबड़ यात्रा करने के बाद, हम कुरुम्बा जनजाति की एक दूरस्थ बसाहट ब्रह्मगिरि हद्दी पहुंचे। छप्परों एवं अस्थायी झोपड़ियों के बीच गाँव की आंगनवाड़ी है, जो अच्छे से रंगी-पुती हुई एक कांक्रीट की इमारत है जिसका द्वार नारियल के खेतों की तरफ है। इसके परिसर की दीवारों से झाँकने पर आप चक्कर लगाते, खेल खेलते और हँसते-मुस्कुराते हुये बच्चों को देख सकते है।

उत्साह और अधिक तब बढ़ जाता है जब रोटरी क्लब मैसूर मिडटाउन मंडल 3181 के रोटेरयन परिसर में दाखिल होते है। बच्चे एवं रोटेरियन दो ताली मिलाते है, और बड़ों को शायद सभी बच्चों के नाम याद है। इस बात से बेखबर कि कौन कक्षा में आ रहा है या जा रहा है, तीन वर्षीय नन्दा अपने गरम दूध के गिलास का मज़ा ले रहा है। वह पूरा दूध पीता है, रोटेरियनों की तरफ देखता है और एक आनंद भरे स्वर में सुप्रभात कहता है।

बमुश्किल छह माह पूर्व, यह आँगनवाड़ी खाली, उजाड़ और जीर्णावस्था में थी। ''छत टपक रही थी और उसके गिरने का डर था, जल प्रदाय बंद था, दरवाजों को दीमक चाट चुकी थी और टूटे हुये फर्श एवं दीवारों पर फफूंद जमी हुई थी, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता,'' या मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ASHA) लक्ष्मी कहती है। आज, महिला एवं बाल विकास विभाग, कर्नाटक सरकार और मण्डल 3181 की सहभागिता के कारण, इस दक्षिणी राज्य के चार राजस्व जिलों में ₹98.02 लाख की भारी-भरकम लागत से ऐसे 517 आँगनवाड़ियों को परिवर्तित किया जा चुका है। रसोईघर एवं शौचालयों में पानी आता है, कमरे अच्छे से रंगे हुये एवं साफ है। प्रत्येक आँगनवाड़ी लगभग 20 बच्चों की देखभाल करती है, लेकिन मरम्मत एवं पानी की सुविधा होने के बाद से, अधिक बच्चे प्रवेश की राह देख रहे है।

ASHA स्पूर्थी नामक यह मंडल परियोजना डीजी रोहिनाथ पाडे के दिमाग की उपज है, और वह इससे बच्चों को पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने, स्कूल जाने के लिए तत्परता सुनिश्चित करने और बच्चों की अच्छी उपस्थिति के लिए समुदाय के साथ जुड़ने की आशा करते है। डीजी पाडे कहते है कि सभी 78 क्लब इस

जहाँ बच्चे सम्मिलित होते है, भावनात्मक अपील और मानसिक संतुष्टि अवर्णनीय होती है।

DG **पी रोहिनाथ**

परियोजना पर केन्द्रित है।'' यह परियोजना रोटरी के छह ध्यानाकर्षण क्षेत्रों में से पाँच क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करती है। क्लबों को एक संवहनीय परियोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है जो उनके ध्यानाकर्षण क्षेत्र के अंतर्गत हो और यह उन्हें एक से अधिक पर ध्यान केन्द्रित करने देता है। जहाँ बच्चे सम्मिलित होते है, भावनात्मक अपील और मानसिक संतुष्टि अवर्णनीय होती है। इसलिए, इस पहल के लिए 78 क्लबों के 3,300 रोटेरियन एक साथ आए है।''

अधिकांश माता-पिता जो अपने बच्चों को आँगनवाड़ी में भेजते है वे या तो दिहाड़ी मजदूरी करते है, जिसमें अधिकांश माताएँ नौकरानियों के रूप में कार्य करती है, और उनके पास उनके बच्चों को छोड़ने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं होती है। पाडे कहते है कि जब उन्होंने 2009 में मैंगलोर में एक आँगनवाड़ी का दौरा किया,

केवल तब ही मानेंगे जब आप मीठा बोलेंगे और जादुई शब्द 'कृपया' का इस्तेमाल करेंगे!''

यह बात को समझाते हुये कि कैसे क्लब इस परियोजना में शामिल हुये वह कहते है, ''उन्होंने यूनिफॉर्म एवं जूते, बुनियादी फर्नीचर, स्टेनलेस स्टील के डब्बे एवं प्लेट देकर शुरुआत की और फिर उन्होंने अधिक करना चाहा। कुछ क्लबों ने कुछ आँगनवाड़ियों को अत्याधुनिक केन्द्रों में परिवर्तित कर दिया है। अन्य क्लब अधिक करना चाहते है पर उनके पास धन की कमी है। लक्ष्य मंडल की आँगनवाड़ियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक रोचक माहौल के साथ अधिक स्वच्छ और अधिक स्वास्थ्यकर बनाने का है।''

पाडे कहते है कि रोटरी क्लब वित्तला जैसे आत्म-निर्भर क्लब, जिनमें 29 सदस्य है, ने 29 आँगनवाड़ियों को गोद लिया है। ''क्लब में हर एक रोटेरियन एक आँगनवाड़ी के साथ काम कर रहा है। इसने एक स्थानीय प्रकाशन को एक आंगनवाड़ी को गोद लेकर उसका नवीनीकरण करने के लिए प्रेरित किया। यह अच्छा करने की ताकत है।'' रोटरी क्लब मैसूर हेरिटेज

उसकी हालत इतनी बदतर थी कि उनकी आँखों मे आँसू आ गए और उन्होंने फैसला किया कि एक रोटरी नेतृत्वकर्ता के रूप में वह आँगनवाड़ी से संबन्धित एक बड़ी सेवा परियोजना करेंगे। दस साल बाद वह अवसर आया जब वह डीजी बने और कर्नाटक सरकार के साथ भागीदारी में यह परियोजना साकार हुई। उनके क्लब ने ₹6 लाख की लागत से मैंगलोर के बोक्कापटना में पहली आदर्श आँगनवाड़ी स्थापित की थी।

उन्होंने परियोजना अध्यक्ष रोटरी क्लब मैसूर साउथ के एचएम हरीश की बढ़िया काम करने के लिए प्रशंसा की। ''वह हर सप्ताह क्लबों में फोन करते है यह जानने के लिए कि क्या क्लब ने अपना वादा पूरा किया है। परियोजना का काम देखने के लिए वह एक हफ्ते में कम से कम 30 केन्द्रों का दौरा करते है।'' सभी 78 क्लबों के साथ समन्वय करना कोई आसान काम नहीं है लेकिन हरीश ने इसे करने की कला को बखूबी सीख लिया है। ''भले ही आपके पास रोटरी में एक अच्छा पद हो, लेकिन रोटेरियन आपकी बात

क्लब में हर एक रोटेरियन एक आँगनवाड़ी के साथ काम कर रहा है। इसने एक स्थानीय प्रकाशन को एक आंगनवाड़ी को गोद लेकर उसका नवीनीकरण करने के लिए प्रेरित किया।

के रोटेरियनों ने एक दो-मंज़िला इमारत का निर्माण किया है जिसमें 80 बच्चे आते है।

साझेदारियों के महत्व पर ज़ोर देते हुये, डीजी कहते है कि ब्रह्मगिरि हद्दी की आँगनवाड़ी मैसूरू के एक गैर-लाभ वाले संगठन स्वामी विवेकानंद यूथ मूवमेंट द्वारा समर्थित है। ''वे ना केवल आँगनवाड़ी गतिविधियों में हिस्सा लेते है बल्कि समुदाय संचालित प्रगति को बरकरार रखने के लिए स्थानीय, अभिनव एवं किफ़ायती समाधानों को विकसित करने में भी मदद करते है।''

क्लबों को एनजीओ और सीएसआर साझेदारी से आँगनवाड़ी के डाटाबेस तक पहुँच, निधीकरण एवं अन्य जानकारी प्राप्त होती है।

उदाहरण के लिए, रोटरी क्लब मैसूर साउथ ईस्ट ने कुक्कराहल्ली आँगनवाड़ी की स्थापना करने के लिए एल एंड टी के साथ साझेदारी की है। सुविधाएं एक निजी शिशु घर जितनी अच्छी है और बच्चों को शुरुआती-पाठन, लेखन, गणित एवं अँग्रेजी सिखाई जाती है। ''उनमें पढ़ने की आदत जगाने के लिए हम उन्हें चित्र वाली किताबें देते है और हर माह माताओं के लिए बैठकों का आयोजन करते है जिन्हें पोषण एवं उनके बच्चों के लिए अन्य आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल जानकारी पर शिक्षित किया जाता है,'' एक आंगनववाड़ी शिक्षिका कलावती कहती है।

चल्लाहल्ली आँगनवाड़ी, मैसूर से 35 कि मी दूर, जिसका पुनर्निर्माण उसी क्लब ने किया था, में मैं हँसते खिलखिलाते बच्चों को खिलौनों के साथ खेलते एवं झूले पर धैर्य के साथ अपनी बारी का इंतज़ार करते

DG पी रोहिनाथ बच्चों के साथ। परियोजना अध्यक्ष एच एम हरीश (बाएं से तीसरे) भी चित्र में शामिल हैं।

वे सोचते है कि रोटरी के पास उनकी सभी समस्याओं का हल है और हम कोशिश कर सकते है। लेकिन अभी, हमारा ध्यान आंगनवाड़ियों को विकसित करने पर है।

एच एम हरीश
परियोजना अध्यक्ष

हुये देखती हूँ। केंद्र में एक वॉटर प्यूरीफायर, कनवर्टिबल पलंग और बच्चों के अनुकूल एक शौचालय है। यह देखकर अजीब लगा कि वहाँ हाथों की धुलाई का कोई स्टेशन नहीं था। क्लब अध्यक्ष विश्वनाथ समझाते है कि पहले वाले हाथों की धुलाई के स्टेशन के चोरी हो जाने के बाद, ''हमने ईंटों एवं सीमेंट का एक बना दिया है। अब वह चोरी नहीं हो सकता!''

भूख एवं कुपोषण से लड़ने की कर्नाटक सरकार की पहल के अंतर्गत अक्टूबर 2017 को मातृ पूर्ण योजना की शुरुआत की गई। ''ग्रामीण इलाकों में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति करने के उद्देश्य के साथ, यह योजना आँगनवाड़ी परिसर में चलती है। 517 आँगनवाड़ियों में से प्रत्येक लगभग 8 माताओं को एक बार का खाना देती है। कविता, एक स्तनपान कराने वाली माँ, उसके गाँव चल्लाहल्ली में एक चालू आँगनवाड़ी के लिए रोटरी को धन्यवाद देती है। ''मेरे भोजन के लिए मुझे

सात किमी चलकर दूसरे गाँव की आंगनवाड़ी में जाना पड़ता था। गाँवों के बीच आना-जाना थका देता था। अब, इस आँगनवाड़ी के सुधर जाने के बाद, मुझे उतनी दूर नहीं जाना पड़ेगा,'' वह कहती है।

साथ ही जब वह गर्भवती हुई, आँगनवाड़ी शिक्षिका ने ''मुझे एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के लिए सही प्रकार के भोजन एवं पोषण पर सही जानकारी दी,'' वह आगे कहती है।

जब रोटरी क्लब कोल्लेगल मिडटाउन के रोटेरियनों ने डीजी को मैसूर से 20 किमी दूर स्थित होंदराबालू आँगनवाड़ी दिखाना चाहा, तो गाँव वालों ने एक साथ आकर रोटरी का धन्यवाद किया। लेकिन वे अधिक चाहते थे! उन्होंने रोटेरियनों से एक बस अड्डा बनाने, अन्य गाँव में एक आँगनवाड़ी की मरम्मत करने, उनके लिए पक्के घरों का निर्माण करने एवं मच्छरों के बढ़ते संकट का समाधान करने का आग्रह किया। हरीश मुस्कुराए: ''वे सोचते है कि रोटरी के पास उनकी सभी समस्याओं का हल है और हम कोशिश कर सकते है। लेकिन अभी, हमारा ध्यान आंगनवाड़ियों को विकसित करने पर है।''

करिननजनपुरा गाँव में, एक भावुक आँगनवाड़ी शिक्षिका शारदा ने कहा ''बंद पड़ी आँगनवाड़ी के बारे में कुछ ना कर पाने की बेबसी से लेकर अब 60 बच्चों को खिलाने एवं पढ़ाने तक, हम रोटरी क्लब चमराजनगर के रोटेरियनों द्वारा किए गए कार्यों का पर्याप्त धन्यवाद नहीं कर सकते। आपके कारण ये बच्चे अच्छा खाएँगे और स्वस्थ्य जीवन जिएंगे।''

चित्र: किरण ज़ेहरा

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

अधिकतम योगदान

अब हम रोटरी वर्ष की अंतिम तिमाही में प्रवेश करने जा रहे हैं, हमारे विचार एक मजबूत समापन सुनिश्चित करने पर केंद्रित हो गया हैं। मुझे आशा है कि आपका लक्ष्य वर्ष की शुरुआत में अपने क्लब को मजबूत बनाना रहा है। सभी क्लब अपना अधिकतम योगदान देने के लिए सदस्यों पर निर्भर रहते हैं इसलिए क्लब सिर्फ अपना अस्तित्व ही नहीं बनाएं रहता है, बल्कि विकसित भी होता है।

लेकिन ऐसा हो, इसके लिए प्रत्येक सदस्य को उस सफलता में वर्ष के प्रत्येक दिन योगदान देना चाहिए। यह अत्यंत आवश्यक है कि हम संभावित नए सदस्यों की पहचान करें और उन्हें शामिल करें, और हम पूर्ववर्ती सदस्यों से मिले और उन्हें फिर से संस्था के जुड़ने ले लिए आमंत्रित करें। इन सबसे ऊपर, चाहे वे नए सदस्य हों या वापस आने वाले पुराने सदस्य, हमें उन्हें अपने क्लब का मजबूत सदस्य बनाने के लिए परामर्श देना चाहिए। हमें अपनी आस्तीनें मोड़नी चाहिए और क्लब की परियोजनाओं, मंडल की परियोजनाओं, और वैश्विक परियोजनाओं पर कार्य करना चाहिए, क्योंकि आपके क्लब के अन्य सदस्यों के साथ काम करने से अधिक मित्रता का निर्माण में कुछ भी योगदान नहीं देता है।

इसके साथ ही, हमें रोटरी फाउंडेशन के साथ भी सहयोग करना चाहिए। दुनिया में बेहतर काम करना इतना आसान नहीं होता है। परियोजनाओं को पूरा करने के लिए लोगों को जोड़ने के अतिरिक्त, हमारे पास उन परियोजनाओं को व्यवहार्य बनाने के लिए धन भी होना चाहिए। यही हम सभी के योगदान की जरूरत होती है। हम, हमारे साथी और हमारे लाभार्थी उन निधियों के स्रोत हैं। मुझे आशा है कि प्रत्येक सदस्य हमारे फाउंडेशन को अपना पसंदीदा दानसंस्था बनाएगा ताकि हम जीवन को बदल सकें और संसार को एक बेहतर स्थान बना सकें। महीने में सिर्फ दो ''लैटेस'' के माध्यम से कोई भी फाउंडेशन में 100 डॉलर प्रति वर्ष योगदान कर सकता है। हमारे कल्याणकारी फाउंडेशन में देने के लिए यह एक छोटी राशि है।

और हमारे फाउंडेशन में दान देना पहले कभी इतना आसान नहीं रहा। आप कभी भी अपना योगदान सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से *rotary.org/donate* पर जमा कर सकते हैं। मैं इस महीने ऑनलाइन जाने और एक और योगदान करने की योजना बना रहा हूँ। मैं आप सभी को ऐसा ही करने की चुनौती देता हूँ।

रॉन डी बर्टन
फाउंडेशन न्यासी अध्यक्ष

शुरूआती सत्र

हैंक सार्टिन

प्रति वर्ष, रोटरी अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है - ताकि मैत्री के घर में पुराने दोस्तों के साथ मिल सके, जिससे कि मेजबान आतिथ्य कार्यक्रमों में स्थानीय रोटेरियन से मुलाकात हो सके, और सामान्य सत्रों में वक्ताओं के प्रेरक विचारों को सुन सके। इस बीच, आपके साथी रोटेरियन क्या कर रहे हैं और नए विचारों को इकठ्ठा करने के लिए शुरू आती सत्र एक शानदार तरीका है। जब आप 1-5 जून 2019 के सम्मेलन में भाग लेने के लिए हैम्बर्ग में होंगे, तो आप परियोजना को शुरू करने में मदद करने के लिए लेगो सीरियस प्ले का उपयोग करने से लेकर अचेत पूर्वाग्रहों से लड़ने के विषयों पर परिचर्चात्मक सत्र में भाग ले सकते हैं।

अन्य शुरू आती सत्र नेतृत्व कौशल के विकास के लिए समर्पित होंगे (''नवीनताओं कोई संयोग नहीं है: यह सोच की डिजाइन है''), नए सदस्यों की भर्ती (''सदस्यता विकास रणनीति: रोटरी में रोटेरेक्टरों''), और वर्तमान सदस्यों को बनाएं रखना (''अवधारण: अपने क्लब का विकास और सदस्यों को जोड़ना'')। आपको अगली पीढ़ी के रोटरी के नेताओं: रोटेरेक्टरों, इंटेरेक्टर्स, यूथ एक्सचेंज के छात्रों और अन्य पूर्व-छात्रों के विचारों को सुनने का अवसर मिलेगा।

अनेक शुरूआती सत्र आपको अपने स्थानीय समाचार आउटलेट्स में, सोशल मीडिया पर - और इस पत्रिका में अपने क्लब की उपलब्धियों को सार्वजनिक करने में मदद करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे।

2019 (जून 1-5) के हैम्बर्ग रोटरी सम्मेलन के लिए *www.riconvention.org* पर पंजीयन करें।

© The Rotarian

Organisation Development Consultants

WE ADD VALUE TO YOUR EFFORTS
Estd. 22-02-2002

Hyderabad

Visit us at : www.odchyd.com

Mr P Seshadri
Management Consultant

Introduces New Services for Micro, Small & Medium Level Enterprises & Start up's on

ORGANISATION DEVELOPMENT

- Building Sustainable Organisations

Services could be availed as per need and maturity of the organisation

BASIC Package
(3 Months)

Professional Fees : Rs 2 Lakhs

Streamlining Systems / Processes in the organisation to meet business requirements

Organisation Development Plan to be provided for one year w.r.t the following aspects based on assessments

- Customer Focus
- Leadership
- Engagement of People
- Process Approach
- Improvements
- Evidence based Decision Making
- Relationship Management

SUPREME Package
(6 Months)

Professional Fees : Rs 5 Lakhs
(Includes BASIC Package Services)

Business Excellence Assessments w.r.t

- Leadership
- Strategy Development & Deployment
- People Management
- Resources & Infrastructure Management
- Process Management
- Customers Results
- People Results
- Social Results
- Business Results

Formulating Blue Print for Change Management within the organisation for one year and training assistance in initiating implementation of changes

PREMIUM Package
(12 Months)

Professional Fees : Rs 9 Lakhs
(Includes BASIC & SUPREME Package Services)

Establishing Integrated Management Systems (based on best practices) with 100+ Key Performance Indicators with focus on organisations :

- Economic Performance
- Environmental Performance
- Social Performance

Preparation of Business Sustainability Report which is useful for accessing finance , global work contracts and improving sustainability initiatives of the organisation.

Professional Profile of Mr. P Seshadri

A qualified Production & Industrial engineer with management specialisation in Industrial Management from Nagpur University has industrial and consulting experience of more than 28 years in the domains of HRD, TQM and OD with Corporates, MSME's and Start-up's.

Practicing as Management Consultant since 2002, he has evolved his core competencies in three areas which include – Developing Management Systems, Facilitating Business Excellence Practices and Establishing Sustainability Reports for Industries and Institutions.

Active with professional / industrial bodies and social organisations, he has held leadership positions in several of such organisation like QCFI, NIPM, ISTD, IMCI, HDCF, FAPCCI, CII, BNI and Rotary International. His current passion as qualified faculty from Rotary Leadership Institute is strengthening Rotary Movement using several initiatives in Clubs, Communities and Corporates.

Contact:

98490 82520

pseshadri29@gmail.com

रोटरी को एक अस्थिर संगठन न बनाएं

रशीदा भगत

केरल के वायनाड में रोई मंडल 3202 के सम्मेलन, *क़्लब* को संबोधित करते हुए, RIDE भारत पांड्या ने कहा, ''रोटरी में सबसे अच्छी बात यह थी कि अधिकांश नेतृत्व पद एक वर्ष तक ही सीमित थे और ठीक भी है। लेकिन यह नकारात्मक भी हो सकता है, क्योंकि हर नया नेता नई पहल के साथ शुरू करना चाहता है और हम अपने पूर्ववर्ती नेता द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को जारी रखना भूल जाते हैं और इससे यूं लगता है कि रोटरी एक अस्थिर संगठन है। यदि हर कोई रोटरी को एक अलग दिशा में ले जाने लगे... यहां मौजूद (के आर) रविंद्रन और अन्य पूर्व अध्यक्षों को पूरे आदर के साथ मैं ये कहना चाहूँगा, कि पिछले 10-15 वर्षों में प्रत्येक अध्यक्ष ने अलग-अलग क्षेत्र को महत्व दिया है, तो हमें इस मुद्दे को संबोधित करने की आवश्यकता है।''

नेतृत्व पद के लिए अपर्याप्त तैयारी और खराब योजना एक अन्य कमी थी। ''क्लब अध्यक्ष से लेकर रो ई अध्यक्ष तक नेतृत्व की 11 परतें हैं। जब इन परतों के माध्यम से असंगत सम्प्रेषण होता है, तो समस्याएं वहां उत्पन्न होती हैं। और फिर अहंकार का सवाल भी है ... मैं अध्यक्ष, सहायक गवर्नर, सचिव हूं, उन्होंने मुझे मंच पर नहीं बैठाया, मुझे उचित महत्व नहीं दिया गया। यही अहंकार हमें हमारी क्षमता अनुरूप हासिल करने से अवरुद्ध करता है, और जब तक हम इसे ख़त्म नहीं करते, कभी भी ऊपर नहीं पहुँच पाएंगे।

''जो काम बढ़िया चल रहे हैं, उन्हें जारी रखें; और जो काम ठीक से नहीं चल रहे उसे रोक दें और नए और सार्थक प्रयास शुरू करें। रोटरी के लिए बड़ा सोचने और बड़े सपने देखने का वक़्त आ गया है,'' उन्होंने कहा।

पंड्या ने उनके अनुभवी साथी की प्रशंसा करते हुए कहा, ''DG ई के उमर - मंडल अध्यक्ष के रूप में बहुत ही शानदार काम कर रहे हैं,'' उन्होंने कहा कि उन्हें 'टच द टॉप' विषय पर बोलने के लिए कहा गया था; ''अगर आप सूर्य को अस्त होते हुए देख कर भी मुस्कुरा सकते हैं, तो इसका मतलब है, उम्मीद कायम है। यदि किसी बच्चे की मुस्कराहट आपका दिल खुश कर सकती है, इंद्रधनुष देख कर आप ठिठक

रो ई मंडल 3202 के DG ई के उमर अपने मंडल सम्मेलन में रो ई निदेशक सी भास्कर को सम्मानित करते हुए। माला भास्कर और सम्मेलन अध्यक्ष बिजोश मेनुअल (दाएं) चित्र में मौजूद हैं।

जाते हैं और उसके अद्भुत रंगों को देख आश्चर्यचकित हो जाते हैं; अगर दूसरों की पीड़ा आपको दर्द से भर सकती है और आप मदद के लिए हाथ बढ़ा देते हैं, तो उम्मीद अभी भी बाकी है।

रोटरी आशा, अवसर देती है

रोटरी की व्याख्या दो सबसे अच्छे शब्दों में की जा सकती है 'आशा और अवसर'; एक बेहतर दुनिया की उम्मीद और उस उम्मीद को पूरा करने का अवसर रोटरी प्रदान करती है। पिछली सदियों और दशकों में हमारी दुनिया में काफी विकास हुआ ; 1800 के मध्य में दुनिया की आबादी का एक बड़ा प्रतिशत गरीबी की दयनीय अवस्था में जी रहा था। । पिछले 150-175 वर्षों में जबरदस्त उपलब्धियां हासिल हुईं हैं,जिसका श्रेय जाता है औद्योगिक और कृषि क्रांतियों को, बावजूद इसके कि पिछले 150 वर्षों के दौरान दुनिया की आबादी कई गुना बढ़ गई है।

विश्व बैंक के अनुमानों का हवाला देते हुए पंड्या ने कहा कि 1981 में दुनिया की 44 प्रतिशत आबादी गरीबी में जी रही थी। 2015 आते आते यह आंकड़ा घटकर 10 फीसदी से कम रह गया । भारत सरकार के आकलन के अनुसार 1991 में 45 प्रतिशत भारतीय जनता गरीबी रेखा से नीचे रह रही थी; 2013 तक यह संख्या घटकर 20-22 प्रतिशत रह गई। आज भारत की गिनती दुनिया के 10 सबसे धनी देशों में होती है और जहाँ तक भारतवासियों की कुल व्यक्तिगत संपत्ति का सवाल है; कुल मिलाकर इस भारी भरकम राशि का आंकड़ा 5,200 बिलियन था ।

हमारी ज़िन्दगी हमारे पूर्वजों की ज़िन्दगी से कहीं बेहतर है, लेकिन आज भी, उचित सफ़ाई व्यवस्था, स्वच्छता और पानी तक एक अरब लोगों की पहुंच नहीं है; एक अरब अनपढ़ हैं और करोड़ों भूखे पेट सोते हैं, जिसमें से अधिकांश हमारे यहां हैं। 1,000 में से 45 नवजात शिशुओं की मृत्यु 5 साल की उम्र से पहले हो जाती है; जबरदस्त प्रगति के लिए ''हम खुद की पीठ थपथपा सकते हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।''

आगामी निदेशक ने कहा कि रोटरी की ख़ूबसूरती भी अलग अलग दृष्टिकोण से व्यक्त की जा सकती है यह ठीक उसी प्रकार है जैसे मुंबई के ऐतिहासिक स्मारक में लगी कांच की खिड़कियों पर पड़े धब्बों की बजाय राजाभाई टावर्स को जब सही दृष्टिकोण से देखा जाए तो वो अपने पूरे वैभव और महिमा के साथ खड़ा नज़र आता है। ''हम में से कुछ के लिए, रोटरी की ख़ूबसूरती दोस्ती और संगति में निहित है; कुछ को रोटरी पिन पहनने में गर्व और प्रतिष्ठा महसूस होती है, कुछ के लिए रोटरी खुद को विकसित करने का अवसर है और हम में से अधिकांश के लिए यह एक मददगार हाथ आगे बढ़ाने का अवसर है।''

रोटरी मानवता की महान सेवा कर रही है; जैसे केरल के रोटेरियन बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचते हैं, 1,000 से अधिक स्कूलों में थळपड परियोजना करते हैं। और श्रीलंका में उन लोगों ने जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों की मदद के लिए मानव हृदय वाल्व का एक बैंक बनाया था। ''और हम सभी जानते हैं कि हम पोलियो उन्मूलन के कितने नज़दीक हैं।''

लेकिन इसके साथ ही रोटरी अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आज एक चौराहे पर खड़ी है। ''नई रणनीति की योजना हमें नई और उन्नत दिशा की ओर ले जाने वाली है। टीआरएफ अनुदान रोटेरियन को बड़ी और अधिक प्रभावशाली परियोजनाएं करने के अवसर दे रहा है। पर अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसीलिए मैं कहता हूं कि 'मुड़ के मत देखो, हमें शीर्ष पर पहुंचना है'। हमें उन कारण की पहचान करनी होगी जो हमें रोके हुए हैं और शीर्ष को वास्तव में छूने के लिए, सुधार के लिये कदम उठाने हैं।''

आत्मनिरीक्षण पर अपने विचार प्रकट करते हुए पंड्या ने कहा कि रोटरी की प्रगति में बाधक बने कारणों में से एक है परिवर्तन का विरोध था। ''मेरा क्लब ऐसा ही रहेगा, हमारी परंपरा यही है, हम अपने क्लब में महिलाओं या युवा सदस्यों को नहीं लाना चाहते।''

नज़रिये में बदलाव, नकारात्मकता को उतार फेंकना और सकारात्मक तथा आशावादी दृष्टिकोण अपनाने से रोटरी को आगे बढ़ने में वास्तव में मदद मिलेगी।

अपने संबोधन में, रो इ निदेशक सी भास्कर ने ''बाढ़ प्रभावित तीन रोटरी मंडलों में रोटरियनों को बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए तुरंत पहुँचने बधाई दी सही समय पर भोजन व दवाइयां दे कर, जीवन बचाने और आश्रयों का निर्माण कर, उनकी उम्मीदों को पूरा करने के लिए।''

इससे पहले दिन में, उन्होंने एस्टर हेल्थकेयर समूह के साथ साझेदारी में जरूरतमंदों को कम लागत वाले दो शेल्टर भेंट करने के कार्यक्रम में भाग लिया था। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया था। उन्होंने कहा, ''लाभार्थियों की आंखों में खुशी और आशा की चमक देखने के लिए आपको वहां होना चाहिए था। इस पायलट प्रोजेक्ट में, 2 करोड़ रुपये की लागत से, पूरे केरल में 75 घर बनाए जा रहे हैं। और अन्ततः टीआरएफ के समर्थन और एस्टर समूह

> पोलैंड में अपने एक क्लब के लिए एक सामाजिक रसोईघर स्थापित करने के लिए एक साथी की तलाश कर रहा था। भारतीयों की सच्ची भावना के तहत, मंडल 3000 समान राशि के साथ वो आगे आये – पोलैंड में गरीबों के लिए एक रसोईघर।
>
> रो ई निदेशक **सी भास्कर**

बाएं से : *PDG गण टी जॉर्ज सुंदरराज, पोलैंड से बारबरा पावलिज़, PDG रेखा शेट्टी, प्रिसिल्ला सुंदरराज, कमरून्निसा, DG ई के उमर, DGN हरिकृष्णन नंबियार और पोलैंड से जेरी जगोडा।*

के साथ साझेदारी में इस वर्ष के अंत से पहले 500 घरों का निर्माण करने की योजना है।

एक क्रियाशील मंडल

भास्कर ने कहा कि हमारी जनता की जरूरतें बढ़ रही थीं और इसी वजह से हम से उम्मीदें भी बढ़ रही हैं, ''और ऐसे समय में रोटरी जैसे एनजीओ की महत्ता बढ़ जाती है। एक क्रियाशील मंडल के रूप में, मानवतावादी, साक्षरता या WinS चाहे या वो कोई भी कार्यक्रम हो, जरूरत पड़ने पर आपने उदारता दिखाने में अन्य मंडलों को हमेशा पीछे छोड़ दिया है और डीजी उमेर ने इस सम्मेलन को आज वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बना दिया है।''

हम में से कुछ के लिए, रोटरी की ख़ूबसूरती दोस्ती और संगति में निहित है; कुछ को रोटरी पिन पहनने में गर्व और प्रतिष्ठा महसूस होती है, कुछ के लिए रोटरी खुद को विकसित करने का अवसर है और हम में से अधिकांश के लिए यह एक मददगार हाथ आगे बढ़ाने का अवसर है।

RIDE **भरत पांड्या**

और यह उन्होंने मध्यपूर्व देश से एक संगीत बैंड बुला कर और पोलैंड, ब्राजील और मैक्सिको से प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर किया था।

रोटरी का अंतर्राष्ट्रीय सार बताते हुए, रो ई निदेशक ने स्मरण किया कि केरल और कर्नाटक में बाढ़ के बाद जब उन्हें तीन प्रभावित रोटरी मण्डल के अध्यक्षों से, नष्ट हुए घरों के पुनर्निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर, एक अपील मिली, तो ''मैंने रो ई बोर्ड में अपने सहयोगियों से उनके क्लबों और मंडलों से सहायता की अपील भेजी। एक दिन मुझे एक ईमेल मिला जो अंग्रेजी में नहीं था और मैं इसे पढ़ नहीं पा रहा था। लेकिन वो मेल मैंने जर्मनी, ब्राजील, पोलैंड और इटली के सभी सहयोगियों को भेजकर पूछा कि यह दुनिया के किस कोने से आया है।''

कुछ ही घंटों में उन्हें उनके सहयोगी पोलैंड के रो ई निदेशक, पियोत्र व्यन्जुक से जवाब मिला, पोलैंड के एक क्लब ने जवाब दिया था कि केरल में घरों के पुनर्निर्माण के लिए एक वैश्विक अनुदान परियोजना के तहत यह 5,000 डॉलर का भुगतान कर रहा है। ''यहाँ मौजूद पोलैंड के प्रतिनिधियों के माध्यम से, हम उन्हें केरल में अपने भाइयों और बहनों की मदद करने के लिए धन्यवाद देते हैं।''

जल्द ही, ''सैन डिएगो में जब मैं पियोत्र के साथ डिनर कर रहा था, उसने बताया कि वह पोलैंड में अपने एक क्लब के लिए एक सामाजिक रसोईघर स्थापित करने के लिए एक साथी की तलाश कर रहा था। भारतीयों की सच्ची भावना के तहत, जो हमें प्राप्त होने वाली सहायता के परस्पर प्रतिदान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, मैंने इस मामले को अपने मडल 3000 में उठाया और बड़ी सहजता से उस परियोजना का समर्थन करने के लिए समान राशि के साथ वो आगे आये – पोलैंड में गरीबों के लिए एक रसोईघर। यही रोटरी की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति और सच्ची भावना है।''

भास्कर ने कहा कि आज प्रति व्यक्ति आय ₹120,000 और पर्याप्त विदेशी भंडार के साथ, IT में नंबर 1 और स्टील उत्पादन में नंबर 2, ऑटो उत्पादन में नंबर 3 और दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाला भारत आज देने की स्थिति में है। और TRF में एक लेने वाले राष्ट्र से एक देने वाले राष्ट्र के रूप में उभरा था; टीआरएफ में लगातार दूसरे साल

PDG गण ई के सगादेवन, सुनील ज़कारिया, RIDE भरत पांड्या, PRIP के आर रवीन्द्रन, वानती, संगीता, RIPR विनोद बंसाल, PDG गण रेखा शेट्टी और पी एम शिवशंकरन।

नंबर 2 की स्थिति बनाए रखना। ''इससे पता चलता है कि भारत में और भारत के भीतर रोटरी में कितना परिवर्तन हुआ है।''

सदस्यों को महत्व देने पर

सम्मेलन में रो इ अध्यक्ष के प्रतिनिधि पीडीजी विनोद बंसल ने कहा कि रो इ अध्यक्ष बेरी रेसीन चाहते हैं कि रोटरी का विकास जारी रहे और ''जहाँ तक हो सके अपने सदस्यों को सर्वोत्तम अनुभव दें जो स्थायी सेवा परियोजनाओं के माध्यम से समाज के लिए उपयोगी हों।''

उन्होंने कहा कि रोटेरियनों को ये महसूस कराने की जरूरत है कि ''रोटरी क्लब की सदस्यता का कुछ मोल है। यहां तक कि जब हम अपने समुदायों में लोगों के जीवन में परिवर्तन ला रहे हैं हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम पारदर्शी और जवाबदेह हों।'' क्लब और मंडल के नेताओं द्वारा ''उचित लक्ष्य और मील'' के पत्थर निर्धारित कर इसे प्राप्त किया जा सकता है, जो उनके अपने वर्ष से परे देखते थे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके द्वारा लाये गए सकारात्मक बदलाव लंबे समय तक बने रहेंगे।

बंसल ने अपने सभी सदस्यों के रोटरी अनुभव को समृद्ध के लिए दो बिंदुओं के महत्व पर जोर दिया; दान और परोपकार के अंतर को समझें और समय के साथ बदलते रहें। ''एक ही काम बार-बार करके हम आगे नहीं बढ़ सकते।''

DG उमेर और रो ई डी 3202 की प्रशंसा करते हुए WinS के अंतर्गत, 1000 से अधिक विद्यालयों में जो ''अद्भुत काम किया है, वह उन सभी बच्चों के स्वच्छता स्तर में सुधार लाएगा, उन्हें गरिमा प्रदान करेगा और व्यवहार में बदलाव लाएगा,'' उन्होंने कहा कि किसी भी रोटरी परियोजना का परम उद्देश्य भी यही है।

DG उमेर ने कहा कि अरबी भाषा में *क़ल्ब* का मतलब है दिल और मंडल द्वारा की गई परियोजनाओं के बारे में बताया, एस्टर हेल्थकेयर समूह के साथ बाढ़ पीड़ितों के लिए 75 घर बनाने के लिए की गई इसकी साझेदारी और अपने वर्ष के दौरान 1,000 से अधिक स्कूलों में किए गए WinS प्रोजेक्ट। मण्डल की मानवीय परियोजनाओं में उनकी भागीदारी के लिए मंडल के रोटेरियनों को धन्यवाद देते हुए, उन्होंने कहा कि हाल ही में एलएन 4 चिकित्सा शिविर परियोजना के दौरान, 1,300 विकलांगों को कृत्रिम हाथों से आपूर्ति की गई जिसकी कुल लागत ₹3 करोड़ थी। इनमें से प्रत्येक की कीमत ₹21,000 है और यह इतना उपयोगी है कि प्राप्तकर्ता अपने दांत ब्रश करने, कुछ भी उठाने, लिखने, सब्जियां काटने आदि के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं।''

इस आयोजन के शानदार इंतजाम के लिए उन्होंने सम्मेलन के अध्यक्ष बीजोश मैनुअल और सह-अध्यक्ष डॉ राजेश सुभाष को धन्यवाद दिया।

चित्र: रशीदा भगत

बाएं से : *RIDE भरत पाड्या, PRIP के आर रवीन्द्रन, RIPR विनोद बंसाल, संगीता और वानती रवीन्द्रन।*

रो ई और टीआरएफ़ के मध्य अंतर

रशीदा भगत

एक रोटेरियन होते हुये भी क्या आपको रोटरी अंतर्राष्ट्रीय और रोटरी संस्थान के मध्य का अंतर अस्पष्ट है?

खैर, आप अकेले नहीं है, PRIP के आर रविन्द्रन, जो अब एक टीआरएफ़ न्यासी है, के द्वारा आश्वस्त किया गया जब वह केरल के वायनाद में रो ई मंडल 3202 के मंडल सम्मेलन क्लब को संबोधित कर रहे थे। ''बहुत से लोग रो ई और टीआरएफ़ के मध्य अंतर को नहीं जानते है। बहुत से लोगों के लिए रोटरी ही रोटरी है, इसलिए यह काफी भ्रामक लगता है,'' दोनों संस्थानों के मध्य के अंतर को स्पष्ट करते हुये उन्होंने कहा।

रविन्द्रन ने कहा, ''बहुत सरल है हमने अपने संबंधित देशों के आयकर विभागों से कर लाभ प्राप्त करने हेतु इन दो पृथक इकाइयों को बनाया है।'' जबकि टीआरएफ़ में 15 न्यासी है जिनमें चार पूर्व रो ई अध्यक्ष है, रो ई के मंडल में एक अध्यक्ष, अध्यक्ष-निर्वाचित और 17 निदेशक है। दोनों यूएस के कर कोड के अलग-अलग अनुभाग में आते है। एक आपको संस्थान में कर-मुक्त योगदान करने देता है, और दूसरा आपको सदस्य बनकर कर-मुक्त सदस्यता शुल्क देने देता है।''

लेकिन भारतीय रोटेरियन ऐसा पूछ सकते है कि यह तो अमेरिकीयों की बात हुई; इससे हमें क्या फायद। ''इसलिए हमने दुनिया भर में क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की है - भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, जापान, कनाडा और यूके, ताकि इन क्षेत्रों के सदस्यों को भी इन देशों के क़ानूनों के तहत कर लाभ मिल सके।''

1983 तक, टीआरएफ़ एक धर्मार्थ संस्थान के रूप में संचालित होता था। जैसे-जैसे यह बढ़ता रहा, इसकी विधिक स्थिति पर पुनः समीक्षा की गई और ''हमें लगा कि यदि हम इसे एक धर्मार्थ संस्थान के रूप में चलाना जारी रखते है तो हमें कुछ जोखिमों को कम करना होगा। उदाहरण के लिए, एक न्यास के रूप में, टीआरएफ़ के खिलाफ दायर किसी भी मुकदमे में न्यासियों की निजी संपत्ति भी सम्मिलित होती है। और इसलिए टीआरएफ़ एक निगम के रूप में विकसित हुआ।''

रविन्द्रन ने कहा, आम आदमी की भाषा में कहें तो रोटरी अंतर्राष्ट्रीय टीआरएफ़ का स्वामी है। दूसरे शब्दों में कहे तो, टीआरएफ़ एक स्वतंत्र इकाई है जिसका केवल एक कॉर्पोरेट सदस्य है और वह सदस्य रोई है।

कर संरचनाओं से निपटने के लिए, दोनों इकाइयों के मध्य काफी दूरी बनाई गई है। इसका मतलब है कि टीआरएफ़ साझा की जाने वाली सभी सेवाओं के लिए रो ई को पैसा देता है, जिसमें सूचना प्रणालियों, संचार और जन संपर्क, वित्त और निवेश सेवाएँ, और अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय शामिल है। यहाँ तक कि यह इवेंस्टन स्थित रोई के मुख्यालय में जगह लेने के लिए भी पैसे देता है।

पुरानी यादों को ताज़ा करते हुये, उन्होंने कहा कि कुछ वरिष्ठ रोटेरियनों (जो बाद में चलकर रोई अध्यक्ष बने), जो इवेंस्टन में शरमन एवेन्यू में टहल रहे थे और उन्होंने एक इमारत बिक्री के लिए देखी और फिर उन्होंने रो ई मंडल के समक्ष उस इमारत को खरीदने का प्रस्ताव रखा, की वजह से रोई ने वन रोटरी सेंटर, जो उसका वर्तमान मुख्यालय है, को उधार लेकर लगभग 25 मिलियन डॉलर की कीमत में अर्जित किया था। इसका वर्तमान मूल्य 100 मिलियन डॉलर या 700 करोड़ से अधिक है। ''आज यह हमारी सबसे बड़ी एवं सर्वश्रेष्ठ संपत्ति है। 30 नवंबर, 2018 तक, जब

मैंने आखिरी बार देखा था, हमारे मुख्यालय में 580 कर्मचारी कार्यरत है, 140 कर्मचारी सात अंतर्राष्ट्रीय दफ्तरों में है; 151 कर्मचारी पुणे स्थित हमारे स्वयं के सॉफ्टवेयर विकास केन्द्र में है; और 137 सीधे तौर पर संस्थान की सहायता करते है।''

रो ई की आमदनी रोटेरियनों के सदस्यता शुल्कों, निवेश से आय, लाइसेन्स फीस और 18 माले के भवन के किराए, जिसमें से 11 माले रोटरी द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे है एवं बाकी किराए पर है, से होती है।

वहीं दूसरी ओर संस्थान की आय रोटेरियनों के योगदानों से होती है जिसे ''हम तीन वर्षों तक निवेश करते है और उस पैसे को वापस आपको सेवा परियोजनाओं के लिए देते है। इस आय का एक हिस्सा संस्थान को चलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है,'' उन्होंने कहा।

परंतु जबकि रोटरी के पास ये दो संरचनाएँ है, ''सच्चाई यह है कि यह पूरा संगठन हमारे अस्तित्व के उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना है जो है - दुनिया में अच्छा करना। केवल ऐसा करके ही हम हमारी छवि को बेहतर बना पाएंगे, हमारे लिए आवश्यक धनराशी सुरक्षित कर पाएंगे और हमारी जरूरत अनुसार सदस्यों को शामिल कर पाएंगे,'' उन्होंने आगे कहा।

रविन्द्रन ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों में, एशियाई रोटेरियनों ने 330 मिलियन डॉलर से अधिक का योगदान दिया है, जो मोटे तौर पर टीआरएफ़ द्वारा दुनियाभर की मानवीय परियोजनाओं हेतु दी गई राशी के 35 प्रतिशत के बराबर है। एशिया ने 230 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है, जो टीआरएफ़ को अभी तक दिये गए कुल वार्षिक योगदान का 36 प्रतिशत है, जिसके आगे केवल यूएस/कनाडा है (लगभग 246 मिलियन डॉलर), और यह तीसरे स्थान पर बैठे यूरोप/अफ्रीका (85 मिलियन डॉलर) का लगभग तीन गुना है।

साथ ही, अकेले पिछले पाँच वर्षों में ही, शीर्ष 50 देने वाले मंडलों में से लगभग 50 प्रतिशत मंडल एशियाई है। सदस्यता के मामले में भी रोटरी जगत में एशिया सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला क्षेत्र है और वर्तमान में 10,795 क्लबों में 382,883 सदस्य है, जो कुल रोटरी सदस्यता का 32 प्रतिशत है।

''लेकिन मैं आपको जो भी बता रहा हूँ वे केवल आंकड़े है, इनका कोई अर्थ नहीं है। आखिर में, जो बात मायने रखती है वह यह है कि हम जिन समुदायों में रह रहे है क्या हम उनमें उच्च गुणवत्ता वाली परियोजनाओं के माध्यम से गंभीर प्रभाव ला रहे है?''

टीआरएफ़ में दिल खोल कर देने वाले एशिया के रोटेरियनों के बारे में एक विरोधाभास यह था कि ''हम दुनिया के ऐसे क्षेत्र से है जो बहुत अधिक धनवान नहीं है और इसके बावजूद हम दिल खोल कर दान करते है।'' परंतु फिर हमारे पास जो कुछ भी है उसे साझा करने की आदत एशिया में आम है। ''साथ ही, अक्सर हम लोगों को उनकी दौलत या उनके द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ी से आँकते है, और RIPR विनोद बंसल इस बात को दान एवं परोपकार के मध्य अंतर को समझाते हुये समुचित रूप से रखते है। दान किसी ''परिस्थिति पर भावोत्तेजक प्रतिक्रिया है, जबकि परोपकार लंबे समय के लिए होता है। आप दुनिया के एक ऐसे हिस्से से है जहाँ आप सबसे अधिक दान करते है; पिछले एक साल में, भारत के शीर्ष दस परोपकारी लोगों ने दान के रूप में ₹17,500 करोड़ दिए है। यह आपको बताता है कि दान एवं परोपकार हमारे चरित्र का एक हिस्सा है, चाहे राशि छोटी हो या

रशीदा भगत

बाएं से : संगीता बंसाल, RIPR विनोद बंसाल, सम्मेलन अध्यक्ष बिजोश मेनुअल, कमरून्निसा उमर, सम्मेलन उप अध्यक्ष डॉ राजेश सुभाष, DG ई के उमर PRIP के आर रवीन्द्रन, वानती रवीन्द्रन, PDG गण डॉ ई के सगादेवन, पी एम शिवशंकरन और बारबरा पोवलिज़ पोलैंड से।

बड़ी, और हम बलिदान के सिद्धान्त में भी विश्वास रखते है। लोग देते है क्योंकि वे यह मानते है कि किसी और को इसकी अधिक आवश्यकता है।''

रविन्द्रन उनके ''मौलिक सिद्धान्त को भी बताते है: जब मैं मंदिर, गिरजाघर या मस्जिद में दान करता हूँ, तो मैं निश्चित नहीं होता हूँ कि पैसा उसके पास पहुंचता है या नहीं। लेकिन जब मैं रोटरी परियोजनाओं - कल्पनाशील, दीर्घकालिक और बड़ी - के माध्यम से जरूरतमंदों को देता हूँ, तो मैं निश्चित होता हूँ कि पैसा उसके पास पहुंचता है।''

टीआरएफ़ न्यासी श्रीलंका में रोटेरियनों द्वारा हाल ही में शुरू की गई परियोजना का उदाहरण देते है। ''मेरे देश में, प्रति वर्ष 2,500 बच्चे जन्मजात दिल के विकार के साथ पैदा होते है। उनमें से कुछ एक, दो, पाँच या 10 साल जीते है, लेकिन उन सभी के भाग्य में अल्प जीवन लिखा होता है।'' बहुत से जन्मजात दिल के विकार अपूर्ण वाल्व से संबन्धित होते है, ''और दिल के एक वाल्व के प्रत्यारोपण में 2500-3000 डॉलर का खर्च आता है। पशुओं के वाल्व भी लगभग 2 लाख से ₹3 लाख के आते है। इसलिए हमारे देश के रोटेरियन मानव वाल्व बैंक शुरू करने के लिए एक साथ आए जिसका उद्घाटन पिछले वर्ष पूर्व रोई अध्यक्ष इयान रिसले ने किया था। चूंकि हमारा एक बौद्ध देश है, लोग उदारतापूर्वक अपनी आँखें, किडनी और अन्य अंग दान करते है और अब हमारे पास खराब वाल्व के साथ जन्म लेने वाले बच्चों के लिए मानव दिल के वाल्व का अच्छा स्टॉक है। यह एक पूर्ण रोटरी परियोजना है - जिसे रोटेरियनों द्वारा तैयार एवं कार्यान्वित किया गया।''

श्रीलंका में मानसिक रूप से अपंग बच्चों को प्रशिक्षित करने एवं कुशल बनाने की एक अन्य रोटरी परियोजना की जा रही है। इन बच्चों का ख्याल रखने और उन्हें नियोजनीय कौशल सिखाने के उद्देश से यह परियोजना दो कॉर्पोरेट के साथ साझेदारी में की जा रही है। ''इसलिए श्रीलंका में रोटरी बहुत अच्छा कर रही है और मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि यदि वहाँ रोटरी ना होती तो श्रीलंका और दरिद्र होता,'' रविन्द्रन ने आगे कहा, ''रो ई मंडल 3202 के रोटेरियनों से आग्रह करते हुये कि वे बड़ी परियोजनाएं करें, लेकिन एक अकेले इंसान को राहत पहुँचाने के लिए दया भी दिखाये। आपने दिखाया है कि आप हाल ही में आई बाढ़ से भयभीत नहीं हुये और समय पर प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आए। यह रोटरी की सच्ची भावना और आपके मंडल द्वारा की गई एक अनुकरणीय सेवा है।'' ■

जयपुर सेंट्रल ने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

टीम रोटरी न्यूज़

जयपुर के बिड़ला सभाघर के सामने साइकिल रेली के लिए तैयार रोटेरियन।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा मंडल के लेथपोरा में 14 फरवरी को जम्मू श्रीनगर राष्टीय राजमार्ग पर सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे वाहनों के काफिले पर आतंकवादी हमला हुआ। हमले में 40 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान और हमलावर की मौत हो गई। आतंकवादी हमले के कारण देश भर के लोगों में आक्रोश की लहर दौड़ गई।

हमले में शहीद हुए सैनिकों की याद में और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने के लिए, जयपुर सेंट्रल के रोटरी क्लब, रो ई मंडल 3054, ने 17 फरवरी को साइकिल रैली द्वारा जयपुर का आयोजन किया।

शहर के बिड़ला ऑडिटोरियम से मंडल 3211 के पीडीजी केएस शशी कुमार द्वारा झंडी दिखाकर निकाली गई घंटे भर की रैली में लगभग 25 रोटेरियन ने भाग लिया और रैली एमआई रोड, जौहरी बाजार, हवा म हल, स्टेच्यू सर्किल, जय क्लब के माध्यम से आगे बढ़ते हुए सभागार में संपन्न हुआ। उसके बाद रोटेरियन ने अमर जवान ज्योति स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

यह रैली बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय मंडल सम्मेलन 'सानिध्य' साथ आयोजित की गई थी PDG शशि कुमार RIPR थे। ■

2019 HAMBURG

Rotary | BE THE INSPIRATION

GOLDEN OPPORTUNITY
to Meet Global Leaders

Traditional South Asian Reception

RI Convention, Hamburg, Germany

RID C. Basker & Malathi Basker

We cordially invite
you to the
Traditional
South Asian Reception
on June 1, 2019, Saturday
at
Hotel Grand Elysee Hamburg
between
05.00 pm – 07.00 pm

Chairman - PDG Dr. E.K. Sagadhevan
& Dr. Usha, RID 3202

Venue:

Hotel Grand Elysee Rothenbaumchaussee 10,

D-20148 Hamburg, Germany

Tel: +49 40 41412-748

The registration charges per person is Rs. 5000 (EUR 65 / US $ 75)

For NEFT

Bank Name: Axis Bank Account Name: E K Sagadhevan, A/c No: 915010014574348
Branch: Gandhiji Road B ERD IFSC: UTIB0002146, Axis bank Swift code.AXISINBB118

Payment can be made by cheque payable at par or DD favouring E.K. Sagadheven
Payable at ERODE, TAMIL NADU and send to:

PDG Dr EK Sagadhevan, Chairman – South Asian Reception
Lotus Hospital, 90, Thayumanavar Sundaram Street, Kollampalayam,
Erode – 638 002 Tamil Nadu, India Mob: +91 99944 77725E-mail: pdgdrsaga@gmail.com

कोडगु के दो घरों के लिए भूमि पूजा की गई

रशीदा भगत

जहाँ केरल में बाढ़ की वजह से मची तबाही ने अनेक जान जाने के कारण मीडिया का काफी ध्यान अपनी ओर खींचा, वहीं कर्नाटक के कोडगु के पहाड़ी इलाकों ने भी भूस्खलन की वजह से घरों और संपत्ति का भारी नुकसान झेला।

प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के बाद, रो ई मंडल 3181 के रोटेरियनों ने बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए घरों के निर्माण करने हेतु एक न्यास - रो ई मंडल 3181 बाढ़ राहत कोष - का गठन किया। रोई मंडल 3181 के पीडीजी डॉ के रवि अप्पाजी के अनुसार, ऐसा अनुमान है कि कोडगु और उसके आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में लगभग 4,000 - 5,000 हेक्टेयर कॉफ़ी एस्टेट, भूस्खलन से तबाह हो गए, कई घर पूर्ण रूप से तबाह हो गए, जिनमें उन लोगों के घर भी शामिल थे जो उन कॉफ़ी एस्टेट पर कार्य करते थे।

''इसलिए हमारे मंडल के रोटेरियनों ने इस ट्रस्ट का गठन किया और हमारे सदस्यों, एवं पड़ोसी मंडलों के रोटेरियनों और रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के योगदानों की मदद से, हमने ₹1.25 करोड़ की कुल लागत से 25 घरों का पुनर्निर्माण करने की एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करने का निश्चय किया,'' अप्पाजी कहते है।

वे ऐसा एक गैर सरकारी संगठन हैबिटैट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया के साथ साझेदारी में करेंगे, जिसके लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है और पहले चरण में मंडल की तरफ से ₹30 लाख का एक

RID सी भास्कर, PDG के रवि अप्पाजी (उनकी दाईं ओर) और DG पी रोहिनाथ के साथ कोडगु में भूमि पूजन समारोह में।

चेक हैबिटैट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया को सौंपा गया। इन पैसों की मदद से पहले चरण में, 320 वर्गफीट के क्षेत्रफल वाले छह घरों का निर्माण किया जाएगा जिनकी प्रत्येक की लागत लगभग ₹5 लाख है।

फरवरी की शुरुआत में, रो ई निदेशक सी भास्कर और मंडल गवर्नर पी रोहिनाथ की मौजूदगी में ऐसे दो घरों के लिए भूमि पूजा की गई। आपको वहाँ पांचाली, पहले घर की प्राप्तकर्ता जिसके लिए पूजा की गई थी, की आँखों में ख़ुशी देखने के लिए होना चाहिए था,'' भास्कर ने कहा।

अप्पाजी ने आगे कहा कि स्थानीय ग्राम पंचायत के नेताओं और हैबिटैट की मदद से उन लाभार्थियों की पहचान की गई जिनके पास उनकी ज़मीन के स्वामित्व का स्पष्ट अधिकार था। जहाँ रोटेरियन ऐसे घरों का निर्माण कर रहे है जो पूरी तरह से नष्ट हो चुके थे वहीं कर्नाटक सरकार भी लगभग 850 घरों के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है, जिसमें क्षेत्र के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घर भी शामिल है, उन्होंने आगे कहा।

मानसून की शुरुआत से पहले मई अंत तक पहले चरण के सभी घरों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के प्रयास किये जाएँगे, उन्होंने आगे कहा। हालाँकि घरों में अभी एक ही शयनकक्ष होगा, भविष्य में अतिरिक्त लागत के साथ एक और शयनकक्ष बनाने का विकल्प मौजूद है।

भूमि पूजा पर रोई निदेशक भास्कर और पीडीजी अप्पाजी के अलावा, डीजी रोहिनाथ, पीडीजी कृष्णाशेट्टी, और हैबिटैट के वरिष्ठ निदेशक संजय दासवानी मौजूद थे।

(जो कोई भी घरों के पुनर्निर्माण की इस परियोजना हेतु दान करने के इच्छुक है वो अपना योगदान: रो ई मंडल बाढ़ राहत न्यास; खाता क्रमांक 0178101016769; केनरा बैंक, मैंगलोर; IFSC कोड CNRB0000178 पर भेज सकते है।) ■

कष्टमय काल में शांति की स्थापना

टीम रोटरी न्यूज़

राज्य-स्तरीय समितियों के माध्यम से शांति और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक पाँच-सूत्रीय कार्य-योजना का मसौदा तैयार किया गया जिनका निर्माण शांति सम्मेलनों के आयोजन के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नियमित यात्राओं के माध्यम से धर्मों की बेहतर समझ के लिए छात्रों और युवाओं को पूजा स्थलों से परिचित कराया जाएगा।

हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शांति सम्मेलन का यह मुख्य कार्यक्र म था, जिसमें तीन मंडलों के 30 से अधिक रोटेरियन ने भाग लिया। रो ई मंडल 3040 के डीजी गुस्ताद अंकलेसरिया, डीजीई धीरन दत्ता, डीजीएन गजेंद्र नारंग, के साथ पीडीजी ने सत्र की अध्यक्षता की। अंकलेसरिया ने प्रत्येक वर्ष अधिवेशन के आयोजन में उनके ''अथक प्रयासों'' के लिए राष्ट्रीय शांति आंदोलन के अध्यक्ष रोटेरियन एफआर वर्गीज अलेंगाड्रेन को बधाई दी।

कवि रवींद्रनाथ टैगोर से प्रेरणा लेते हुए, अलेंगडेन ने कहा कि हमें ''अकेले आगे बढ़ना होगा और उचित नजरिए के साथ शांति कायम करने के लिए काम करना होगा।'' पुणे से रोटेरियन प्रदीप वाघ ने शांति की स्थापना और संघर्ष के समाधान में रोटरी की भूमिका को रेखांकित किया।

DGE धीरन दात्ता (3040), DGE किरण लाल शेर्षता (3292) और DG गुस्ताद अंकलेसरिया (3040), गुरुग्राम में शांति सम्मेलन में।

रो ई मंडल 3292 के डीजीई किरण लाल श्रेष्ठ ने सुझाव दिया कि अगले वर्ष के सम्मेलन का आयोजन नेपाल में किया जाना चाहिए और उन्होंने अपने मंडल से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कनाडा के एक शांति कार्यकर्ता, मुख्य अतिथि डॉ जिल कारर-हैरिस, ने विदाई भाषण के दौरान प्रतिनिधियों को ''अपने दृष्टिकोण में समावेशी बनने और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करने'' का आह्वान किया। ■

मंडल 3100 के सम्मेलन में शायरियों की अधिकता

जयश्री

मेरठ में आयोजित हुये रोई मण्डल 3100 के दो दिवसीय सम्मेलन, हर्षोल्लास, में टीआरएफ़ में दान, रोटरी मूल्यों एवं सदस्यता बढ़त/अवरोधन जैसे विषयों पर शायरियों पर शायरियाँ हो रही थी। उत्साह को महसूस किया जा सकता था क्योंकि चार वर्षों तक सीतनिद्रा में रहने के बाद इस वर्ष मंडल में जान आई थी। इसलिए सम्मेलन प्रमुख विकास गुरमुख ने एक ऐसा विशाल कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया जहाँ हर एक प्रतिनिधि के लिए कुछ ना कुछ था, रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल के सदस्य अनुज अग्रवाल कहते है।

जैसे ही स्क्रीन पर रोई अध्यक्ष बेरी रेसिन का व्यक्तिगत स्वागत संदेश दिखाई दिया जिसमें उन्होंने WinS और मीसल्स की रोकथाम हेतु मंडल द्वारा की जा रही विविध गतिविधियों के लिए डीजी दीपक जैन को बधाई दी, तो एक ख़ामोशी सी छा गई। अध्यक्ष रेसिन ने रोटेरियनों से रोटरेक्टरों को उनके मानवीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल करने की दरकार की और प्रतिनिधियों को रोई के नए उपकरणों जैसे टोस्टमास्टर इंटरनेशनल के साथ साझेदारी के बारे में बताया जिसका लक्ष्य रोटेरियनों और रोटरेक्टरों में नेतृत्व कौशलों को विकसित करने का है। इसके बाद रोई महासचिव जॉन हेव्को ने संदेश दिया।

सम्मेलन में रोई अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में पीडीजी संजय खेमका, रो ई मंडल 3250, ने एक ''स्वस्थ रोटरी को बढ़ाने और उसे जीवंत बनाए'' रखने में मदद करने का अध्यक्ष रेसिन का संदेश दिया। उन्होंने गुणवान सदस्यों को शामिल करने और संस्थान के पैसे के साथ सर्वाधिक सावधानी बरतने पर ज़ोर दिया।

डीजी जैन ने पिछले कुछ महीनों की मंडल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण दिया। ''आपके कारण, मंडल ने स्वच्छता और मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन से संबन्धित परियोजनाओं में अच्छा काम किया है। आपके सामूहिक प्रयासों से, अनेक

ऊपर: (बाएँ से) राकेश रस्तोगी, DG दीपक जैन, RIPR संजय खेमका, AG गण उमा शंकर गर्ग और पुनीत जैन।

नीचे: (बाएँ से) गीता जैन, ममता धामा, PDG जी एस धामा की पत्नी, और मीनाक्षी खेमका।

सामनेवाला पृष्ठ: रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चड्स के अध्यक्ष डी रवि शंकर का अभिवंदन। चित्र में एस सी अग्रवाल, PDG गण राकेश सिंघल, ललित मोहन गुप्ता, शिखा सिंघल, वंदना गुप्ता, भारती और रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष अनुज अग्रवाल।

स्कूलों को सैनिटरि नेपकिन डिस्पेन्सर और हाथों की धुलाई के स्टेशन मिले है, मंडल के रोटेरियनों की प्रशंसा करते हुये उन्होंने कहा। सौरब सुमन, अनामिका अंबर और मंसूर उसमानी जैसे कवियों ने उर्दू में कविताएँ सुनाई जिनका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

डीजी स्तुति अग्रवाल, रो ई मंडल 3120, राजीव शर्मा, रो ई मंडल 3030 और अरुण जैन, रो ई मंडल 3110, सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि थे।

एस सी अग्रवाल, रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के अध्यक्ष डी रविशंकर ने संस्थान को दिल खोलकर देने हेतु रोटेरियनों को प्रेरित किया और उन्होंने बताया कि कैसे टीआरएफ़ को 100 करोड़ देने के लिए उन्हें प्रेरणा मिली। उन्होंने व्यक्तिगत सामाजिक ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया जो हम में से हर एक में अंदर से आनी चाहिए। हर एक नागरिक की समाज के प्रति कुछ ज़िम्मेदारी होती है और उसे वह निभानी चाहिए, किसी दबाव या मजबूरी में नहीं, बल्कि स्वाभाविक रूप से, अपने भीतर से, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्होंने कहा।

चित्र: जयश्री

मलोनी द्वारा कोलकाता में 6 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं का लोकार्पण

रशीदा भगत

बहुत कम ऐसा देखा गया है जब आगामी रो इ अध्यक्ष का आगमन किसी क्लब के सिर्फ एक कार्यक्रम के लिए हो; रो क्लब ऑफ़ कोलकाता महानगर के कार्यक्रम में पधारने के लिए हम RIPE मार्क मलोनी के तहेदिल से शुक्रगुज़ार हैं, जहां 6 मिलियन डॉलर यानी ₹40 करोड़ की 6 परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं जिससे 150,000 लोग लाभान्वित होंगे, PRID शेखर ने उनके क्लब द्वारा परियोजनाओं के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित इस विशाल कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

इनमें से जहां चार परियोजनाएं रो क्लब कोलकाता महानगर की हैं वही दो रो ई मंडल 3291 की हैं। ''क्या आप को कभी ऐसे कार्यक्रम में जाने का अवसर मिला है जहां 6 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा हो? इसकी तुलना सिर्फ एटलांटा कन्वेंशन से की जा सकती है जहाँ पोलियो से लड़ने के लिए कई देशों और बिल गेट्स फाउंडेशन ने भारी राशि प्रतिबद्ध की थी।'' परियोजना में कुल 30,000 विधवा और निराश्रित महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायगा, प्रत्येक राज्य से 1000, ''और बाकी सभी पांच परियोजनाएं साक्षरता से सम्बंधित हैं।''

क्लब की अध्यक्ष चित्रा अग्रवाल ने बताया की क्लब के प्रोजेक्ट्स - जिसके तहत 145 स्कूलों में इ-लर्निंग किट और 300 शिक्षकों को प्रशिक्षण देना शामिल है - तीन ग्लोबल ग्रांट की सहायता से किये जाएंगे जिसकी कुल लागत 400,000 डॉलर है। ''हमारे क्लब ने 1000 बच्चों के दिल के ऑपरेशन

बाएं से : DG मुकुल सिन्हा, रोटरी क्लब कोलकत्ता महानगर की अध्यक्ष चित्रा अग्रवाल, RIDE कमल संघवी, RIPE मार्क मलोनी (बीच में) रोटेरियन प्रदीप रावत, स्कूल के प्रतिनिधियों को ई-लर्निंग किट देने के बाद।

पूरे कर लिए हैं, (अफ़राज़, जिसका ऑपरेशन किया गया था, मलोनी के आगमन के उपलक्ष्य में, सभा में उसकी मुलाकात आगामी अध्यक्ष से करवाई गई), (2000 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलवाया गया, और 10,000 वयस्क लोगों की आँख की सर्जरी की गई।''

हमारे क्लब द्वारा दो अन्य परियोजनाएं सबसे पहले शुरू की गई थीं जिसके अंतर्गत प्राकर्तिक आपदाओं से बेघर हुए लोगों को शेल्टर होम उपलब्ध कराये गए, ''पिछले दस सालों में करीब 40,000 पीड़ितों की सहायता की गई । और जिन्हें कोलकाता में कहीं भी खून नहीं मिल पाता हमारी ब्लडलाइन उन्हें उपलब्ध कराती है।''

एक दमदार साझेदारी

मेहता ने बताया कि साक्षरता, ''ऐसा कायर्क्रम है जिसने भारत सरकार और भारत के रोटेरियनों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। जहां भारत सरकार 150,000 स्कूलों में इ-लर्निंग किट देने जा रही है वहीं हम 200,000 स्कूलों में किट देंगे। इसलिए हमारा कार्यक्रम उनसे कहीं अधिक बड़ा है।'' हैप्पी स्कूल्ज के अंतर्गत भी सार्थक काम हो रहे हैं जिसमें आशा किरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को वापस स्कूल भेजा जा रहा है। .

आज शाम मलोनी द्वारा आरम्भ की जा रही तीन ग्लोबल ग्रांट को मिला कर, ''हमारे क्लब की 10 ओपन ग्लोबल ग्रांट हो जाएँगी। मैंने रो ई कार्यालय से मालूम किया था और मुझे बताया गया की जब किसी रोटरी क्लब की दस ग्रांट्स ओपन हों ये दुर्लभ है। इसी मंडल में, रोटरी क्लब वेल्लोर की 8 ग्रांट्स ओपन हैं, संभव है की इस रोटरी विश्व में सर्वाधिक ओपन ग्रांट्स वाले हम अकेले डिस्ट्रिक्ट (मंडल) हों।''

145 स्कूलों के आलावा 100 और स्कूलों में चलाये जाने वाले इ-लर्निंग कार्यक्रम, उसी शाम को शुरू की जाने वाली परियोजना, करीब 75000 बच्चों के सीखने की पद्धति में बदलाव लाएगी।

उन्होंने स्मरण किया की पिछले साल ठखडच् ने णघ में लार्ड लूम्बा फाउंडेशन के साथ 30,000 विधवाओं, निराश्रित महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए अध्यक्ष चेरी ब्लेयर की उपस्थिति में एक चेण पर हस्ताक्षर किये थे। ये परियोजना 30 ग्लोबल ग्रांट्स के माध्यम से की जाएगी जिसमें लूम्बा फाउंडेशन ने TRF में एक मिलियन डॉलर प्रतिबद्ध किये हैं और भारतीय रोटरी क्लब मिल कर एक मिलियन डॉलर देंगे, संयुक्त रूप से ये परियोजना फाउंडेशन को 2 मिलियन डॉलर देगी। पहली पांच ग्रांट्स पूर्व में ही स्वीकृत हो ही चुकी हैं, चार के लिए पैसा आ चुका है, और पांच अन्य ग्लोबल ग्रांट्स के लिए आवेदन किया जा चुका है। मेहता ने जानकारी दी, ''इस परियोजना में भागीदार दस में से सात मंडल आज यहां मौजूद हैं,'' इस के साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित नेपाल और बंगलादेश से आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

> **जब से इसकी स्थापना हुई है, TRF ने ऐसी परियोजनाओं में 4.7 बिलियन डॉलर एकत्रित और निवेश किये हैं, जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव पड़े। इस राशि से रोटरियनों की कई पीढ़ियां शान्ति की बहाली, स्वच्छता और साफ़ पानी उपलब्ध करवाने, बीमारियों से लड़ाई, मां और बच्चे को बचाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, सम्पूर्ण विश्व में छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं के विकास में सहायक होंगी।**
>
> **RIPE मार्क मलोनी**

लाख - करोड़ में उलझन

छह परियोजनाओं का प्रमोचन करते हुए, मलोनी की बात पर सदन में ठहाके गूँज उठे जब उन्होंने कहा कि आप नहीं जानते मैं कितना अहसानमंद हूँ कि आज शाम मुझे नारियल फोड़ कर शुरुआत नहीं करनी पडी। ''पिछली बार 15 साल पहले जब मैंने एक परियोजना शुरू की थी तब नारियल तोड़ना था और मैं उसे तोड़ नहीं पाया था ! ये परियोजना सूरत के बाहर थी; हाल ही में मेरे मित्र हिमांशु (ठक्कर) वो जल परियोजना दिखाने ले गए थे जिसका उद्घाटन नारियल तोड़े बिना किया था। ये देख कर मुझे खुशी भी हुई और तसल्ली भी की वो परियोजना ठीक से काम कर रही है और वहां के निवासियों को शुद्ध जल की आपूर्ति कर रही है।''

साथ में उन्होंने ये भी जोड़ा, ''यहां पहुँचते ही मैंने सबसे पहले पूछा, 'क्या मुझे नारियल भी फोड़ना पडेगा?' क्योंकि अगर मैं 15 साल पहले नहीं तोड़ पाया तो आज तो बिलकुल नहीं तोड़ पाऊंगा!''

यह देख उन्हें अत्यंत सुखद लग रहा था, ''अपने फाउंडेशन की सहायता से अपने समुदाय में/के लिए

RIPE मार्क मलोनी के साथ डीजी मुकुल सिन्हा, RIDE कमल संघवी, PRID शेखर मेहता और राशी और इनर व्हील के सदस्य।

हम कितना कुछ हासिल कर सकते हैं, इसके कई उदाहरण हैं। आज जो परियोजनाएं हमने देखी हैं जब वो पूरी हो जाएंगी और आकार लेंगी, इसमें 6 मिलियन डॉलर या ₹40 करोड़ का निवेश हो चुका होगा। अमरीकियों के लिए करोड़ एक दिलचस्प धारणा है। हम आपके लाखों और करोड़ों से बहुत परेशान हैं और जहां हम कॉमा लगाते हैं आप उसकी बजाय किसी और जगह कौमा लगाते हैं। जानते हैं,ये हमें ठीक नहीं लगताऔर हम कहते हैं : माफ़ कीजिये, ये मिलियन है आप एक जीरो लगाना भूल गए हैं!''

पर 20 साल से भारत आते आते, ''मुझे लगता है कि अब मैं ठीक से समझ गया हूँ कि एक लाख मतलब 100,000 और एक करोड़ मतलब ज़्यादा बहुत ज़्यादा!''

पर जहां रोटरी क्लब कोलकता महानगर और मंडल 3291 काफी प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं, ''पर TRF के सन्दर्भ में और उनमें देखने वाली बात ये है कि जिन परियोजनाओं का मूल्यांकन आप करोड़ों में करते हैं, ज़रूरी नहीं कि वो बहुत बड़ी हों।''

छोटा पर असरदार

मलोनी ने बताया की पिछले अक्टूबर कैरेबियन सागर में वर्जिन आइलैंडस में से एक आइलैंड सेंट थॉमस पर जाना हुआ, ''जहां मेरे रोटरी क्लब (डिकेटर) और मेरी पत्नी के रो क्लब सेंट थॉमस के साथ वाटर फ़िल्टर बांटने के लिए साझेदारी की है (गौर कीजिये कि मेरे और मेरी पत्नी के क्लब अलग अलग हैं, मेरी पत्नी कहती है कि कोई भी रोटरी क्लब इतना बड़ा नहीं है जो हम दोनों को साथ-साथ रख सकें)।''

यह एक अत्यंत साधारण परियोजना थी - औद्योगिक जल फ़िल्टर, जिसमे लेने वाले को उसके बारे में केवल दो मिनट समझाना होता था - और उसकी कीमत भी मुश्किल से 8,000 डॉलर थी जो करोड़ तो छोडो लाख के नज़दीक भी नहीं है। परन्तु फिर भी वो साधारण सी परियोजना सेंट थॉमस के लिए बेहद असरदार होगी क्यूंकि 2017 में आये समुद्री तूफ़ान ने वहां की जल व्यवस्था को तहस नहस कर दिया था और उनके घरों में नल के पानी को दूषित कर दिया था।

जिसके फलस्वरूप वहां परिवारों को बोतल बंद पानी के लिए 40डॉलर से 150 डॉलर खर्च करने पड़ते थे। अपने मासिक बजट में उस पैसे की व्यवस्था करना तो एक बात थी पर उस से भी बड़ी समस्या थी उन खाली बोतलों का निस्तारण। उन्हें भराव क्षेत्र में फेंकना पड़ता था क्यूंकि उनके पुनर्चक्रण की कीमत बोतलों की संख्या के अनुपात में कहीं अधिक थी। ''और जहां प्लास्टिक रीसायकल होता है वहां खाली बोतलों को भेजना बहुत महंगा था, इस लिए सभी खाली बोतलें और कहीं नहीं बल्कि उस खूबसूरत कैरेबियन द्वीप के कचरा भराव क्षेत्र में फेंकी जा रही थीं।''

इसका समाधान था उन परिवारों को 10 डॉलर का फ़िल्टर प्रदान करवाना। हमारा TRF इसे में मदद करता है। ये ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट नहीं है बल्कि एक डिस्ट्रिक्ट ग्रांट प्रोजेक्ट है जिसे तीन डिस्ट्रिक्ट मिल कर कर रहे हैं और परिवारों द्वारा बचाये गए डॉलर और भराव से बचाई गई जमीन की कीमत का आकलन किया जाए तो इसका प्रभाव सैंकड़ों हज़ारों डॉलर में होगा।''

TRF का जादू

ये आश्चर्य की बात है TRF कितना लचीला हो सकता है; एक तरफ तो कई मिलियन डॉलर की परियोजनाओं की स्वीकृति देता है साथ ही ऐसे छोटे प्रोजेक्ट करने की सहमति भी दे देता है जिसका स्थानीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़े। जब से इसकी स्थापना हुई है, TRF ने ऐसी परियोजनाओं में 4.7 बिलियन डॉलर एकत्रित और निवेश किये हैं, जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव पड़े। इस राशि से रोटरियनों की कई पीढ़ियां शान्ति की बहाली, स्वच्छता और साफ़ पानी उपलब्ध करवाने, बीमारियों से लड़ाई, मां और बच्चे को बचाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, सम्पूर्ण विश्व में छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं के विकास में सहायक होंगी,'' उन्होंने जोड़ा।

रोटरी के दूसरी शताब्दी में प्रवेश के साथ, गत वर्ष, ''हमने 360 मिलियन डॉलर एकत्रित करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया था। अन्तर्राष्ट्रीय टोरंटो कन्वेन्शन में, ट्रस्टी चेयर पॉल नेट्ज़ेल ने कहा था कि फॉउंडशन के लिए 2017-18 एक बार फिर से ऐतिहासिक वर्ष है जिसमें एक वर्ष में हमने 414.7 मिलियन डॉलर की रिकॉर्ड राशि एकत्रित की है। और यह राशि रोटरियनोंद्वारा दुनिया में अच्छे कार्यों में उपयोग की जाएगी जैसा कि इस शाम हमने देखा है।''

मलोनी ने रोटरियनों से जोर देकर कहा, पोलियो उन्मूलन पर अपनी ध्यान केंद्रित करने को और प्रति वर्ष लाखों बच्चों को पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित करना जारी रखने को कहा, ''ये पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है की हम अपना ध्यान ना भटकने दें जब तक पोलियो पूरी तरह से ख़त्म नहीं हो जाता। ये हमारी पहली प्राथमिकता है।

दूसरी प्राथमिकता थी, प्रत्येक रो इ मण्डल को दिए गए निर्दिष्ट डिस्ट्रिक्ट निधि का उपयोग, इसे ग्लोबल ग्रांट्स, डिस्ट्रिक्ट ग्रांट्स या पोलियो फण्ड के माध्यम से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। आगामी मंडल अध्यक्षों को उनका सन्देश साफ़ था, ''अपने डिस्ट्रिक्ट फंड्स के पुनरीक्षण का सही समय अभी है। निश्चित कीजिये की आपके पास कितना धन उपलब्ध है और आने वाले साल में इसका उपयोग आप कैसे करेंगे। आपके रोटेरियनों ने ये राशि आपके बचत खाते में रखने के लिए नहीं दी है ,बल्कि दुनिया में कुछ बेहतर करने के लिए दी है और जैसा की आज रात हमने देखा अवसरों की कमी तो बिलकुल नहीं है।''

रोटेरियनों की तीसरी प्राथमिकता थी TRF के स्रोतों को और सुदृढ़ बनाना, ''एनुअल फण्ड (वार्षिक अनुदान) में योगदान और 2025 तक एंडोमेंट फण्ड में 2.025 बिलियन डॉलर राशि जुटाना। यही तीन प्राथमिकताएं हमारी सेवा की दूसरी शताब्दी में हमें सशक्त TRF और सुदृढ़ रोटरी देंगी।''

---

6 मिलियन डॉलर यानी य40 करोड़ की 6 परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं जिससे 150,000 लोग लाभान्वित होंगे.

PRID शेखर मेहता

महिला सशक्तिकरण

RIDE कमल सांघवी ने कहा की प्रशिक्षण लेने वाली 30,000 महिलाओं का स्वागत कर वे बहुत खुश हैं क्योंकि उन्होंने ही ''लार्ड लूम्बा के साथ उस चेण पर हस्ताक्षर किये थे।''

जहां महिलाओं को ज़िम्मेदारी और केन्द्रीय भूमिका दी जाती है तो वहां विरोध और संघर्ष में काफी कमी आ जाती है।1995 में 72 देशों पर किये गए एक अध्ययन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन देशों ने 1975 में महिला शिक्षा और उन्हें प्रशिक्षित करने पर ध्यान दिया होता, तो 10 वर्ष बाद 1985 में, शिशु मृत्यु दर में 68 प्रतिशत की कमी हो सकती थी। इतनी ताकत है महिलाओं को शिक्षित करने और अवसर प्रदान करने में। संघर्ष कम करने के लिए किसी भी देश को पहला कदम स्त्री को शिक्षित करने की तरफ उठाना चाहिए। हम कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षित कर ये काम करेंगे।''

सभा को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मुकुल सिन्हा ने RIPE मलोनी को विश्वास दिलाया कि मंडल 3291 अपने क्लबों में नए सदस्यों को जोड़ने और वर्तमान सदस्यों को रोके रखने की पूरी कोशिश में भरसक प्रयास करेगा, ''आखिरकार, अगले वर्ष, हमारे मण्डल का एक क्लब भारत को रोटरी के 100 वे वर्ष में प्रविष्ट करवाएगा। 2020 में जब UN अपनी 75 वीं वर्षगाँठ मना रहा होगा और भारत में हम रोटरी के 100 वर्ष पूरे होने की खुशी मना रहे होंगे।''

PRID मेहता ने घोषणा की कि इनर व्हील्स के सदस्यों ने एक साक्षरता परियोजना के लिए 19,500 डॉलर एकत्रित किये। उसी दिन एक और डिस्ट्रिक्ट परियोजना भी शुरु की गई थी, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं का टीकाकरण।

चित्र: रशीदा भगत

Rotary PEOPLE OF ACTION

अमरावती में एक अकेले क्लब द्वारा की गईं प्रेरक परियोजनाएं

रशीदा भगत

अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान, महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित रो ई मंडल 3030 के PETS और SETS प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने आये आगामी रो ई अध्यक्ष मार्क मलोनी ने रोटरी क्लब अमरावती मिडटाउन द्वारा चलाई जा रही स्थानीय सामुदायिक परियोजनाओं को देखने में काफी दिलचस्पी दिखाई, 180 सदस्यों वाला यह क्लब 40 साल पुराना है।

RIDE भरत पांड्या सहित, पहले उन्हें अमरावती के डॉ

ऊपर : PDG किशोर केडिया और RIDE भरत पांड्या के साथ RIPE मार्क मलोनी, प्लास्टिक सर्जरी शिविर का दौरा करते हुए।

पंजाबराव देशमुख मेडिकल कॉलेज स्थित रोटरी ह्यूमन मिल्क बैंक और इनक्यूबेटर यूनिट ले जाया गया जिसे रो क्लब अमरावती मिडटाउन, रो ई मंडल 3030 और अमरीका के रो क्लब गौतिये, रो ई मंडि 6840 की संयुक्त परियोजना के वैश्विक अनुदान के माध्यम से बनाया गया था।

यहां नर्सों ने मलोनी को बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं से मानवीय दूध लिया जाता है और ऐसे बच्चों को पिलाया जाता है जो या तो अपनी मां को प्रसव के दौरान खो चुके हैं या जिनकी माताऐं किसी चिकित्सकीय समस्या या अपर्याप्त दूध के कारण उनका ध्यान नहीं रख पाती हैं।

पीडीजी किशोर केडिया ने बताया कि इस दूध बैंक की दो इकाइयाँ हैं, इसकी उपग्रह इकाई अस्पताल से लगभग 6 किमी दूर स्थित है। ''यह हमारे एक सदस्य डॉ राजेश बूब के दिमाग की उपज थी, जो बाल रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने देखा कि बहुत सारे बच्चे कई कारणों से माँ के दूध से वंचित रहते हैं और हमें उनकी मदद के लिए इस तरह के बैंक की स्थापना करनी चाहिए।''

उन दाताओं में से एक काव्या जगमालानी की मुलाक़ात मलोनी से करवाई गई, जो इसी क्लब के एक रोटेरियन की पत्नी हैं। उन्होंने इस इकाई में अपना दूध दान किया है, और गर्व के साथ बोली, ''मैं अपने समाज के लिए ऐसा करके बहुत खुश हूं। महिला होने की वजह से ये मेरा सौभाग्य है कि ... मैं किसी और के बच्चे और एक ऐसी माँ की मदद कर सकती हूँ जो अपने बच्चे को स्वयं का दूध पिलाने में सक्षम नहीं है।''

इसके बाद मलोनी एक गैस शवदाहगृह पहुंचे जो ब्राज़ील के एक क्लब की साझेदारी में और एक समान अनुदान (मैचिंग ग्रांट) के तहत बनाया गया है।श्मशान की लागत लगभग ₹1.4 करोड़ है और इसका उद्घाटन 2013-14 में तब किया गया था, जब केडिया मंडल अध्यक्ष थे, उन्होंने अपने माता-पिता के नाम पर इस परियोजना के लिए ₹21 लाख का दान दिया था।

रो ई के दो नेताओं ने इसके पश्चात एक मैमोग्राफी वैन का निरीक्षण किया जो महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच के लिए आसपास के गांवों का दौरा करती है। मंडल 3030 ने स्टीवर्डशिप के मुद्दों पर कुछ विषम परिस्थितियां देखी थीं। रो क्लब अमरावती मिडटाउन के सदस्य केडिया ने बताया कि मंडल में क्लबों को पिछले साल

वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ भरत शाह, रोटरी नेताओं को सर्जरी के बारे में विस्तार से बताते हुए। चित्र में क्लब अध्यक्ष सुशील सिकची (बाएँ से दूसरे) भी शामिल हैं।

बाएं : मानव दुध बैंक और इंक्यूबेटर इकाई, डॉ पंजाबराव देशमख मेडिकल कॉलेज में।

टीआरएफ फंड से वंचित रखा गया था, लेकिन उसके बावजूद हमारे क्लब के सदस्यों ने समाज में हो रहे अच्छे कार्यों को रुकने नहीं दिया और जारी रखा। पिछले साल हमने अकेले ही ₹3 करोड़ की परियोजनाएँ की थीं और मैमोग्राफी वैन की ₹1.1 करोड़ की थी। इस परियोजना में उनका व्यक्तिगत योगदान ₹11 लाख था, ''और बाकी धन अपने क्लब के सदस्यों और अमरावती के नागरिकों से जुटाया।''

कॉरपोरेट्स से सीएसआर फंड्स के बारे में पूछे जाने पर, पीडीजी ने कहा कि यहां यह संभव नहीं है क्योंकि कृषि क्षेत्र होने के कारण अमरावती में कोई उद्योग नहीं हैं। लेकिन यह एक यह सूखा प्रभावित क्षेत्र है, यहां कई किसानों ने आत्महत्या की है, ''हमारे क्लब ने ऐसे 80 किसान परिवारों में प्रत्येक को ₹20,000 दिए हैं - उनकी विधवाओं या बच्चों को - जिससे वो मुर्गी पालन या बकरी फार्म आदि जैसे छोटे उद्यम शुरू कर सकें। पिछले साल, हमने एड्स पीड़ित रोगियों के लिए पौष्टिक भोजन का आयोजन भी किया था।

मलोनी और पांड्या को दिखाई गई परियोजनाओं में आखिरी प्रोजेक्ट सबसे अधिक प्रभावशाली थी - दो दिवसीय विशाल प्लास्टिक सर्जरी शिविर - 110 लोगों के लिए। अमरावती में निहायत ही साफ़ सुथरे सरकारी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित, इस परियोजना का नेतृत्व एक वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ भरत शाह कर रहे थे, जो इसी क्लब के सदस्य हैं और 25 साल से ऐसा कैंप चला रहे हैं। वरिष्ठ नेताओं के साथ चल रहे क्लब के अध्यक्ष डॉ सुशील सीखची ने कहा कि क्लब की इस परियोजना का यह 25 वां वर्ष है, सुधारात्मक सर्जरी के लिए 110 रोगियों का चुनाव पहले स्क्रीनिंग के माध्यम से किया गया था।

वार्ड का दौरा करते हुए मलोनी ने विस्तार से पूछा कि मरीजों का चयन कैसे किया जाता है और मरीजों को ज़्यादातर किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ शाह ने बताया ''पहले हमने जांच शिविर लगाया था जिसका प्रचार जबानी और मुख्य रूप से सोशल मीडिया पर किया था।'' उन्होंने कहा कि उन्हें अमरावती के निजी अस्पतालों से 12 और मुंबई से तीन प्लास्टिक सर्जन से सहयोग मिलता है।

सबसे अधिक प्रसन्नता ये देख कर हुई कि पिछले 25 वर्षों से इस शिविर में उनकी सहायता कर रही उनकी पत्नी डॉ जागृति शाह ,एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, के अलावा उनकी 25 वर्षीय बेटी अपूर्वी भी डॉक्टरों की टीम में शामिल थीं, जिसने

RIPE मार्क मलोनी के साथ RIDE भरत पांड्या, DG राजीव शर्मा, DGN शब्बीर शाकिर और PDG किशोर केडिया।

अपना एमबीबीएस डिग्री कोर्स पूरा कर लिया है और प्लास्टिक सर्जन बनने के लिए प्रशिक्षण ले रही है।

रोगियों को आने वाली वाली मुख्य समस्याओं के बारे में पूछे जाने पर, उनमें से अधिकांश पीड़ित जले या झुलसे हुए आते हैं, डॉ जागृति ने बताया कि जिन रोगियों को चुना गया था, उनमें से कुछ तो बहुत साल पहले जले थे, कुछ मामलों में तो 20-25 साल पहले। ''इन लोगों में से अधिकांश गरीब परिवारों से हैं, कई आदिवासी क्षेत्र से, अंदरूनी गांवों और पड़ोसी राज्य से भी हैं, और जलने सेउन्हें जब ज़ख्म हो जाते हैं हैं, तो वे उसके ऑपरेशन का खर्चा वहन नहीं कर सकते। इसलिए वे सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र जा कर कुछ बुनियादी उपचार लेते हैं जो काफी नहीं है।''

चूँकि उन्हें तत्काल या उचित उपचार नहीं मिलता, ''वे मांसपेशियों में अवकुंचन जैसी जटिलताओं का सामना करते हैं,'' डॉ पंड्या ने बताया जो खुद एक सर्जन हैं।

RIPE मार्क मलोनी, एन काव्या जगमलानी से बात करते हुए। चित्र में RIDE भरत पांड्या भी शामिल हैं।

शिविर में हमने महिलाओं को ऐसे अवकुंचन के साथ देखा, जिसके परिणामस्वरूप कुछ महिलाओं की ठोड़ी उनकी गर्दन से चिपकी हुई थी या उनकी कोहनी उनकी तरफ खिसक गई थी। डॉ शाह ने कहा, ''इस शिविर में इन दोषों को ठीक किया जाएगा ताकि हम महिलाओं को दोहरे तिरस्कार से निजात पाने में मदद कर सकें - उनके रूप-रंग की वजह से होने वाला सामाजिक तिरस्कार और कार्य करने में असमर्थता, कोहनी के शरीर से चिपके होने की वजह से।''

उन्होंने ये भी बताया कि शिविर जन्मजात दोषों जैसे कि विच्छिन्न तालु, एक साथ चिपकी हुई उंगलिया, मूत्र विकृति आदि के साथ पैदा हुए बच्चों के ऑपरेशन भी किये जाएंगे। सर्जरी के दौरान उपयोग की जाने वाली सामग्री के लिए क्लब ने ₹5 लाख जुटाए थे; जबकि सर्जनों ने अपनी सेवाएं पूरी तरह से नि: शुल्क प्रदान कीं हैं, अस्पताल ने ऑपरेशन थिएटरों सहित रोगियों, उनके परिचारकों और निश्चित रूप से चिकित्सा बुनियादी ज़रूरतों का ख्याल रखा है।

डॉ शाह ने कहा कि अगर ''शिविर की लागत में डॉक्टरों की फीस भी शामिल होती और यही ऑपरेशन निजी अस्पतालों में किये जाते तो परियोजना की लागत लगभग ₹50 लाख पड़ती।''

डॉ जागृति ने कहा कि 110 रोगियों में से 22 रोगी दूसरी, तीसरी या चौथी बार के रोगी थे क्योंकि विकृति इतनी ज़्यादा है कि सुधारात्मक सर्जरी एक ही बार में नहीं की जा सकती। ''वे हमारे पास लौट के आते हैं क्योंकि उन्हें रोटरी में विश्वास है और जानते हैं कि हम उन्हें ठीक कर देंगे,'' वह मुस्कुराई।

अंत में युवा प्लास्टिक सर्जन बनने जा रही अपूर्वी बोली, ''पिछले कई सालों से मैंने अपने माता-पिता को समाज के लिए इतनी अधिक सेवा करते देखा है। वे जो कर रहे हैं, वह इतना प्रेरणादायक है कि मुझे शुरू से पता था कि मेरी ज़िंदगी यही है, अपने काम में से कुछ क्षण निकाल कर, वह मुस्कुराई।''

चित्र: रशीदा भगत

केरला बाढ़ पीड़ितों के लिए घर

जयश्री

केरल में त्रासदीपूर्ण ''सदी-में एक बार आने वाले'' बाढ़ में बह गए अपने सामानों के बाद, लोग अभी भी अपने जीवन को फिर से आबाद करने की कोशिश कर रहे हैं। वर्षा के कारण संपूर्ण राज्य में लगभग दस लाख से अधिक लोगों को विस्थापित होने की पीड़ा झेलनी पड़ी।

''मेरा सबकुछ बर्बाद हो गया। मेरी आँखों में दु:ख को व्यक्त करने के लिए अब आँसू नहीं बचे हैं,'' इस क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस तरह विलाप करते हुए देखना एक सामान्य दृश्य है। ध्वस्त घर, मलबों के ढेर में दबे घरेलू वस्तुएं, और हजारों एकड़ में लगी हुई फसलों को वर्षा के पानी में डूब जाना बाढ़ की विभीषिका के बाद दिखाई देने वाला आम दृश्य था।

एर्नाकुलम मंडल में उत्तरी कुथियाकोड एक ऐसा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, जहाँ सात लोगों की जान चली गई। रोटरी क्लब कोचीन हार्बर, रो ई मंडल 3211 के रोटेरियन ने यहाँ एक हरिजन कॉलोनी में 10 परिवारों की पहचान की है, जिन्हें नए घरों की बहुत अधिक जरूरत है। परियोजना के अध्यक्ष दिलीप नारायणन जी कहते हैं ''बाढ़ के दौरान और उसके बाद भी इस क्षेत्र में पहुँचना बहुत ही कठिन था। वर्षा के दौरान अधिकांश निवासियों को राहत केंद्रों में पहुँचाया गया। पानी के कम होते ही, लोगों की मदद करने के लिए हम राहत किट लेकर पहुँचें। लेकिन हमने कुछ परिवारों को बुनियादी आश्रय की सख्त जरू

अभिनेता जयसूर्या, क्लस्टर घरों की नींव रखते हुए। चित्र में (बाएं से तीसरे) डॉ राजेश सुभाष और प्रोजेक्ट चेयर दिलीप नारायणन (बाएं से चौथे) भी शामिल हैं।

RID सी भास्कर वायनाड में एक घर की नींव रखते हुए। चित्र में मंडल 3202 के DG ई के उमर, PDG गण ई के सगादेवन और पी एम शिवशंकरन भी शामिल हैं।

रत को महसूस किया और तभी हमने उनके लिए घर बनाने का निर्णय लिया।''

जी शंकर के नेतृत्व में हैबिटेट टेक्नोलॉजी ग्रुप ने एक व्यवहार्यता अध्ययन किया और योजनाओं का डिजाइन तैयार किया। ''कुछ घरों की गहन मरम्मती की जरूरत थी जबकि कुछ घरों का फिर से निर्माण करना जरूरी था। क्षति की गंभीरता के आधार पर, डिजाइन तैयार किया गया और हमने घरों के निर्माण और जीर्णोद्धार पर कुल ₹36 लाख खर्च किया।''

क्लब के सदस्य कृष्णप्रसाद की मदद से, जो एस्टर डीएम हेल्थकेयर ग्रुप में सीएसआर हेड हैं, क्लब ने इन घरों के निर्माण के लिए कॉरपोरेट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।

घरों के निर्माण की आधारशिला जनवरी में मलयालम अभिनेता जयसूर्या द्वारा क्लब अध्यक्ष सी वी इग्नाटियस, नारायणन और एस्टर समूह के स्वयंसेवकों की उपस्थिति में रखी गई। उन्होंने कहा, ''मैं इस वर्ष विशु (मलयालम नव वर्ष जो 14 अप्रैल को पड़ता है) के अवसर लोगों को नए घर रोटरी की ओर से उपहार होंगे।''

आजीविका का पुनर्प्राप्ति

कोचि के उपनगरीय गाँव परुर में लोगों की आजीविका के साधनों के स्रोत बाढ़ की विभीषिका की बलि चढ़ गए थे। बाढ़ की पानी में वर्कशॉप, जनरल स्टोर और टेलरिंग की दुकानें जल-प्लावित हो गई। इन छोटे व्यवसायों में संलग्न लोग अपने परिवारों के कमाई का एकमात्र जरिया थे और बाढ़ की विनाशलीला के बाद उनके पास दो जून की रोटी के लिए कोई साधन शेष नहीं बचा था। नारायणन ने कहा, ''हमने अपने कार्यों को एक साथ सम्मिलित कर लिया और संकट की इस घड़ी में लोगों का हरसंभव मदद करने का फैसला किया।'' इस तरह परियोजना जीवनधारा की अवधारणा तैयार की गई और रोटेरियन ने क्षेत्र के 79 परिवारों को सिलाई मशीन, उपकरण और अन्य सहायता उपहार में दिया ताकि वे लोग अपनी आजीविका फिर से शुरू कर सके।

इस परियोजना पर कुल मिलाकर ₹10 लाख खर्च किया गया जिसे क्लब के अपने संसाधनों से वित्त पोषित किया था। क्लब अब यहाँ आठ परिवारों के लिए घर बनाने के लिए वैश्विक अनुदान की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहा है।

वयनाड में एक और समारोह में रो ई मंडल 3202 DG ई के उमर की अध्यक्षता में एस्टर हेल्थ केयर समूह के साथ 25 घरों के निर्माण के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किया। रो ई अध्यक्ष सी भास्कर ने इस की नींव रखी। ■

असली खाने के बारे में बात

रोहन कामिचेरिल

विशेष व्यवस्था द्वारा

बीस मिलियन से भी अधिक की आबादी वाले मुंबई शहर में भारत के कुछ सबसे लज़ीज़ व्यंजन मिलते है। इस संदर्भ में, यह दुनियाभर के सभी महत्वपूर्ण शहरों - न्यूयॉर्क से लेकर सिंगापुर से लेकर हांगकांग तक - से कुछ समानता रखता है। लेकिन विक्रम डॉक्टर मुंबई द्वारा पेश किये जाने वाले सबसे दिलचस्प व्यंजनों की तलाश इन कुलीन प्रतिष्ठानों में नहीं करते है, बल्कि घर में पके हुए भोजन में, सड़क पर मिलने वाले भोजन में और स्टोर से खरीदें गए स्नैक्स में - संक्षिप्त में, आम आदमियों द्वारा खाए जाने वाले भोजन में इसकी तलाश करते है।

मुंबई के खाना पकाने के जीवन पर एक विश्वकोश स्रोत को तैयार करते हुये, डॉक्टर ने ऐसी चीजों की खोज करने और उन्हें संलेखित करने में सालों बिताए है जिन्हें अन्य बावर्चियों, खाने वालों, पाठकों, और यहाँ तक कि साथी खाद्य लेखकों ने भी सामान्य तौर पर महत्वहीन समझा है। उनके लेखन में, डॉक्टर ऐसे विभिन्न विषयों को सम्मिलित करते है जिनसे आधुनिक भारतीय खाद्य और उसका इतिहास बनता है, जैसे कि शुगर क्यूब की उत्पत्ति और उसके अचानक परिवर्तन से लेकर कैसे भारतीयों के वैचारिक झुकाव के आधार पर उन्होंने हरित क्रांति पर मिश्रित स्वीकृति दी।

भारतीय क्षेत्रीय भोजन पर उनकी खुली, स्पष्ट जांच उनकी ताज़गी देने वाली पारंपरिक पत्रकारिता नैतिकता के साथ-साथ उनके इस विश्वास की भी साक्षी है कि एक व्यक्ति को किसी स्थान के समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक खाद्य जीवन को जानने के लिए अलंकृत मेज़ों पर ही बैठने की आवश्यकता नहीं होती। उनका काम इस बात की पुनः पुष्टि करता है कि मुंबई में हर जगह जीवन फल-फूल रहा है - प्रतिभावान लघु स्तर के खाद्य उद्यमियों के कार्यों में; गर्वित एवं संकुचित समुदायों के भोजनों में जो उनका भोजन साझा करके अपने एकाकीपन से बाहर आ रहे है; और अप्रवासन की उस निरंतर संरचना में जो हर आर्थिक वर्ग के व्यक्ति को इस शहर की ओर खींचती है।

मैं डॉक्टर से उनके बांद्रा वाले अपार्टमेंट पर मिला, उनके घर में पुस्तकों के शेल्फ की कतारें लगी हुई थी जो किताबों से खचाखच भरे थे। मेरे लिए एक कप कॉफी बनाते और उनके मित्र के प्रसिद्ध क्रिसमस केक का टुकड़ा मुझे देने के दौरान, डॉक्टर ने मुंबई में बदलते भोजन के रूपों के साथ-साथ उनको बनाने के तरीकों में बदलाव पर बात की और यह भी कहा कि निरंतर परिवर्तन इस दिलचस्प, बहुसांस्कृतिक शहर का आवश्यक एवं अभिन्न हिस्सा है।

रोहन कमीचेरिल: क्या आप मुझे बता सकते है कि कैसे आप खाद्य लेखन के क्षेत्र में आए?

विक्रम डॉक्टर: सर्वप्रथम रेस्टोरेंटों की समीक्षाएं करके मैंने खाद्य लेखन में प्रवेश किया। लेकिन जल्द ही मैं उससे ऊब गया। उस समय मुंबई में इतने विविध प्रकार के रेस्टोरेंट नहीं थे। और रेस्टोरेंट की समीक्षा करने के लिए एक विशेष मानसिकता की आवश्यकता होती है - जो मेरे पास नहीं है। आपको बस रेस्टोरेंट के खाने में रुचि होनी चाहिए। भारत में रेस्टोरेंट के खाने और घर के खाने में गहन अंतर है और मुझे हमेशा घर का खाना अधिक सम्मोहक लगा। भारतीय समाज को भोजन के माध्यम से देखना दिलचस्प है। क्योंकि सबकी भोजन में रुचि होती है, आप किसी से भी इस पर बात कर सकते है। साथ ही भोजन ऐसे लोगों से जुड़ने का एक माध्यम है जिनकी अक्सर उपेक्षा की जाती है - विशेष रूप से महिलाएं, और नौकर-चाकर जो सामाजिक अनुक्रम में और भी नीचे है। और उनका इतिहास उनके भोजन में प्रतिबिम्बित होता है।

RK: समीक्षाएं करने के बजाए इतनी गहराई के साथ भोजन के बारे में लिखने का निर्णय लेना तार्किक रूप

ये सभी व्यंजन गरीब लोग अपने स्वयं के लिए बनाते है, जो पौष्टिक, स्वादिष्ट, और पर्यावरण की दृष्टि से संवहनीय होते है। लेकिन ये लुप्त हो रहे है।

एक बोहरा सभा पांपरिक थाली का आनंद लेते हुए।

से कैसा था? और आप जो करते है वह किस तरह अलग है?

VD: यह सब केवल लेखन है। मैं खुशकिस्मत रहा हूँ कि हमेशा मुझे ऐसे संपादक मिले जो समर्थक रहे। मेरे हिसाब से जो मैं करता हूँ वह अलग इसलिए है क्योंकि मैं उसकी थोड़ी अधिक जांच करता हूँ। एक पत्रकार होने के नाते आपको कहानियों की जांच करने की आदत होती है। मैंने पाया है कि जानकारी के ये सभी स्रोत है जिन तक लोग बस पहुँच नहीं रहे है।

लोगों को पता नहीं है कि भारत भर में कृषि अनुसंधान संस्थानों का एक अतुलनीय तंत्र है। यह कुछ हद तक अंग्रेजों की विरासत है, कुछ हद तक संपूर्ण ग्रामीण प्रभाव की। लगभग सभी चीजों के लिए एक कृषि अनुसंधान संस्थान है।

मैंने सवालों के साथ इन संस्थानों के निदेशकों को लिखना शुरू किया। उनमें से कुछ नौकरशाह थे, कुछ ने कहा कि उन्हें मुझसे बात करने के लिए अनुमति की आवश्यकता है, लेकिन बहुत से बात करने के लिए पूर्णतया इच्छुक थे, और मैंने पाया कि वे अद्भुत जानकारी की एक खदान है। किसान किन मुद्दों का सामना कर रहे है, सरकार द्वारा किस प्रकार के भोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है, और खाद्य कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा किसे प्रोत्साहित किया जा रहा है, इन सबके बारे में उन्होंने मुझे काफी परिज्ञान दिया। मेरे हिसाब से यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ मैंने थोड़ा हटके काम किया है। इस बात को समझते हुए कि ये सभी संसाधन मौजूद है और उनका बेहतर इस्तेमाल कैसे करना है।

RK: क्या इस प्रकार के संसाधन आपको ऐसी कहानियों तक ले गए जो अन्यथा आपको कभी नहीं मिलती?

VD: एक चीज़ जो मुझे काफी रुचिकर लगती है, वह है दाल। यह ऐसी चीज़ है जिसके बारे में लोग लिखते नहीं है, क्योंकि इसे मेन्यू में सबसे कम महत्व वाली चीज़ के रूप में देखा जाता है। लोग ब्रैड और मांस और सब्जियों के व्यंजनों पर ध्यान देते है, लेकिन दाल भारतीय खाने के मूल में है।

दाल नाइट्रोजन का योगिकीकरण करती है, वे सूखी ज़मीनों पर उगती है, वे सीमांत कृषकों के लिए आय अर्जित करती है। और, इन सबसे अधिक, बेशक, वे हमारे प्रोटीन के सबसे मुख्य स्रोत का उत्पादन करती है। लेकिन दालों पर बहुत कम काम किया गया है। मैंने इसकी जांच शुरू की और पाया कि फलियों एवं दालों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी खुद की दाल है, जिसके प्रति वे भयंकर रूप से वफदार है - या एक के बजाय दो या तीन भी हो सकती है। और अक्सर लोग भारत के अन्य हिस्से की दाल नहीं खाते है। आप भारत का दाल का एक नक्शा बना सकते है - तो दक्षिण में तुअर दाल, क्योंकि यह सांभर का आधार होती है। पंजाब में राजमा होगा। यह बहुत ही बिखरा हुआ बाज़ार है।

लेकिन साथ ही साथ जो हो रहा है और जो रोचक है, वह यह है कि व्यावसायिक हितों ने भी हस्तक्षेप कर दिया है। कनाडा, उदाहरण के लिए, अब तुअर के विकल्प के रूप में पीली मटर की दाल को बढ़ावा दे रहा है। वे दाल मिलों से यही निकाल रहे है, जिसके परिणाम स्वरूप, जिसे हम तुअर समझकर खाया करते थे वह अब पीली मटर की दाल है। मैं कहना चाहूँगा कि अधिकांश जगहों पर जहाँ आप सांभर खाते है, उसे अब तुअर दाल से नहीं बनाया जाता है। उसे पीली मटर की दाल से तैयार किया जाता है। और इससे सांभर का स्वरूप बदलता है। जरूरी नहीं कि यह अच्छा हो या बुरा हो - पीली मटर की दाल की उसकी अपनी खासियत है - लेकिन उन्होंने व्यंजन का स्वरूप परिवर्तित कर दिया है। यहाँ तक कि व्यंजन की खुशबू भी बदल गई है - तुअर की खुशबू अद्भुत होती है, और पीली मटर की दाल की कोई खुशबू नहीं होती।

RK: क्या आपको लगता है कि भारत जैसे देश में भोजन और तकनीक के मध्य कुछ तनाव लाजमी है? हरित क्रांति, जिसे अक्सर करोड़ों लोगों के खाने

मार्यम मद्रासवाला

ऊपर : इम्फाल में एक अखिल महिला बाज़ार जहा ताज़ा भोजन बनाया और परोसा जाता हैं।
***नीचे** : पंजाब में कोल्ड कॉफी, लस्सी की तरह पीतल के बर्तन में परोसा जाता है।*

के तरीके को बदलने का श्रेय दिया जाता है, भी आलोचनाओं से मुक्त नहीं है - उन्हीं कारणों से।

VD: भारत में एक खाद्य लेखक होने के नाते, आपको हमेशा यह बात दिमाग में रखनी होती है कि आप खाने के बारे में एक ऐसे देश में लिख रहे है जहाँ भुखमरी अभी भी एक बड़ा मुद्दा है। इसी वजह से आप कभी भी मुझे हरित क्रांति की आलोचना करते हुये नहीं देखेंगे। मुझे पता है यह फैशन परस्त है, और वंदना शिव जैसे लोग हरित क्रांति के बारे में बोलते ही रहते है - लेकिन मेरा नज़रिया है, 60 के दशक में वापस जाओ, रिपोर्ट पढ़ों, पढ़ों कि उस वक्त खाद्य उत्पादन कैसा चल रहा था। बुनियादी तथ्य यह है कि यदि हरित क्रांति नहीं होती तो लाखों लोग मर चुके होते। इसलिए, हाँ, हरित क्रांति के साथ बहुत सारी चीज़ें गलत हुई, इसने उर्वरक के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया, और इससे भी बदतर, कीटनाशकों के इस्तेमाल को। लेकिन इन सारी समस्याओं में से बहुत सी समस्याएँ उस कृषि विस्तार प्रणाली के कार्यान्वयन की असफलताओं की वजह से है जिसका उद्देश्य किसानों को चीजों के उचित इस्तेमाल के बारे में शिक्षित करने का था, और उसमें वे बुरी तरह असफल रहे। इसलिए हरित क्रांति के साथ बहुत सी समस्याएँ है और दुरुपयोग की बातें सत्य है और उन्हें ठीक किए जाने की आवश्यकता है।

RK: आप कहा बड़े हुये उसके बारे में मुझे कुछ बताइये।

VD: मैं मुंबई में पैदा हुआ था और लगभग बारह साल का होने तक यहीं रहा और फिर मैं चेन्नई में बड़ा हुआ और लगभग दो वर्षों तक मैंने कलकत्ता में पढ़ाई की। जब से मैं काम कर रहा हूँ तब से मुंबई में ही हूँ।

RK: क्या भोजन हमेशा से ही दुनिया को देखने के आपके नज़रिये का एक बड़ा हिस्सा रहा है?

VD: मेरे खयाल से। मेरे माता-पिता अलग-अलग समुदायों से है। मेरे पिता गुजराती है, मेरी माता मलयाली है इसलिए मैं एक ऐसे घर में बड़ा हुआ जहाँ विविध खाद्य परम्पराएं थी। मेरे माता-पिता की दो परम्पराओं के अलावा एक तीसरी परंपरा भी थी - जो हमारे नौकरों के भोजन की था। हमारे यहाँ हमेशा से बावर्ची थे, क्योंकि मेरी माता एक पत्रकार थी। मैं हमेशा इस बात पर ज़ोर देता हूँ क्योंकि लोग भूल जाते है कि भारतीय खाने में नौकरों का प्रभाव अधिक है। उनके द्वारा बहुत सा भोजन तैयार किया जाता है, जो उनसे प्रभावित होता है। हम इसके बारे में सोचना पसंद नहीं करते है क्योंकि हमारे दिमाग में हमारी माताओं द्वारा सभी चीजों के पकाए जाने की सुंदर छवि होती है।

मेरे खयाल से, एक तरीके से, किसी विशेष समुदाय से ताल्लुक ना रखने ने मेरी मदद की है, क्योंकि मैं इन सभी समुदायों में एक बाहरी व्यक्ति हूँ। लेकिन भोजन एक ऐसी चीज़ है जिसके बारे में सभी बात करना पसंद करते है। इसलिए लोगों के साथ बातचीत शुरू करने का यह हमेशा ही एक तरीका रहा है।

लेकिन जहाँ तक संभव होता है मैं हमेशा महिलाओं से, या नौकरों से बात करने में अधिक रूचि रखता हूँ। बहुत से लोग भोजन के बारे में बात करते है, इस बारे में अधिक जाने बिना कि वास्तव में इसे कैसे बनाया गया है या किन हालातों में इसे बनाया गया है। आपको असल बनाने वालों से बात करने की जरूरत है। अन्यथा खाने के बारे में केवल ये मिथक है जो हमेशा दोहराए जाते है। बहुत सा खाद्य लेखन काल्पनिक होता है। पारंपरिक रूप से भोजन पकाने वाला बड़ा समुदाय - महिलाएं, नौकर - अक्सर अनपढ़ होते थे और उन्होंने कभी कुछ नहीं लिखा। इसलिए उनकी परम्पराओं का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है और इसलिए हो सकता है कि आपके पास जो कुछ भी है उसमें बहुत कुछ काल्पनिक हो। लेकिन शिक्षित अनुमान लगाने और हमेशा उसी मिथक पर विश्वास करने के मध्य एक अंतर होता है। जब कोई आदमी खाने के बारे में बात करता है तो मुझे शक होता है। उनमें से बहुत सो को भोजन की वास्तविक उत्पत्ति का कोई खास अनुमान नहीं होता।

मेरे खयाल से, एक तरीके से, किसी विशेष समुदाय से ताल्लुक ना रखने ने मेरी मदद की है, क्योंकि मैं इन सभी समुदायों में एक बाहरी व्यक्ति हूँ।

RK: भारत में बहुत से आंतरिक प्रवासन के लिए मुंबई एक चुंबक रहा है। क्या आपको ऐसा लगा कि वे समुदाय मुंबईकरों के खाने के तरीके को बदल रहे है?

VD: हर समुदाय ने मुंबई के भोजन को कुछ हद तक बदला है। अब जो बात रोचक है वह यह है कि यह कैसे हुआ, कुछ हद तक इंटरनेट की वजह से, अब आप बहुत से छोटे समुदायों को अपना भोजन प्रोत्साहित करते हुये देख रहे है - ऐसे समुदाय जिनकी मुंबई के खाद्य परिदृश्य में पहले कोई स्पष्ट मौजूदगी नहीं थी। बोहरा मुसलमान का भोजन एक बढ़िया उदाहरण है। एक बंदा है जो गूगल में काम किया

होटल इमोइनु, इम्फाल में स्थानीय भोजन।

मुंबई में हर जगह मिलनेवाला फालुदा।

करता है और उसने अपनी माँ द्वारा पकाए हुये खाने को फेसबुक पर बढ़ावा देना शुरू किया। अब उसने अपनी नौकरी छोड़ दी है और वह दी बोहरी किचन नामक एक ब्लॉग चलाता है और इससे उसने एक व्यापार शुरू कर लिया है। वह अपने घर पर डिनर रखता है और उसकी माँ खाना पकाती है। वह एक उद्यमी बन गया है। बोहरा भोजन हमेशा से ही मुंबई का एक हिस्सा था, लेकिन यह हमेशा से ही एक छोटा, सीमित, और साथ ही एक समृद्ध समुदाय रहा है, इसलिए उन्हें कभी अपने भोजन को घर से बाहर बेचने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। सामान्य तौर पर वह गरीब लोग ही है जिन्होंने पारंपरिक रूप से अपना भोजन बेचा है। समृद्ध समुदायों को कदाचित ही इस प्रकार अपने भोजन को साझा करने की जरूरत पड़ती हो।

RK: आपके पॉडकास्ट का नाम दी रियल फूड पॉडकास्ट है। असली भोजन को आप कैसे परिभाषित करते है?

VD: जब हमने पॉडकास्ट बनाया तो हमारे दिमाग में हमेशा से ही यह बात थी कि हम घर के बने हुए खाने पर ध्यान केन्द्रित करेंगे, उस खाने पर जिसे लोगों ने वास्तव में खाया तो है पर किसी प्रकार से उसपर कभी कुछ लिखा नहीं। हमने पापड़ों पर पॉडकास्ट तैयार किया। इस बारे में बहुत कम लोग जानते है कि पापड़ों में क्या डलता है, पापड़म और अप्पलम और बाकी सभी प्रकार के पापड़ों में क्या अंतर है। इस बात में विरोधाभास है कि भारत में खाने को लेकर लोग कितना संकीर्ण हो सकते है। लोगों को खाने को आजमाने की इच्छा तब होती है जब वह उनके अपने खाने से पूर्णतः अलग होता है। लेकिन यदि वह थोड़ा भी उनके भोजन जैसा है, तो उन्हें उसमें रुचि नहीं होती, क्योंकि वे सोचते है, यह हमारे भोजन जैसा ही है!

इसलिए लोग इटेलियन या चाइनीज खाना पसंद करेंगे, पर वे ना केवल उनके पड़ोसी राज्य के भोजन को नहीं खाएँगे बल्कि वे उसके प्रति पक्षपाती भी होंगे। उनकी आपत्ति केवल इतनी ही नहीं है कि खाना समान है, बल्कि यह भी है कि वे उसे गलत ढंग से पका रहे है!

RK: क्या आपको लगता है कि राष्ट्रीय पाक पहचान को विकसित करने को लेकर कुछ प्रयास हुये है? क्या इसने क्षेत्रीय व्यंजनों का आनंद लेना मुश्किल कर दिया है?

कुछ भोजन-प्रबंधक अपनी बिरयानी को एक विशेष प्रकार की लकड़ी पर ही पकाने पर ज़ोर देते है क्योंकि उनका कहना होता है कि लकड़ी और इस्तेमाल किए जा रहे बर्तन की धातु का तैयार पकवान पर प्रभाव पड़ता है।

VD: मुझे नहीं पता ये प्रक्रिया कैसी चल रही है, लेकिन बेशक ऐसा हो रहा है। निस्संदेह रूप से आप कुछ समूहों द्वारा किए जाने वाले संयुक्त प्रयासों को देख सकते है जो परिभाषित करते है कि क्या भारतीय है और क्या गैर-भारतीय। बीफ पर होने वाली पूरी बहस में आप इसे देख सकते है।

एक अन्य समस्या है शाकाहारी और मांसाहारी भोजन के मध्य द्विभाजन। सबसे पहले, यह शब्द मांसाहारी विशेष रूप से भारतीय शब्द है। और यदि आप एक मांसाहारी है तो इसका मतलब बस इतना ही नहीं है कि आप मांस खाते है बल्कि आपको बहुत सारा मांस खाना होगा। आपको प्रमुख रूप से मांस खाना होगा। और यदि आप शाकाहारी है, तो आप किसी भी तरह का मांस नहीं खा सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि भारत में पाई जानी वाली बहुत सी विधियाँ, जैसा मैं इन्हें कहता हूँ, अर्ध-शाकाहारी है - ऐसी विधियाँ जो ज़्यादातर शाकाहारी है परंतु केवल स्वाद के लिए मांस का प्रयोग करती है। उदाहरण के लिए, कोंकण तट के ठीक नीचे आपको अनेक प्रकार की विधियाँ मिलेंगी जो मूल रूप से सब्जियाँ है जिनका सूखे झींगों के साथ स्वाद बढ़ाया गया है। और ये काफी सेहतमंद होती है क्योंकि उनमें तेल कम होता है, और वे पूर्ण रूप से संतुलित होती है, लेकिन वे लोप हो रही है।

और कुछ हद तक ऐसा इसलिए है क्योंकि सूखे झींगे बहुत बदबूदार होते है, इसी वजह से लोग इन्हें ना घर पर रखते है और ना रेस्टोरेंट में पकाते है। एक बावर्ची ने मुझे बताया था, मैं होटल में इन व्यंजनों को पकाना नहीं चाहता क्योंकि यदि मैंने इन्हें पकाया तो पूरा होटल सूखे झींगों की गंध से भर जाएगा। इस कारण अर्ध-शाकाहारी भोजन की यह पूरी श्रृंखला लुप्त हो रही है।

RK: भारत में इतना अधिक मांस का सेवन करीब-करीब जड़ासक्ति है। क्या आपको लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि इसे बहुत दबाया गया है?

VD: लोग विभाजित हो रहे है। यह एक उदाहरण है कि कैसे एक प्रभावी कथन हमारे खाने के तरीके को बदल रहा है। जब मेरी दादी बूढ़ी थी, चेन्नई में, तो उनकी देखभाल करने एवं उनके लिए खाना पकाने के लिए महिलाएं थी। वे उनके लिए बहुत सादा भोजन पकाती थी क्योंकि तब तक वह लगभग शाकाहारी हो चुकी थी। लेकिन वे जानती थी कि वे मांस खाते है, इसलिए वे उन्हें कुछ पैसे दे देती थी ताकि वे अपने लिए खाना बना सके। वह बहुत अधिक पैसे नहीं होते थे, इसलिए वे सबसे सस्ती चीज़ ले आती थी। दादी जानती थी कि मैं खाने का शौकीन था इसलिए वह उनसे कहती थी कि वही खाना मेरे लिए भी बना दे। और वे बहुत अनिच्छुक होती थी। वे कहती थी, वह कैसे यह खाना खाएगा? और मुझे कहना पड़ता था, नहीं, मैं सचमुच खाना चाहता हूँ। और फिर उन्होंने मेरे लिए भी वह सब लज़ीज़ भोजन बनाना शुरू कर दिया। वे अंतड़ियों जैसी चीज़ें बनाते थे, जिसे व्यापक रूप से उन दलितों द्वारा खाया जाता है जो बहुत गरीब होते है, लेकिन इस भोजन के बारे में आप अक्सर लिखा हुआ नहीं देखेंगे।

और कोई भी भारतीय रेस्टोरेंट आपको अंतड़ियाँ नहीं परोसेगा। लेकिन ये महिलाएं फलियों के साथ कटी हुई अंतड़ियाँ पकाती थी, या वे सूखी मछली बनाती थी। उनमें से एक भटे के साथ सूखी मछली का एक अद्भुत व्यंजन बनाती थी। ये सभी व्यंजन गरीब लोग अपने स्वयं के लिए बनाते है, जो पौष्टिक, स्वादिष्ट, और पर्यावरण की दृष्टि से संवहनीय होते है। लेकिन ये लुप्त हो रहे है।

RK: इस प्रकार से भोजन बनाना अक्सर उन रीति-रिवाजों और आदतों को दर्शाता है जो स्थानीय संस्कृतियों का प्रतिबिम्ब है और ऐसा रेस्टोरेंट नहीं करते। क्या आपको लगता है कि भारतीय क्षेत्रीय भोजन में रुचि को जागृत करने हेतु रेस्टोरेंट के भोजन से एक इंजिन के रूप में कार्य करने की उम्मीद करना अनुचित या अवास्तविक है?

VD: बहुत से युवा बावर्चियों की क्षेत्रीय भोजन में दिलचस्पी है। बहुत से पुराने बावर्चियों को पाँच-सितारा होटलों के बंधनों में रहकर कार्य करना होता है और इसलिए उन्हें समृद्ध ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही भोजन बनाना पड़ता है और इसने चीजों को बिगाड़ दिया है। लेकिन एक बड़ी

अमूल्य स्व-प्रकाशित खाद्य किताबें बक्सा





खाद्य लेखन और खाने की किताबों के भविष्य पर, विक्रम डॉक्टर कहते है:

यह दिलचस्प होने वाला है। बहुत से लोग छोटे, स्थानीय समुदायों के भोजन को संलेखित कर रहे है। मेरे हिसाब से हाल ही की भारत की कुछ सबसे रोचक खाद्य किताबें स्व-प्रकाशित की गई है और इससे लोगों को उनके समुदायों की कहानियों को इकठ्ठा करने में मदद मिलती है।

लेकिन इसमें पैसा लगता है, और इसलिए अधिक धनी समुदाय इसे कर सकते है। जैसे *दादिमा नो वरसो,* जो भारत में प्रकाशित सबसे अद्भुत खाद्य किताबों में से एक है। यह गुजराती और अँग्रेजी में है। इसे पालनपुरी जैन समुदाय, जिसके हीरा व्यापारी पूरी दुनिया में फैले हुये है, के एक महिला संघ द्वारा तैयार किया गया था।

एक बढ़िया स्व-प्रकाशित किताब का एक अन्य उदाहरण है *द इन्डिसाइसिव चिकन* (हिचकिचाने वाली मुर्गी), जिसे प्रजना देसाई द्वारा तैयार किया गया था। यह धारावी बीएनेल, एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी में जीवन को देखने के विभिन्न तरीकों को खोजने का एक प्रयास, की मदद से तैयार की गई है और बेशक उनके सबसे प्रसिद्ध कामों में से एक है। प्रजना एक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही कला विद्वान है जो झुग्गियों में महिलाओं से जुड़ने के एक तरीके की तलाश में थी। उनकी खाना बनाने में रुचि थी और उन्हें एहसास हुआ, जैसे हमेशा होता है कि एक महिला से उसके जीवन के बारे में बात शुरू करने के लिए भोजन एक बढ़िया तरीका है।

इसलिए उन्होंने एक समूह बनाया और उन्हें उनकी ज़िंदगियों पर और रोज़ उनके द्वारा पकाए जाने वाले भोजन पर बात करने के लिए मनाया और उन्होंने उसे संलेखित भी किया और उसकी तस्वीरें भी ली। परिणाम काफी अद्भुत है क्योंकि यह लोगों द्वारा उनके घरों में पकाए जाने वाले नियमित आहार का एक अभिलेख है। इसमें सामुदायिक प्रभाव भी है, जैसे कुम्हार समुदाय की एक महिला टूटे हुये मिट्टी के बर्तन के टुकड़े को गरम करती है और उसे उसके बैंगन के भरते में मिट्टी का स्वाद देने के लिए चलाती है।

पर अधिकतर विधियों एवं तस्वीरों से आपको भोजन का एक ऐसा भाव मिलता है जिसे वास्तव में महसूस किया गया था। लेकिन प्रजना को इसे स्वयं ही तैयार करना पड़ा क्योंकि कोई भी प्रकाशक इसकी व्यावसायिक प्रस्तुति नहीं करता। यह प्रकाशकों के बारे में कुछ निराशाजनक बाते कहती है, लेकिन वह तब भी इसे कर सकी यह बात शक्तिदायक है।

या यहाँ यूट्यूब है जहाँ हजारों भारतीय बावर्ची अपने खाना बनाने के वीडियो डाल रहे है। यह वास्तव में ज़रूरी है जब बात ब्रैड जैसी चीजों की आती है, जहाँ वीडियो हाथों को चलाने के तरीकों को समझने में आपकी मदद करता है जो बहुत ज़रूरी है। या *विलेज फूड फैक्ट्री* जैसे चैनल है, जहाँ एक कैमरा लिए एक व्यक्ति अपने पिता द्वारा बनाए जाने वाले भोजन को रिकॉर्ड करता है और बताता है कि गांवों में भोजन वास्तव में कैसे पकाया जाता है, और यह भी कि यह तमिल पाककला का एक पूर्णतः अलग मांसाहारी पहलू है। यह हमेशा लेखन के रूप में नहीं होता है, बल्कि यह दस्तावेजीकृत होता है।

ऐसा दस्तावेजीकरण आपको बिन्दुओं को जोड़कर बड़ी तस्वीर बनाने का एक मौका देता है। भारतीय भोजन की बहुत सी कहानियाँ कही जानी है। आपके पास समुदाय, जाती एवं लिंग अनुक्रमों और कैसे वे भोजन को प्रभावित करते है, के बारे में कहानियाँ है। पर्यावरण परिवर्तन और कैसे इसके परिणामस्वरूप भोजन बदल रहा है, के बारे में कहानियाँ है। बेशक, कुछ प्रभाव समस्यात्मक हो सकते है और उन पर ध्यान दिया जा सकता है, लेकिन यह बात भी बड़ी दिलचस्प है कि कैसे ये सब स्वयं ही अपना समाधान कर रहे है। लिखने के बारे में बहुत कुछ है!

खानपान प्रणाली में जिस प्रकार वह खाना पकाया जाता है वह मनोहर होता है। उदाहरण के लिए, शादी के भोजन-प्रबंधकों का अपना अलग भोजन होता है। बावर्चियों एवं भोजन-प्रबंधकों से सीखने के लिए बहुत कुछ है। वैसा ही अंतर जैसा विभिन्न प्रकार की लकड़ियों द्वारा बनाए गए भोजन में होता है। कुछ भोजन-प्रबंधक अपनी बिरयानी को एक विशेष प्रकार की लकड़ी पर ही पकाने पर ज़ोर देते है क्योंकि उनका कहना होता है कि लकड़ी और इस्तेमाल किए जा रहे बर्तन की धातु का तैयार पकवान पर प्रभाव पड़ता है।

जहाँ स्टेनलेस स्टील के बर्तन आजकल सर्वव्यापी हो गए है, विषेशरूप से घरों में, बहुत से भोजन-प्रबंधक अभी भी पारंपरिक धातुओं का इस्तेमाल करते है। स्टेनलेस स्टील एक कारण से भारतीय रसोईघरों में आया है: क्योंकि उसे साफ करना आसान होता है। यह एसिड के साथ प्रतिक्रिया नहीं करता है। और गृहणियों की एक पूरी पीढ़ी जो बहुओं के रूप में बड़ी हुई और जिन्होंने उनके जीवन का एक बड़ा हिस्सा पीतल के बर्तन मांजने में बिताया था उन्होंने इसे अपनाया। यदि आपने कभी पीतल के बर्तन को मांजा होगा तो आपको पता होगा कि उसे मांजने में कितना सिरदर्द है। आपको इमली का पानी लेकर उसे ज़ोर-ज़ोर से घिसना पड़ता है। और इस प्रकार भारतीय रसोईघरों में स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का प्रवेश हुआ। कबाड़ीवाले घर-घर जाकर पीतल के बर्तनों के बदले स्टेनलेस स्टील के बर्तन दिया करते थे। और यह पूरा काम वस्तु-विनिमय से चलता था इसलिए पैसा सम्मिलित नहीं था। बहुत सी महिलाएं जिनके पास पैसे नहीं होते थे, परंतु बर्तन एवं साड़ियाँ होती थी वे ये वस्तु विनिमय कर पाती थी और अपने रसोईघर में स्टेनलेस स्टील के बर्तन ला पाती थी।

पारंपरिक गुजराती व्यंजन।

उसका रखरखाव सरल है, यह हल्का होता है, साफ करने में आसान होता है। लेकिन यह खाना पकाने का अच्छा माध्यम नहीं है - यह अच्छे से गर्मी को संचालित नहीं कर पाता, इस वजह से बहुत से भोजन-प्रबंधक स्टेनलेस स्टील के बजाए तांबा या पीतल या टिन का इस्तेमाल करते है। वे ज़ोर देते है, सही ढंग से, कि एक विशेष स्वाद को प्राप्त करने के लिए, उन्हें वे बर्तन चाहिए। मंदिरों में बनने वाला भोजन अभी भी बड़े स्तर पर पारंपरिक पात्रों और पारंपरिक बर्तनों में ही पकाया जाता है।

सौजन्य: *www.onceuponatiffin.com*

चित्र: रशीदा भगत

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी द्वारा कोवलम गाँव का कायाकल्प

वी मुत्तुकुमारण

स्वच्छ भारत अभियान, का एक उद्देश्य भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) देश बनाना है। परंतु, इस मोर्चे पर नीति निर्माताओं और नागरिक अधिकारियों द्वारा सामना किए जाने वाले भारी चुनौतियों को देखते हुए करने की तुलना में ऐसा कहना अधिक आसान प्रतीत होता है। उदाहरण के लिए, ईसीआर राजमार्ग पर चेन्नई से 24 कि मी दूर स्थित कोवलम नामक एक ग्राम पंचायत, जिसमें नौ बस्तियों में 2,400 से अधिक परिवार रहता हैं उनमें से अधिकांश घरों में शौचालय नहीं है और वे या तो झाड़ियों की आड़ में या दलदली भूमि पर या खुले मैदान में शौच करते हैं।

लेकिन रोटरी क्लब चेन्नई ईसीआर, रो ई मंडल 3232 के सहयोग से स्वच्छता की उनकी दयनीय स्थिति में सुधार दृष्टिगोचर हो रहा हैं। क्लब ने गाँव को गोद लेने के बाद पानी और लाइट की व्यवस्था के साथ 32 शौचालयों के निर्माण में थोड़ा भी समय बर्बाद नहीं किया। अपने प्रारंभिक अध्ययन के दौरान, क्लब ने देखा कि 4 वर्ग किलोमीटर के बड़े गाँव में 4,000 महिलाओं सहित 8,000 से अधिक लोगों के लिए केवल 800 शौचालय उपलब्ध हैं।

परियोजना अध्यक्ष रवि कंदसामी कहते हैं कि ''इस दो वर्षीय क्लब के सदस्यों ने इस गाँव के विकास के लिए अपने विचारों को एक साथ प्रस्तुत किया।''

सदस्यता निदेशक रफीक सैट, क्लब के अध्यक्ष अंजन रंगराजन और सचिव अजीत नायर ने स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध कराने, पीने का पानी प्रदान करने, हरित कवर में सुधार करने, स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने और कोवलम में नौकरी करने वाले युवाओं को व्यावसायिक कौशल प्रदान करने जैसी सुविधाओं उपलब्ध कराने के लिए ओडीएफ के उद्देश्यों पर विचार-विमर्श किया।

कोवलम गाँव में एक लाभार्थी परिवार के साथ प्रोजेक्ट चेयरमैन रवि कंदसामी।

जब वर्ष 2017 के उत्तरार्ध में यह परियोजना शुरू हुई, तब ''एक कार्यशील शौचालय स्थापित करना बहुत ही बड़ा प्रतीत हुआ, क्योंकि लोग सार्वजनिक मूत्रालय का भी इस्तेमाल नहीं कर रहे थे और अधिकांश परिवार स्वच्छता सुविधाओं का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं था। इसके साथ ही, लोगों के बीच शौचालयों का उचित रखरखाव करने और उसका उपयोग करने की मानसिकता का अभाव था,'' कंदासामी कहते हैं।

क्लब राशि एकत्र कर शौचालयों के निर्माण के लिए अपने संसाधनों में वृद्धि करता है। प्रत्येक शौचालय के निर्माण की लागत ₹32,000 है - प्रत्येक शौचालय के निर्माण के लिए क्लब ₹20,000 का योगदान देता है, जबकि शेष राशि स्वच्छ भारत योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा अनुदान के रूप में दी जाती।

कोवलम में रोटरी शौचालय की योजना का लाभ लेने के लिए, परिवार को गरीबी रेखा से नीचे होना चाहिए, उनकी संपति उनके नाम पर पंजीकृत होनी चाहिए और कमाने वाले सदस्य के पास आधार कार्ड होना चाहिए। नायर कहते हैं, ''हम स्थानीय युवाओं की एक टीम का गठन किया हैं जो निर्माण में कुशल हैं और वे हमारी परियोजना के विस्तार के लिए डेटाबेस तैयार करने में भी हमारी मदद करते हैं।''

मौजूदा परिस्थितियों और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की बेहतर समझ के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण निष्पादित किया जा रहा है। वे कहते हैं, ''हम दिसंबर तक न्यूनतम 100 शौचालयों के निर्माण के साथ मार्च तक 50 इकाइयों के मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध हैं।''

संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

छह तालाबों और एक झील के अतिरिक्त, 50,000 से एक लाख लीटर की क्षमता वाले आठ ओवरहेड टैंक (ओएचटी) होने के बावजूद, ग्रामीणों को सुरक्षित, पीने के पानी की सुविधा नहीं है। 65 वर्षीय ग्रामीण वी ललिता व्यस्थित शब्दों में कहती है, ''हमारे पास पंचायत द्वारा स्थापित सडक़ नल भी हैं, लेकिन वे सूखे रहते हैं क्योंकि ओएचटी इन स्टोरेज टैंकों में पानी नहीं भरते हैं।''

दो बच्चों वाला चार सदस्यीय यह परिवार क्लब द्वारा निर्मित पहले मॉडल टॉयलेट का प्राप्तकर्ता है, जो अपने घर के निकट स्थित है। वह कहती है, ''शौचालय प्रदान कर रोटरी ने हमारे जीवन में सार्थक परिवर्तन किया है, लेकिन हमें अपने दैनिक कामों के लिए एक साझे कुएं से प्रतिदिन कम से कम 12 घड़े पानी ढोकर लाना पड़ता है। हमने उनसे अपने घर और शौचालय में नियमित पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का अनुरोध किया है।''

कंदासामी कहते है कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार संपूर्ण गाँव में लगभग 30 हैंड पंप और कुछ सार्वजानिक कुएँ हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर उपेक्षित हैं और जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं। ''योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, हम स्थानीय युवाओं को मिला कर एक समूह का निर्माण किया हैं जो समुदाय के लिए सुविधाओं के रखरखाव में मदद करेंगे।'' नियमित दौरा कर रोटेरियन इन इकाइयों के उचित उपयोग और अच्छी स्थिति में रखा जाना सुनिश्चित करेंगे।

वे कहते है कि अन्य क्लबों के सहयोग करने और आरआई के पास वैश्विक अनुदान आवेदन जमा कर अधिक राशि एकत्र होने की उम्मीद है। ग्रामीणों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस प्लांट स्थापित करने की योजना विचाराधीन है।

अन्य कार्यक्रम

क्लब के रोटेरियन की पत्नियाँ गाँव के महिलाओं को नवीनतम डिजाइन के हैंडबैग और आभूषण बनाने का प्रशिक्षण दे रही हैं। ''अब हम एक सांयकालीन क्लिनिक की स्थापना पर विचार कर रहे हैं जहाँ एक सेवा के लिए तत्पर डॉक्टर परामर्श और मुफ्त दवाइयाँ देंगे।''

कोवेलाम में एक पुर्तगाली मिशनरी द्वारा शुरू की गई 200 वर्षीय संस्था सेंट जोसेफ एचएस स्कूल में एक इंटरैक्ट क्लब स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों के बारे में शिक्षित किया जाएगा और दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि वे अपने परिवार और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सके। ■

बिलासपुर में महिलाओं को सशक्त बनाना

टीम रोटरी न्यूज़

PDG विवेक तन्खा (बीच में) और रोटरी क्लब बिलासपुर क्वींस की अध्यक्ष प्रेरणा सुराणा के साथ प्रोजेक्ट पिंकलाइन के लाभार्थियाँ।

रोटरी क्लब, बिलासपुर क्वींस, रो ई मंडल 3261, बिलासपुर पुलिस के सहयोग से, छत्तीसगढ़ में निराश्रित महिलाओं को पिंक लाइन नामक एक अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है।

यह एक वैश्विक अनुदान परियोजना है, जिसे रो ई मंडल 5300, यूएसए और टीआरएफ के साथ मिलकर पूरा किया गया है, जिसके पहले चरण में 15 जरूरतमंद महिलाओं को इलेक्ट्रिक रिक्शा उपलब्ध कराया गया। इस कार्य पर कुल 32,000 डॉलर खर्च हुआ, जिसमें से रो ई मंडल 3261 के डीडीएफ द्वारा 10,000 डॉलर का योगदान दिया गया; रो ई मंडल 5300 के डीडीएफ द्वारा 5,000 डॉलर; और रोटरी क्लब बिलासपुर क्वींस के अध्यक्ष प्रेरणा सुराणा ने 1,270 डॉलर का योगदान दिया; और बाकी खर्च को टीआरएफ के मिलान अनुदान द्वारा पूरा किया गया। प्रेरणा ने कहा कि इस पहल से 75 वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

डीजी निकिलेश त्रिवेदी, पीडीजीएस हरजीत सिंह हुरा, सुभाष साहू और राकेश चतुर्वेदी की मौजूदगी में इन महिलाओं को ई-रिक्शा सौंपा गया। रो ई मंडल 5300 के पीडीजी राघड़ा खौरी और मिशेल ड्रिएबे भी उपस्थित थे।

महिलाओं को परिचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बातों के बारे में बताया गया और लाइसेंस दिए गए, और पुलिस द्वारा उन्हें आत्मरक्षा के कौशल में प्रशिक्षण दिया गया। महिला चालकों की अलग पहचान सुनिश्चित करने के लिए, बिलासपुर पुलिस ने उन्हें गुलाबी वर्दी प्रदान की है और विशेष रूप से लड़कियों और महिलाओं को लाने और छोड़ने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के साथ गठजोड़ पर काम कर रही है। ■

पोलियो के मोर्चे पर हमें सावधानी बरतने की आवश्यकता है

रोटरी अंतर्राष्ट्रीय के रोटरी संस्थान ने अपने पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम - पोलियो प्लस - के जरिये 1985 में *'मिशन इम्पॉसिबल'* के अपने ही संस्करण की शुरुआत की। 1988 में, वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल (GPEI) में यह WHO, UNICEF और यूएस सेंटर्स फॉर डिसीस कंट्रोल के साथ एक साझेदार बना। दुनिया भर के रोटेरियन इस नेक काम को लेकर उत्साहित थे और उन्होंने दिल खोलकर पैसों से एवं राष्ट्रीय टीकाकरण दिवसों पर भागीदारी करके अपना पूरा-पूरा योगदान दिया। टीआरएफ़ की तलाश को बूस्टर डोज़ बिल एंड मेलिंडा गेट्स फ़ाउंडेशन ने दिया, जिसने पोलियो उन्मूलन के लिए रोटरी द्वारा इकठ्ठा किए गए धन का 2:1 के आधार पर मिलान करना जारी रखा है।

वर्ष1988 में शुरू हुई इस पहल के बाद उस वर्ष में लगभग 350,000 मामलों से गिरकर, पूरे 2018 में खतरनाक पोलियो वायरस के 33 मामलों तक आ गए है, जिसमें सभी मामले या तो अफ़गानिस्तान (21) या पाकिस्तान (12) से थे। अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान और नाइजीरिया को स्थानिक देश घोषित किए जाने के अलावा, नाइजर, सोमालिया, कांगो लोकतान्त्रिक गणराज्य और पापुआ न्यू गिनी की स्थिति पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है।

पाँच वर्ष पूर्व, 27 मार्च 2014 को, WHO ने भारत को 'पोलियो मुक्त' घोषित किया था। लेकिन खतरनाक पोलियो वायरस वस्तुतः हमारी चौखट पर ही है। इसलिए हमें हमारे वित्त की योजना बनाने एवं आखिरी मील तक पहुँचने की आवश्यकता है। आखिरी मील सबसे कम प्रभावी एवं सबसे महंगा होता है।

आत्मसंतोष दो दशकों के हमारे प्रयासों को केवल खतरे में डालेगा। दुनिया भर के रोटेरियन एकजुट है और दुनिया से पोलियो के खतरे को मिटाने के प्रयास के लिए योगदान दे रहे है। जब ऐसा होगा, तो यह चेचक के बाद पूरी तरह से उन्मूलित होने वाली दूसरी बीमारी होगी।

यद्यपि बाकी की दुनिया उनके हिस्से का योगदान दे रही है, हमें एक देश के रूप में योगदानों के मामले में अधिक दृढ़ता दिखाने की आवश्यकता है। भारत के हर एक रोटेरियन और हर एक रोटरी मंडल को वित्तीय रूप से इस पहल के लिए योगदान देना चाहिए ताकि दुनिया को पंगु बनाने वाली इस बीमारी से मुक्त किया जा सके। चूंकि यह वायरस हमारी दहलीज़ पर है, इसलिए हमारी सतर्कता कभी कम नहीं होनी चाहिए।

गुलाम वाहनवती
ट्रस्टी, रोटरी फाउंडेशन

बंगाल 20 के स्कूलों में WinS शुरू किया गया

टीम रोटरी न्यूज़

रो ई मंडल 3291 के चार क्लबों- बेलूर, कलकत्ता चौरंगी, कलकत्ता नॉर्थ सबर्बन और चंदननगर की वैश्विक अनुदान पहल की बदौलत हावडा, हुगली, पश्चिम मिदनापुर और मुर्शिदाबाद के बीस सरकारी स्कूलों में बेहतर स्वच्छता सुविधाएँ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इन क्लबों ने रो ई मंडल 5160 के छह क्लबों डेनविले / साइकैमोर वैली, अलामो, डैनविल्ले, रिचमंड, और अमेरिका के सैन रेमोन वैली और टीआरएफ़ के साथ साझेदारी कर 127,000 डॉलर से अधिक लागत की WinS परियोजना को 18 महीने में कार्यान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने 23 फरवरी को कोलकाता के रोटरी सदन में, आरसी डैनविल्ले / साइकैमोर वैली से डीजी मुकुल सिन्हा, डीजीई अजय अग्रवाल और डॉ रंजीत चक्रवती की उपस्थिति में रोटरी की 114 वीं वर्षगांठ के अवसर पर परियोजना का शुभारंभ किया।

परियोजना के अध्यक्ष विष्णु ढांढनिया ने कहा कि मासिक-धर्म के प्रबंधन का प्रशिक्षण भी इस परियोजना का एक अभिन्न हिस्सा है, और बैठक में रोटरी क्लब बैंगलोर वेस्ट, रो ई मंडल 3190 के डॉ मीनाक्षी भरत द्वारा सुझाए गए बातों पर विचार किया गया कि फिर से इस्तेमाल किए जाने वाले पैड्स को दान किया जाएं जिसका कम से कम 2-3 वर्षों तक उपयोग किया जा सकता है। ''वे रसायनों से मुक्त होते है, और पर्यावरण के अनुकूल भी हैं और उनकी लागत केवल 200 है,'' उन्होंने कहा।

DG मुकुल सिन्हा और DGE अजय अग्रवाल की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी WinS परियोजना का शुभारंभ करते हुए।

Rotary PEOPLE OF ACTION

कमज़ोर बच्चों को उदार माताओं से जोड़ना

जयश्री

डॉ भाग्यश्री पाटिल, कुलपति, डी बाई पाटिल अस्पताल, PDG गण लैंला रिस्टेली, मेटी होनकला; परियोजना निदेशक रवि राजापुरकर और PDG दीपक शिखरपुर की उपस्थिति में PDG विरपी होनकला जो फिनलैंड से हैं ने दूध बैंक सुविधा का उद्घाटन किया।

रोटरी क्लब निगडी-पुणे, रोई मंडल 3131, की पहल के कारण पुणे के डी वाय पाटिल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में अब एक समर्पित मातृ दुग्ध बैंक है। तीन वर्षों के सतत समर्पण के बाद इस 100 सदस्यीय क्लब ने फ़िनलैंड और विएन, ऑस्ट्रिया, और टीआरएफ के साथ इस जीवन-रक्षक सुविधा को इस अस्पताल में स्थापित करने हेतु हाथ मिलाया। परियोजना की लागत 65,700 डॉलर थी और इसमें नवजात बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित तरीके से मानव दूध को संरक्षित करने और इसे उन्हें प्रदान करने हेतु परिष्कृत उपकरण का आयातन भी शामिल है।

तीन वर्ष पहले, यह डी वाय अस्पताल छोटे स्तर पर एक दुग्ध बैंक का संचालन कर रहा था, उस समय यहाँ रोजाना कम से कम 20 प्रसव भी होते थे। ''हम मानव दुग्ध बैंक परियोजना को लागू करने के लिए एक साझेदार की तलाश में थे। तब ही रोटरी क्लब निगदी की तत्कालीन अध्यक्ष डॉ शुभांगी कोठारी ने इस मुद्दे की चर्चा केंद्र प्रमुख डॉ शैलजा माने के साथ की और चीज़ें सफलतापूर्वक होना शुरू हो गई,'' क्लब अध्यक्ष सुभाष जयसिंघानी कहते है। कोठारी ने इस परियोजना के निदेशक के रूप में पूर्व अध्यक्ष रवि राजपुरकर को नियुक्त किया। परियोजना की अनुमानित लागत 65,000 डॉलर से अधिक थी जिसके लिए वैश्विक अनुदान की मांग की गई थी।

तत्कालीन गवर्नर प्रशांत देशमुख और DRFC दीपक शिकरपुर ने डीडीएफ से 13,000 डॉलर देने की सहमति दी और फ़िनलैंड के रोटरी क्लब मदद के लिए आगे आए क्योंकि पीडीजी विर्पी होंकाला के माध्यम से इथियोपिया में हम पहले ही एक फेको-मशीन नेत्र देखभाल परियोजना के लिए साझेदारी कर चुके थे। होंकाला की पहल पर, फ़िनलैंड के पांच ज़िलों ने 15,000 डॉलर का योगदान दिया, जबकि रोटरी क्लब विएन, ऑस्ट्रिया, ने 4,000 डॉलर की सहायता की और प्राधिकरण पुणे, चिंचवाड़ मोर्य और आकुर्डी के रोटरी क्लबों ने प्रत्येक ने 500 डॉलर का योगदान दिया। टीआरएफ ने भी समान योगदान दिया और इस तरह अस्पताल में पाश्चराइज़र, एनालाइज़र, सोनिकेटर इत्यादि के साथ एक परिष्कृत दुग्ध बैंक की स्थापना हुई।

दुग्ध बैंक की अब दो घंटे में नौ लीटर दूध पाश्चुरिकृत करने की क्षमता है, जिससे ना केवल इस अस्पताल के शिशुओं को बल्कि आसपास के अस्पतालों में जन्में नवजातों को भी लाभ प्राप्त होगा।

''अस्पताल ने आश्वासन दिलाया है कि यह सुविधा अस्पताल में सालाना जन्म लेने वाले 1,800 नवजातों के अतिरिक्त आसपास के अस्पतालों के 2,500 बच्चों को भी सेवा प्रदान करेगी,'' जयसिंघानी कहते है।

अस्पताल के कुलाधिपति डॉ पी डी पाटिल और कुलपति भाग्यश्री पाटिल के साथ हस्ताक्षरित हुए एक समझौता ज्ञापन से यह सुनिश्चित होगा कि यह अस्पताल प्रचालन लागत वहन करेगा और नवजात शिशुओं को मुफ्त में यह सुविधा प्रदान करेगा। इस केंद्र में एक शोध और प्रशिक्षण सुविधा है जो बड़े पैमाने पर, माताओं और समुदाय के मध्य, स्तनपान के लाभों और शिशु मृत्युदर को कम करने में इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाता है। ''हम इस तथ्य को दोहराते है कि नवजात शिशुओं के लिए एक आदर्श पौष्टिक आहार होने के अलावा, स्तनपान माताओं और बच्चों में रोग के जोखिम को कम करता है। मानव दुग्ध बैंक उन महिलाओं के लिए सबसे अच्छा समाधान है जिनके पास अतिरिक्त दूध है,'' वह कहते है।

जनवरी के अंत में पीडीजी होंकाला और फ़िनलैंड के छह अन्य रोटेरियनों की मौजूदगी में इस सुविधा का उद्घाटन किया गया। ■

मोहिनीयाट्टम
बहता हुआ लावण्य

सीता रत्नाकर

अरब सागर की उत्तेजित लहरों की ताल पर हवा में झूमते हुए आकर्षक नारियल के पेड़ों को केरल की तटरेखा पर देखने का दृश्य वाकई अद्भुत है। यह वास्तविक मनोहर हरकतें मोहिनीयाट्टम, केरल में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित किया जाने वाला एक पारंपरिक नृत्य, की ज़िंदादिल हरकतों में प्रतिबिंबित होते है। यह नृत्य लास्य या नृत्य के स्त्री पक्ष पर आधारित है जो देवी पार्वती, शिवजी की पत्नी, को समर्पित है। यह नाम मोहिनी, देवताओं और असुरों के मध्य लड़ाई के दौरान विष्णु जी द्वारा लिए गए एक दिव्य सुंदरी के अवतार से लिया गया है। मोहिनी अपने सर्वोच्च आकर्षण को अमृत को हासिल करने हेतु उपयोग करती है, और उसे देवताओं के मध्य वितरित करके यह सुनिश्चित करती है कि दुनिया में केवल अच्छाई ही जीतती है।

मोहिनीयाट्टम को आरंभ में *थेवरादियाची* के नाम से जाना जाता था जिसका मतलब होता है दासी या भगवान के चरणों के सेवक और मूल रूप से यह मंदिर नृत्य विशेषतौर पर महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता था। केरल में डचों के शासनकाल के दौरान इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था और बाद में महाराजा स्वाति तिरुनल रामा वर्मा द्वारा इसे पुनर्जीवित किया गया जो दरबारी नर्तकों को केरल लेकर आए और नए रंगपटल का सृजन करने के लिए कई नए पदमों की रचना की। 1892 में अंग्रेजों द्वारा चलाए गए नाच-विरोधी आन्दोलन ने संपूर्ण भारत में शास्त्रीय नृत्यों के पतन की शुरुआत की और कोचीन एवं त्रावणकोर की रियासतों में मोहिनीयाट्टम को कलंकित किया। मंदिर नृत्यों के कथित रूप से सम्मोहक हाव-भाव का 20वीं शताब्दी की शुरुआत में प्रकाशित हुई *दी रॉन्स ऑफ़ इंडियन वुमनहुड* में व्यंग्यात्मक चित्रण किया गया और प्रतिबंध भी लगाया गया जिसे आंशिक रूप से 1940 में निरस्त किया गया। राष्ट्रीय कवि वल्लाथोल नारायण मेनन ने मोहिनीयाट्टम को पुनर्जीवित और पुनःरचित किया और उन्होंने इसपर लगे प्रतिबंध को निरस्त करने में मदद की और

केरल कलामंडलम की स्थापना करके इसके संरक्षण की शुरुआत की। इस प्रतिष्ठित संस्थान ने अनेक प्रसिद्द मोहिनीयाट्टम कलाकारों के नृत्य कौशलों को और भी अधिक निखारा जो इस कला को भारत के कई हिस्सों के साथ-साथ विदेशों तक ले गए। कल्याणीकुट्टी अम्मा केरल कलामंडलम के प्रसिद्द भूतपूर्व छात्रों में से एक है और उनका विवाह कथकली उस्ताद कलामंडलम कृष्णन नायर से हुआ था। उन्होंने इस नृत्य कला को लुप्त होने वाली अवस्था से निकालकर पुनर्जीवित करने में अहम भूमिका निभाई और इसे एक औपचारिक संरचना प्रदान करके भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मुख्यधारा में शामिल किया। उनकी किताब, मोहिनीयाट्टम - हिस्ट्री एंड डांस स्ट्रक्चर को मोहिनीयाट्टम का एक विस्तृत और प्रमाणिक प्रलेख माना जाता है।

मोहिनीयाट्टम पारंपरिक रूप से एक अभिव्यंजक एकल नृत्य है या कैसिकी वृत्ति (मनमोहक शैली) में प्रस्तुत किये जाने वाला एकाहार्य अभिनय है जैसा कि भरत के नाट्य शास्त्र में वर्णित किया गया है। इसका रंगपटल भरतनाट्यम के समान है और प्रस्तुत की जाने वाली सात मुख्य चीज़े है चोलकट्टु (माता भगवती का आह्वान), स्वराजाती या शुद्ध नृत्य, वर्णम, जिसमें नर्तक एक कहानी या विषयवस्तु का वर्णन करता है, पदम, भावनाओं को व्यक्त करना, तिल्लाना या शुद्ध नृत्य, श्लोकम और सप्थम। इस नृत्य को पैरों को फैलाकर खड़ा होने और घुटनों को आगे की ओर मोड़ने एवं शरीर की सौम्य हरकतों के माध्यम से पहचाना जा सकता है। पग कार्य भी सुलभ होता है और अस्थिर हरकतें एवं हाथों की मुद्राएं लय के साथ तालबद्ध होती है। कई पारंपरिक गीतों के बोल मणिप्रव्लम में है जो संस्कृत, मलयालम और तमिल का मिश्रण है। वेशभूषा अपनी सादगी में असाधारण रूप से सुन्दर है। यह आमतौर पर कपास से निर्मित श्वेताभ और सुनहरी रंग की पोशाक होती है और क्षेत्रीय आभूषणों को श्रृंगार के लिए पहना जाता है। बाईं और जूड़े में बंधे बालों को चमेली के फूलों से सजाया जाता है। दक्षिण भारत के अनेक मंदिरों में इसी वेशभूषा में पाई जाने वाली नर्तकियों की पत्थर की नक्काशी मंदिरों और नृत्य के मध्य एक ठोस संबंध स्थापित करती है।

डॉ. कनक रेले एक गुजराती व्यावसायिक परिवार से है जिन्होंने अपनी शादी के बाद 28 वर्ष की उम्र में मोहिनीयाट्टम सीखना शुरू किया था। मोहिनीयाट्टम कलाकार बनने से पहले वह कथकली और भरतनाट्यम नर्तकी थी। उन्होंने उनके कथकली गुरु ङ्गपांचालीफकरुणाकर पणिक्कर के सुझाव पर केरल कलामंडलम के गुरु राजालक्ष्मी से प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया था और बाद में संगीत नाटक अकादमी से मिले एक अनुदान और फोर्ड फाउंडेशन से मिली एक छात्रवृत्ति की सहायता से वह चिनाम्मु अम्मा, कल्याणकुट्टी अम्मा और कुंजूकुट्टी अम्मा जैसे महान गुरुओं से संरक्षण प्राप्त करके इस कला में पूर्णतः पारंगत हो गई। वह मुंबई के नालंदा नृत्य कला महाविद्यालय की संस्थापक - निदेशक है, जो विद्यार्थियों को मोहिनीयाट्टम में स्नातक और मास्टर्स डिग्री के लिए प्रशिक्षण देता है और इसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एक शोध संस्थान का दर्जा प्राप्त है। ''भारतीय शास्त्रीय नृत्य को जीवित रखने की मेरी इच्छा के कारण मैंने नालंदा की स्थापना की। मैं नहीं चाहती कि किसी भी कलाप्रेमी या शिक्षार्थी को उन सब समस्याओं का सामना करना पड़े जो मुझे मेरे सीखने के दिनों में करना पड़ा था। यह एक मौखिक परंपरा हुआ करती थी। लोगों को पता होना चाहिए कि मंच पर नृत्य करने के अलावा हमें विषय को अच्छी तरह जानने हेतु बहुत कुछ करना पड़ता है। पौराणिक कथाएँ, मंदिर वास्तुकला और नृत्य चिकित्सा यह सभी महत्वपूर्ण विषय है जिनकी पेशकश मैंने नालंदा में की है,'' वह कहती है।

कनक रेले ने मोहिनीयाट्टम के पुनरुत्थान और इसकी लोकप्रियता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इसमें एक वैज्ञानिक मनोभाव और अकादमिक सख्ती डाली। नृत्य में शारीरिक गतिज की उनकी अवधारणा एक पथप्रदर्शक नवप्रवर्तन है जो मोहिनीयाट्टम में संकेतन प्रणाली का उपयोग करके शारीरिक हरकतों का विभाजन करती है। ''शारीरिक गतिज के पीछे के विज्ञान को सीखने की इच्छा मुझमें तब उत्पन्न हुई जब मैं विशेष रूप से विकलांग बच्चों के साथ जुड़ी। मैंने फिजियोथेरेपी, आर्थोपेडिक्स के विशेषज्ञों के

अंतर्गत बच्चों के साथ काम करना शुरू किया, शरीर रचना विज्ञान सीखा और उसे नृत्य से जोड़ा। यह आँखें खोल देने वाला था।। मैंने अंगों, मांसपेशियों, तंत्रिका एंठन आदि की प्रत्येक हरकतों का विभाजन शुरू किया और नृत्य में शारीरिक गतिज के अपने सिद्धांत का परिणाम निकाला।''

मैं इस 'शास्त्रीय नृत्य' के नामकरण के खिलाफ हूँ। यह बहुत ही अंग्रेजी है।

मोहिनीयाट्टम प्रतिपादक **कनक रले**

भारती शिवाजी, नई दिल्ली में सेंटर फॉर मोहिनीयाट्टम की संस्थापक, कहती है कि पहले इस नृत्य की कोई पहचान नहीं थी क्योंकि, कुछ हद तक यह कथकली के जैसा था और कुछ हद तक भरतनाट्यम के जैसा... उदाहरण के लिए, जैसा कि ''नृत्त में मुझे लगा कि मोहिनीयाट्टम की तकनीक बहुत ही सीमित थी। जब मैंने गुरुवयूर में कृष्णअट्टम समूह के साथ एक कार्यशाला में भाग लिया, तो मैंने पाया कि नृत्त कितना सुन्दर है। यह बहुत ही लास्य है।''

नर्तकी गोपिका वर्मा कहती है, ''मोहिनीयाट्टम एक बहुत ही विकसित नृत्य है जहाँ भाव और अभिनय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है जहाँ पर जाथि (तालबद्ध पगकार्य पैटर्न) जैसी कोई चीज़ नहीं है। इसमें भागीदारी की एक विशिष्ट भावना और असाधारण ताल गति की आवश्यकता होती है क्योंकि नृत्य को उपयुक्त धीमी और स्थिर गति में करना पड़ता है और वहाँ हमेशा तीव्रता का प्रलोभन होता है। नर्तक को लय, ताल और कथा में परिपूर्णता बनाए रखने के लिए निहित, सतर्क और संयमित कदम ताल संयोजन की आवश्यकता होती है। चूंकि नृत्य में अलंकृत वेशभूषा या चाल की तरह कोई बाहरी सजावट नहीं होती इसलिए, हमें तीन घंटे के पूरे आख्यान में लचक भरे और झूमते हुए पगकार्य/ हरकतों के साथ पूर्ण रूप से अपनी नेत्रों की भाषा, चेहरों के हाव-भाव और हाथों की हरकतों पर भरोसा रखना पड़ता है।''

मोहिनीयाट्टम एकल से सामूहिक प्रदर्शन में विकसित हो गया है और विषय भी क्षेत्रीय से वैश्विक स्तर तक पहुँच गए है। एक अन्य दिलचस्प विकास पुरुष नर्तकों को इसके दायरे में शामिल करके रूढ़ियों को तोड़ने का है। जल-प्रपात जैसी नृत्य हरकतें, मधुर संगीत और आकर्षक वेशभूषा एक अलौकिक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए सुसंगत होती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि इसे जादूगरनी (मोहिनी) के नृत्य के रूप में वर्णित किया जाता है।

कनक रेले कहती है, ''मैं इस 'शास्त्रीय नृत्य' के नामकरण के खिलाफ हूँ। यह बहुत ही अंग्रेजी है।'' शब्द 'शास्त्र' मात्र शास्त्रीयता से अधिक की परिकल्पना करता है; इसका अर्थ विज्ञान भी होता है; शारीरिक हरकतों का विज्ञान जो संगीत और ताल की मदद से कुछ सौन्दर्य पात्रों को आत्मसात करके स्वयं को एक कला में तब्दील करता है। जब इसे परिणाम के उच्चतम स्तर तक ले जाया जाता है तो एक परम सुख में इसका समापन होता है जो एक आध्यात्मिक वृद्धि के समान होता है।

चित्र सौजन्य: wikicommons.org

गोरखपुर में कैंसर की देखभाल

टीम रोटरी न्यूज़

गोरखपुर मिडटाउन के रोटरी क्लब, आरआईडी 3120, ने शहर में हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल और अनुसंधान संस्थान को एक '5-चैनल एमएचडीआर ब्रैकीथेरेपी कैंसर ट्रीटमेंट यूनिट' प्रदान कर अस्पताल को बेहतर बनाने में मदद किया। इस सुविधा।

परियोजना समन्वयक नितिन अग्रवाल याद करते हुए कहते हैं कि कैसे सिडनी स्थित नोचिकित्सक शैलजा चतुर्वेदी लखनऊ स्थित उनके घर आई, और कैसे इतनी बेहतर तकनीक का आगमन अस्पताल में हुआ। जब शैलजा ने अपने भाई सुनील चतुर्वेदी, तत्कालीन मंडल सचिव, और रोटरी क्लब लखनऊ राजधानी के सदस्य, से अपनी इच्छा व्यक्त की, तो ''उन्होंने मेरा परिचय शैलजा से करवाया क्योंकि हमारा क्लब इस अस्पताल की मदद के लिए संसाधनों की तलाश कर रहा था।'' और अस्पताल के निदेशक डॉ एच आर माली के साथ बैठक में इस प्रस्ताव को आगे बढाया गया। ''ये तो बस शुरुआत है। हम शीघ्र ही अस्पताल की अन्य सुविधाओं को अपग्रेड करने की योजना पर काम शुरू करने जा रहे है।''

डॉ शैलजा ने 100,000 डॉलर का सहयोग दिया, उनके भाई सुनील ने 10,000 डॉलर का योगदान दिया और तत्कालीन डीजी रणजीत सिंह ने डीडीएफ से 20,000 डॉलर स्वीकृत किया। क्लब के सदस्य और नीने आंदोलन के संस्थापक और नीने सेनेटरी नैपकिन के अमर तुलसियान ने 35,000 डॉलर का योगदान दिया, जबकि अन्य सदस्यों ने मिलकर 25,000 डॉलर का योगदान दिया। डीआरएफसी प्रमोद कुमार और टीआरएफ कैडर इंदुमती गोपीनाथ की सहायता से, वैश्विक अनुदान परियोजना को रोटरी क्लब बुटवाल, रो ई 3292, नेपाल के सहयोग से निष्पादित किया गया था, और 36-वर्ष पुराने इस अस्पताल में एक पुराने 3-चैनल ब्रैकीथेरेपी यूनिट के स्थान पर अत्याधुनिक यूनिट स्थापित किया। यह अस्पताल पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के निर्धन लोगों को कैंसर का मुफ्त उपचार उपलब्ध कराता है। 275,000 डॉलर की लागत से इस नई मशीन का नियार्त स्विस निर्माता वेरियन से किया गया था।

इस नई सुविधा का उद्घाटन यूरेशियन फेडरेशन ऑफ ऑन्कोलॉजी, मास्को के संस्थापक और सीईओ, ओन्कोलॉजिस्ट सोमसुंदरम सुब्रमण्यम द्वारा डीजी स्तुति अग्रवाल, आईपीडीजी रणजीत सिंह और डीजीएन के श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया था। इस अवसर पर रोटेरियन को संबोधित करते हुए, ऑन्कोलॉजिस्ट ने विभिन्न संसाधनों को जमा करने और अस्पताल के लिए सहयोग देने का वादा किया। क्लब के अध्यक्ष विजय प्रकाश अग्रवाल और सचिव सुधीर अग्रवाल ने गोरखपुर के आसपास के क्षेत्रों में कैंसर जागरूकता और जाँच शिविर आयोजित करने का वादा किया। ■

बाएं से : कृष्ण कुमार तुलस्यान, अमर तुलसियान, IPDG रंजीत सिंह, DGN के के श्रीवास्तवा, ऑस्ट्रेलिया से डॉ शैलजा चतुर्वेदी, DG स्तुति अग्रवालस सुनीव चतुर्वेदी और नितिन अग्रवाल।

क्लब अध्यक्ष अजय मेनन, सचिव एश्ली डेलाने, PDG दिलीप आर सालगांवकर, AG प्रकाश पिंलकार और DRR निशिता पेडनेकर की उपस्थिति में शिक्षा सचिव नीला मोहनन ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ।

रोटरी क्लब मपुसा ने गिनीज रिकॉर्ड बनाया

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब मपुसा रो ई मंडल 3170, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाला एक और रोटरी इकाई बन गया है। यह बार का रिकॉर्ड 'टेक्स्ट के सबसे बड़े मानव प्रतिनिधित्व' का निर्माण करने से संबंधित है।

इस रिकॉर्ड को बनाने के प्रयास में एक जुड़्वां उद्देश्य सन्निहित था; फरवरी में रोटरी इंटरनेशनल का 114वां जन्मदिन था, जो रोटेरेक्टरों के दक्षिण पूर्व एशिया सम्मेलन, रोटासिया गोवा 2019 के साथ होने वाला था, जिसका आयोजन रो ई मंडल 3170 पहली बार गोवा के मपुसा में कर रहा था। रोटेरेक्टरों 3170 का वर्तमान डीआरआर भी मपुका के रोटेरेक्टर क्लब से ही है।

मपुसा रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय मेनन ने कहा कि इस प्रयास की तैयारी अक्टूबर 2018 से ही शुरू हो गई थी और ''हमारा अनुसंधान वैसे रिकॉर्ड पर केंद्रित था जिसे आसानी से तोड़ा जा सके और एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया जाएं जो न केवल रोटरी की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाएं बल्कि इसके मानवीय सेवा कार्यों को भी उभार सके।''

अंत में हमने निर्णय लिया कि ''टेक्स्ट के सबसे बड़े मानव प्रतिनिधित्व'' का रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएं, जिसके मौजूदा रिकॉर्ड का निर्माण 268 लोगों द्वारा वेसेक्स, यूके में किया गया था। ऐसा रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए, एक संपूर्ण अक्षर का निर्माण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एक वर्ण, संख्या या विराम चिह्न को पकड़ना होता है और उनके बीच खाली प्लेकार्ड पकड़ा व्यक्ति अक्षरों के बीच रिक्त स्थान को सूचित करता है।

राज खलप के नेतृत्व में रोटरी क्लब मापुसा के 20 रोटेरियन की एक कोर टीम गठित की गई और रोटेरियन, रोटेरेक्टरों, तीन इंटरेक्ट स्कूल, सदस्य रोटेरियन की पत्नी और पतियों सहित कुल 962 लोगों, जिसमें से सभी मपुसा के थे, और रोटासिया में भाग लेने वाले रोटेरेक्टरों के प्रतिनिधियों को रिकॉर्ड तोड़ने वाले मानव टेक्स्ट में शामिल होने के लिए चुना गया।

मेनन जी बताया कि गोवा के भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को मदद करने के लिए आमंत्रित किया गया था और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम द्वारा अनुशंसित वीडियोग्राफी और अन्य तकनीकी सूचना का इस्तेमाल किया गया और रिकॉर्ड को अंतिम रूप से प्रस्तुत किया गया।

गोवा के शिक्षा सचिव, नीला मोहनन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और क्लब को अब एक आधिकारिक सूचना मिली है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने सफलतापूर्वक एक नया गिनीज रिकॉर्ड बनाया है।

962 व्यक्तियों द्वारा निर्मित, टेक्स्ट का मुख्य संदेश इस वर्ष रो ई की 114वीं वर्षगांठ; रोटरी के आदर्श वाक्य *स्वयं से बढ़कर* सेवा है; संसार में समझ, सद्भावना और शांति को बढ़ावा देने के लिए आरआई के मिशन; पोलियो को मिटाने के इसके अपने मिशन और इस वर्ष के विषय: *प्रेरणा बनें* – से संबंधित है।

मुख्य टीम।

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से संदेश

जनवरी 2019 का क्लब इनवॉइस

120 दिनों (चार महीने) तक वित्तीय दायित्वों का भुगतान ना करने पर प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। प्रतिबंधित क्लबों को फिर से बहाल होने के लिए सभी बकाया शुल्कों को प्रति सदस्य 30 डॉलर की एक बहाली फीस के साथ 150 दिनों के भीतर चुकाना होगा, जिसके बाद वे उनका नाम, इतिहास और अधिकार पत्र बनाए रख सकते है और संस्था की पूरी सेवाओं को प्राप्त कर सकते है। 150 दिनों के भीतर जो प्रतिबंधित क्लब बहाली की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते है उनका मौलिक अधिकार पत्र रद्द हो जाएगा और फिर वे बहाली के लिए पात्र नहीं होंगे।

रोटरी संस्थान में योगदान (भारत)

जो दानकर्ता 2018-19 रोटरी वर्ष में अपना योगदान शामिल करवाना चाहते है उन्हें 30 जून, 2019 से पहले ही योगदान देना होगा। रोटरी संस्थान (भारत) को दान देने वाले दानकर्ताओं को उनका परमानेंट अकाउंट नंबर (PAN) का ज़िक्र अपने योगदान फॉर्म/पत्र में करना चाहिए या पैन कार्ड की स्कैन की हुई प्रति को संलग्न करना चाहिए ताकि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त हुये योगदानों की रिपोर्ट की जा सके।

अनुदान रिपोर्टिंग की समयसीमा

सभी चालू अनुदानों की 31 मार्च, 2019 तक की गतिविधियों की अन्तरिम/अंतिम रिपोर्ट आवश्यक रूप से 31 मई, 2019 तक जमा की जानी चाहिए, अन्यथा अनुदान रिपोर्टिंग के लिए विलंबित हो जाएंगे। उन क्लबों/मंडलों, यहाँ तक कि उनके अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के भी, नए अनुदान आवेदन संस्थान द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे जिनकी किसी भी संस्थान अनुदान की रिपोर्ट विलंबित है।

दिये गए चार्ट में बताया गया है कि ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने के साथ मूल प्रति में किन सहायक दस्तावेज़ों को जमा करना है।

रिपोर्टिंग दस्तावेज़	अन्तरिम रिपोर्ट	अंतिम रिपोर्ट
ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करें	हाँ	हाँ
बिल/इनवॉइस/रसीदें अपलोड करें	आवश्य नहीं	हाँ
अंडरटेकिंग को अपलोड करें	आवश्य नहीं	हाँ
लाभार्थी की जानकारी अपलोड करें	आवश्य नहीं	हाँ
सभी मूल हार्ड कापी की आवश्यकता		
मूल उपयोग प्रमाणपत्र और प्राप्ति/भुगतान विवरण	हाँ	हाँ
मूल/सत्य प्रति में बैंक विवरण	हाँ	हाँ
धन वापसी, यदि कोई हुई हो तो	आवश्य नहीं	हाँ

सीएसआर-वित्तपोषित वैश्विक अनुदान

सीएसआर-वित्तपोषित वैश्विक अनुदानों के लिए, उपरोक्त उल्लिखित वैश्विक अनुदानों की आवश्यकताओं के अलावा, अन्तरिम/अंतिम रिपोर्टों के साथ निम्न की आवश्यकता है:

- परियोजना की तस्वीरें
- लाभार्थियों से सुविधाओं की प्राप्ति/संरक्षण का एक वचन पत्र

सभी रिपोर्टों की समय पर प्राप्ति, CSR दल की SAO में कॉर्पोरेटों को मानक समय सीमा में रिपोर्ट जमा करने के नियमों का पालन करने में मदद करेगी।

पॉल हेरिस सोसाइटी (PHS)

2013-14 में पॉल हेरिस सोसाइटी एक आधिकारिक रोटरी कार्यक्रम बन गया। PHS के सदस्य समर्पित दानकर्ता है जो निरंतर आधार पर देने की ख़्वाहिश साझा करते है और रोटरी क्लबों को उनके अपने समुदायों एवं दुनिया भर में ज़िंदगियों को परिवर्तित करने के लिए सशक्त बनाते है।

इसकी शुरुआत से अब तक PHS की सदस्यता दोगुनी हो चुकी है और 31 दिसंबर, 2018 तक इसके पास 22,525 सदस्य है! PHS सदस्यता में भारत सातवें स्थान पर है।

प्रत्येक रोटेरियन, प्रत्येक वर्ष

प्रत्येक रोटेरियन को प्रत्येक वर्ष वार्षिक कोष में एक व्यक्तिगत योगदान देने और संस्थान अनुदान या कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। टीआरएफ़ की निधि के लिए वार्षिक कोष प्राथमिक स्रोत है। योगदान रोटेरियनों को स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं की व्यापक श्रृंखला को पूरा करने में समर्थ बनाते है जिनसे समुदाय बेहतर बनते है।

दी स्टेट ऑफ रोटरी मैम्बरशिप - 2018-19 मध्यवर्षीय अपडेट

रोटरी जगत में कोई भी दो क्लब समान नहीं है, परंतु फिर भी उनमें से बहुत से समान सदस्यता चुनौतियों का सामना करते है। दी स्टेट ऑफ मैम्बरशिप मिडइयर अपडेट बताता है कि 2018-19 के मध्य तक हमारा कैसा प्रदर्शन चल रहा है और हमें कुछ सामान्य सदस्यता चुनौतियों को संबोधित करने के सुझाव देता है ताकि हमारा वर्ष अच्छे से खत्म हो सके। 15 स्लाइड वाले एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को डाउनलोड करने के लिए *www.rotary.org* पर जाएं। इसे जैसा का तैसा दिखाया जा सकता है या क्लब सदस्यों या PETS में साझा करने या अन्य वैयक्तिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अनुकूलित प्रस्तुति तैयार करने के लिए प्रादेशीकृत किया जा सकता है।

क्लब को रोटरी प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने में मदद कीजिये

Club Administration, Rotary Club Central और *Rotary Showcase* जैसे संसाधनों का उपयोग करके क्लब उनकी उपलब्धियों पर नज़र रख सकते है, और अंततः एक रोटरी प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर सकते है। रोटरी क्लबों, रोटरेक्ट क्लबों और इंटरेक्ट क्लबों के लिए प्रशस्ति पत्र अर्जित करने की मार्गदर्शिकाएँ रोई की वैबसाइट और माय रोटरी के माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है। ■

फूलों की ताकत

जयश्री

क्या कभी सोचा है कि क्या फूलों में मानसिक रूप से बीमार को शांत करने की शक्ति होती है? बेंगलुरु की रिचमंड फ़ेलोशिप सोसाइटी के मरीजों ने यह साबित कर दिया कि ऐसा निश्चित रूप से होता है।

रिचमंड फ़ेलोशिप सोसाइटी, एक 32-वर्ष पुराना गैर सरकारी संगठन जो गंभीर मानसिक बीमारी वाले मरीजों की देखभाल करता है, के मरीजों की वजह से इस होली पर बेंगलुरु रंगों की एक जैविक धूमधाम मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है क्योंकि उन्होंने इस वर्ष फूलों की पंखुड़ियों से 300 किलोग्राम रंग पाउडर तैयार किया है। इसके अलावा, सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि यह 'हरित कौशल परियोजना' रोगियों में एक बहुत बड़ा परिवर्तन लाई है। आप इसे फूल चिकित्सा कह सकते है। और पर्यावरण के दृष्टिकोण से, यह परियोजना अपशिष्ट पुनरावर्तन को बढ़ावा देती है।

तीन साल पहले, क्रैफ्टिजेन, एक संस्थान जो बेरोजगारों को शिल्प कौशल प्रशिक्षण और आजीविका प्रदान करता है, ने डॉ. एस. कल्याणसुन्दरम, एक मनोचिकित्सक, से मरीजों को फूलों से रंग पाउडर बनाने हेतु प्रशिक्षित करने का एक विचार साझा किया। ''मैं इस अभ्यास को मरीजों के लिए एक चिकित्सा के रूप में आज़माने हेतु सहमत हुआ और उनसे कहा कि हमारी रूचि केवल मरीजों को प्रशिक्षित करने में है ना कि बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में,'' डॉ कल्याणसुन्दरम कहते है, जो इस केंद्र के प्रमुख है।

इस प्रयास के माध्यम से मंदिरों, त्योहारों और विवाह मंडलों से एकत्रित किए गए फेंके हुये फूलों को एक नया अवतार मिला। इस

केंद्र का एक दल विभिन्न स्थानों पर जाकर फूल इकट्ठा करता है। सहवासियों को फूलों की पंखुड़ियों को अलग करके उनके रंगों के हिसाब से अलग करना सिखाया गया। प्रत्येक फूल एक अलग रंग देता है: लाल, गुलाबी, सफ़ेद और पीले रंग के लिए गुलाब; पीले, सफ़ेद और लैवेंडर रंग के लिए गुलदाउदी; हरे रंग के लिए तुलसी और पीले एवं नारंगी रंग के लिए गेंदा। ''सूखी पंखुड़ियों का पाउडर बनाने के बाद जो रंग हमें प्राप्त होते है वे फूलों के मूल रंग के समान होते है, या शायद उससे थोड़ा हलके,'' डॉक्टर समझाते है।

पंखुड़ियों को छाया में सुखाया जाता है, ''धूप में नहीं क्योंकि इससे उनका रंग उड़ जाता है,'' और फिर चूर्णक में डालकर पृथक रूप से पाउडर बना लिया जाता है। रंगों को बनाए रखने के लिए अरारोट जैसे योगज मिलाए जाते है, और फिर उन्हें बेचने हेतु पैक कर दिया जाता है।

द्विध्रुवी विकार, मनोभाजन, जुनूनी बाध्यकारी विकार, स्वलीनता और बौद्धिक अक्षमता जैसी दीर्घकालिक मानसिक बीमारियों से जूझ रहे मरीज़ों के साथ यह गतिविधि एक बहुत बड़ी सफलता रही। डॉ कल्याणसुन्दरम एक महिला का उदाहरण देते है जिसे मनोभाजन की बीमारी है और वह बेवजह लोगों पर चिल्लाती थी। ''कई महीनों से, वह सबसे अलग-थलग थी, दूर से ही वह सबको व्यावसायिक प्रशिक्षण हॉल में फूलों की पंखुड़ियों को अलग करते देख रही थी। अचानक, एक दिन वह आकर बोली, ''नानू बर्तिनी,'' (क्या मैं भी करूँ।) अब वह इस परियोजना में एक वर्ष से भी अधिक समय से सम्मिलित है और उसका परिवार कहता है कि वह काफी शांत है।'' फूलों के पाउडर का अन्य मरीजों पर भी इसी प्रकार प्रभाव पड़ा है।

रोगी पंखुडियों को अलग करते हुए।

इस कुशल-चिकित्सा परियोजना की वजह से डॉ कल्याणसुन्दरम को बहुत सराहना मिली - जिसमें पिछले वर्ष प्राप्त हुआ ब्रिटिश मेडिकल जर्नल पुरस्कार भी शामिल है। मनोचिकित्सा और मानसिक बीमारियों का इलाज करने में 47 सालों के अनुभव के साथ, वह 30 वर्षों से इस केंद्र से एक मानद आधार पर जुड़े है। मुझे यहाँ काम करने से जो संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, वह कहते है।

पिछली दिवाली, इस दल ने उसी संधारणा के साथ रंगोली पाउडर तैयार किया था। स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस के मौके पर लाल बाघ में आयोजित पुष्प-प्रदर्शन महानगरों में लोकप्रिय है और प्राधिकरण केंद्र को भारी मात्रा में सूखे फूल देते है। ''पिछले वर्ष उन्होंने हमें 100 किलोग्राम शानदार लाल गुलाब दिए थे,'' डॉक्टर मुस्कराते है।

यह गतिविधि मरीज़ों को इतनी अच्छी तरह समझ आ गई है कि अब केंद्र उन्हें उनकी भागीदारी के लिए होली और दिवाली के बाद नकद प्रोत्साहन देने की योजना बना रहा है। ''यह मनोबल वर्धक होगा और वे गर्व के साथ कह सकेंगे कि उन्होंने इसे कमाया है,'' वह कहते है।

फूलों के पाउडर के अलावा, केंद्र मरीजों को व्यस्त रखने के लिए विभिन्न अन्य व्यावसायिक गतिविधियों की पेशकश करता है जैसे बधाई पत्र, कागज़ के कप, कागज़ के थैले बनाना और सिलाई करना। उपयोग की गई साड़ियों से बने थम्बूलम थैले और कपड़े के थैले जल्दी और बड़ी मात्रा में बिक जाते है।

1959 में ब्रिटेन के रिचमंड में इल्ली जेनसन द्वारा स्थापित यह सोसाइटी, 30 देशों में अपनी उपस्थिति के साथ एक विश्वव्यापी संगठन है और इसके अंतर्गत तीन केंद्र चल रहे है - एक दिन देखभाल केंद्र, एक अल्पावास और एक दीर्घावास। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

अमरावती के स्कूल में WinS का प्रभाव

वी मुत्तुकुमारण

क्लब के अध्यक्ष राजन सुभाष सिल्ही और AG सुभाष यादव की उपस्थिति में DG राजीव शर्मा एक हैंडवाश स्टेशन का उद्घाटन करते हुए।

डीजी राजीव शर्मा ने रोटरी क्लब अमरावती इंद्रपुरी, आरआईडी 3030 द्वारा, एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में स्थापित हैंडवाश स्टेशन और पीने के पानी की सुविधा का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं 250 से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे। क्लब के अध्यक्ष राजन सुभाष सिलही ने कहा कि स्कूल की जरूरतों के लिए पर्याप्त पानी एक कुएं से प्राप्त किया जाता है और क्लब ने छात्रों और कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वॉटर फिल्टर स्थापित किया हैं।

वर्ष 2001 में स्थापना के बाद से, क्लब ने चार WinS परियोजनाओं को पूरा किया है, जिसके अंतर्गत 12 हैंडवाश स्टेशन के साथ पीने के पानी की इकाईयाँ स्थापित की गई। इसके बाद गोद लिए गए महुली गाँव में 4 लाख रुपये की लागत वाले छह शौचालय ब्लॉक का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा, ''इन कार्य के लिए धन एक रोटरी उत्सव के माध्यम से एकत्र किया।'' इसके अतिरिक्त, प्रत्येक वर्ष वंचित परिवारों के 1,000 बच्चों के बीच स्कूल बैग वितरित किए जाते हैं।

अमरावती में वर्षा जल-संचयन कार्य को निष्पादित करने के लिए 43 सदस्यीय क्लब बहुत लोकप्रिय है जिसे वे प्रति वर्ष जुलाई-अगस्त के दौरान मानसून की शुरुआत से पहले करते हैं। सिल्ही कहती हैं, ''हम प्रति वर्ष लगभग 35-40 घरों में कुओं की रीचार्जिंग करते हैं और यह हमारी मुख्य परियोजना है।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से चल रही इस अभियान के साथ, क्लब ने शहर में रोटरी की छवि को बेहतर बनाने में योगदान किया है।

नेत्र जाँच शिविर

क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ अतुल काधने के सहयोग से शहर के 14 स्कूलों में एक विशाल नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर मे 13,000 से अधिक छात्रों के नेत्रों की जाँच की गई, जिनमें से 1,655 छात्रों को नि:शुल्क उपचार किया गया। ''अस्पताल में नेत्रों की जाँच और आगे के उपचार की पूरी लागत ₹30 लाख से अधिक थी; लेकिन संपूर्ण व्यय डॉ काधने ने वहन किया,'' सिल्ही ने कहा। ■

7 सवाल

आखरी पड़ाव क्यों इतना महत्वपूर्ण है,

माइकल के मेकगवर्न

अंतर्राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति अध्यक्ष

डायना शॉबर्ग

1 2017 की तुलना में 2018 में खतरनाक पोलियोवायरस के मामले अधिक सामने आए। क्या इससे हमें हतोत्साहित होना चाहिए?

छनहीं, बिल्कुल भी नहीं। हमने हमेशा उम्मीद की थी कि जैसे-जैसे हम शून्य के नज़दीक आते जाएंगे तो मामलों की संख्या में उतार-चढ़ाव आ सकता है। लगातार चार सालों से हमें सालाना 100 से भी कम मामले मिल रहे है। यह उत्तम प्रगति का सूचक है। पोलियो प्रभावित क्षेत्रों में सरकार और रोटेरियनों के समर्पण के साथ, हम वहाँ पहुँचेंगे।

2 पोलियो जैसे बीमारी को उन्मूलित करना इतना कठिन क्यों है?

याद रखिये कि अमेरीका, जहाँ पोलियो का टीका सरलता से उपलब्ध था, को भी पोलियो मुक्त होने में 20 वर्ष लग गए। और अब हम जिन क्षेत्रों में कार्य कर रहे है उनमें स्वास्थ्य प्रणालियाँ अमेरीका की तरह विकसित नहीं है।

3 आप अभी किन चुनौतियों का सामना कर रहे है?

हम कई सालों से अफ़ग़ानिस्तान, नाइजीरिया, और पाकिस्तान जैसे स्थानिक देशों में लगन के साथ कार्य कर रहे है, और उन देशों के कुछ नागरिकों को इस बात की चिंता है कि हम पोलियो उन्मूलन पर पैसा क्यों खर्च कर रहे है जबकी उनकी इतनी सारी अन्य आवश्यकताएँ है। पोलियो और सिर्फ अकेले पोलियो के लिए टीके प्राप्त करने में कुछ रुकावटें है। हमारी चुनौती नागरिकों और बच्चों को अन्य सेवाएँ प्रदान करने के रास्ते खोजने की है ताकि - पोलियोप्लस में ''प्लस'' प्रदान करने के लिए - हमारे साथ अभी भी हमारी आवश्यकता अनुरूप अभिभावकों का समर्थन हो।

4 इन क्षेत्रों में हथियारबंद युद्ध क्या भूमिका निभाते है?

यह टीकाकरण के संचालन को अधिक कठिन बना देता है। वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल साझेदारी केवल सरकार के साथ ही काम करना नहीं है - हम सरकार विरोधी तत्वों को भी संभाल रहे है। जहाँ हमने सभी का विश्वास और साथ पाने के लिए कार्य किया, वहीं हमारे पास कुछ ऐसे क्षेत्र भी थे जो महीनों और कभी-कभी वर्षों तक टीकाकरण दलों की पहुँच से बाहर थे।

5 क्या टीकाकरण दल को पता होता है कि कब उनसे बच्चे छूट गए है? या फिर कुछ ऐसे बच्चे भी है जिनके बारे में उन्हें पता ही ना हो?

मुझे लगता है कि हमारी अब इस चीज़ पर अच्छी पकड़ है और हम जानते है कि कब और कहाँ पर बच्चे छूट रहे है। चुनौती हमसे छूटे गए बच्चों की संख्या में कमी लाने की है। नाइजीरिया में, हमने बहुत कार्य किया है क्योंकि देश में पोलियो का आखिरी मामला सामने आने के दो साल बाद 2016 में, बोर्नो राज्य में पोलियो के अनेक मामले देखकर हम हैरान थे। अब हम जीपीएस मैपिंग के माध्यम से पता लगाते है कि बच्चे कहाँ है, और सभी बच्चों को पोलियो की दवा मिले यह सुनिश्चित करने के लिए हम वहाँ के अधिकारियों के साथ काम कर रहे है।

6 हमें कहाँ पर सफलताएं मिल रही है?

लगभग पिछले पांच वर्षों में उन तीन स्थानिक देशों को छोड़कर दुनिया में कहीं भी खतरनाक पोलियोवायरस के मामले हमारे सामने नहीं आए है। और नाइजीरिया में, लगभग तीन वर्षों से हमें खतरनाक पोलियो वायरस का कोई भी मामला नहीं मिला है, और जो मिले थे वे देश के छोटे से क्षेत्र में थे।

7 वह कौनसी सबसे महत्वपूर्ण बात है जो रोटेरियनों को पता होना चाहिए?

मैं अफ़ग़ानिस्तान, नाइजीरिया और पाकिस्तान में रोटेरियनों के समर्पण और दृढ़ता से बहुत अधिक प्रभावित हूँ। वे पोलियो का उन्मूलन सुनिश्चित करने हेतु कड़ी मेहनत कर रहे है। वे उन देशों में जो भी करते है वह बहुत अद्भुत है। रोटेरियनों को आशावादी होना और उन्मूलन का समर्थन करना जारी रखना चाहिए। हमें उनके सरकारी नेताओं का ध्यान धन की निरंतर आवश्यकताओं की ओर लाने में भी रोटेरियनों की मदद चाहिए। हम लक्ष्य से चूक नहीं सकते।

© The Rotarian

दाएं से : अतुल भिडे, क्लब अध्यक्ष निलेश पुराणिक और PDG जयंत कुलकर्णी लाभार्थियों के साथ।

ठाणे का स्वच्छ ता नायक

जयश्री

महाराष्ट्र के ठाणे मंडल के तीन गाँवों में 4,000 से अधिक लोगों को लाभ पहुँचाने वाले 621 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण करने, और सोगांव गांव में एक आंगनवाडी में शौचालय का निर्माण करने में उनका योगदान रहा है।

रोटरी क्लब ठाणे हिल्स, रो ई मंडल 3142 के सदस्य अतुल भिडे कहते हैं कि ''यह केवल शौचालय का निर्माण करने से संबंधित नहीं है; बल्कि लोगों द्वारा उनका उपयोग करना अधिक महत्वपूर्ण है।'' महाराष्ट्र सरकार द्वारा अपने स्वच्छता भारत मिशन सेमिनार में विशेष रूप से प्रशंसित किए जाने के अलावे उन्हें आदित्य बिड़ला कैपिटल के कैलेंडर और डायरी में चित्रित किया गया है। डाक विभाग ने 2014 में एक विशेष कवर और कैंसलेशन जारी करके उनकी स्वच्छता परियोजना, *"Right to Go"* को स्वीकार किया था।

वर्ष 2012 में भिडे अपने क्लब के नव-नियुक्त अध्यक्ष थे जिसके दौरान वे एक महत्वपूर्ण परियोजना पर विचार कर रहे थे। दिसंबर 2012 और मार्च 2013 के बीच, उन्होंने रोटेरियन की एक टीम के साथ 100 गाँवों का दौरा किया। ''ये सभी इलाके बदबू से ग्रस्त थे। यह एक दयनीय स्थिति थी जहाँ लोग खुले में शौच करते थे। किसी भी घर में शौचालय नहीं था।''

जब उन्होंने क्लब अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला, तब तक वे गाँव में 10 शौचालयों का निर्माण किया। उनके कार्यकाल के दौरान, सोगोन में 250 परिवारों में से प्रत्येक से अपना शौचालय बनवा लिया।

आकांक्षापूर्ण अहमियत

इसके पीछे का तर्क बहुत ही सरल था। लगभग हरेक घर में एक टेलीविजन और एक मोबाइल फोन था।

आर्थिक पृष्ठभूमि से परे, ये उपकरण प्रत्येक इंसान के महत्वाकांक्षा को पूरा करने लिए आवश्यक थे। ''इसी तरह, हमने शौचालय के लिए भी आकांक्षापूर्ण अहमियत संकल्पना का निर्माण किया,'' भिडे मुस्कुराते हुए कहते हैं। क्लब ने लाभार्थियों की तस्वीरों और उनके पते के साथ सभी 622 शौचालयों का एक डेटाबेस तैयार किया है। ग्रामीण, ग्राम पंचायत के साथ, शौचालयों की मरम्मत और रखरखाव पर ध्यान देते हैं। आरंभ से ही, भिडे जी ने सुनिश्चित किया कि लोगों के मन में अपने शौचालयों को लेकर स्वामित्व की भावना जाग्रत हो। एक शौचालय के निर्माण पर आने वाली कुल लागत में, लाभार्थी द्वारा ₹3,000 का योगदान दिया जाता था जिसे काम पूरा होने के बाद सीधे ठेकेदार को दिया जाता है।जब भारतीय मूल के अमेरिकी डॉ रेणुका देसाई ने अपने गृह नगर ठाणे का दौरा किया, तो वह गाँवों में क्लब के कार्यों से प्रभावित हुई और अपने क्लब, रोटरी क्लब चेरी हिल, रो ई मंडल 7640, न्यू जर्सी को इन कार्यों के साथ जोड़ा। अब तक, उन्होंने 157,000 डॉलर से अधिक योगदान दिया है। हाल ही में यूएस के दो और क्लब भी भागीदार के रूप में सहयोग करने के लिए तैयार हुए हैं।

मंडल कलेक्टर से सहयोग देने के जवाब में, उन्होंने गाँव अगहाई में 170 शौचालयों के निर्माण के लिए अभी एक वैश्विक अनुदान के लिए आवेदन किया है। भिडे क्लब अध्यक्ष निलेश पुराणिक के समर्थन की सराहना करते हैं। जो उनका साथ शुरुआत से देते आ रहे हैं। उन्होंने अब अपने ध्यान हैंड्वॉश स्टेशनों की स्थापना पर केंद्रित किया है और उन्होंने खुशी से 'टिप्पी टैप' को प्रोत्साहित किया है, जिसके बारे में जानकारी उन्हें सतारा, पंचगनी और वाई क्षेत्रों में मिली, जब वे एक एमएनसी के सीएसआर विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। वे कहते हैं कि यह चार बाँस और एक प्लास्टिक कंटेनर से निर्मित एक सरल जुगाड़ है और जिसका निर्माण लाभाथी स्वयं मिनटों में कर सकता है, वे कहते हैं। ■

स्थानीय प्रतिभाओं की खोज करने के लिए एक साइक्लोथॉन

टीम रोटरी न्यूज़

DG निखिलेश त्रिवेदी (बाएं) और चैंपियन साइकिलिस्ट मिनाती मोहापात्रा रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

साइकलिंग को एक कम्यूटिंग और फिटनेस के साधन के रूप में लोकप्रिय बनाने और प्रतिभाशाली साइकिल चालकों की पहचान कर उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से, रोटरी क्लब राउरकेला रॉयल, रो ई मंडल 3261, ने अपने वार्षिक साइक्लोथॉन की मेजबानी की। डीजी निखिलेश त्रिवेदी, और आठ बार के साइकिलिंग चैंपियन मिनाती मोहपात्रो ने इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई, जिसमें सरकारी स्कूलों के 200 छात्रों और 40 पुलिसकर्मियों सहित 1,200 साइकिल चालकों ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सह-प्रायोजित किया गया था। राउरकेला के पुलिस विभाग ने सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक सुरक्षा स्टाल स्थापित किया था। सभी प्रतिभागियों को हेलमेट मिले जिसे वे घर ले जा सकते थे और अपनी रोजाना साइकिल की सवारी के लिए उपयोग कर सकते थे। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। ■



शब्दों की दुनिया

इनसाइडर, आउटसाइडर

संध्या राव

उत्तरपूर्वी भारत के बारे में एक हालिया किताब बताती है कि कैसे संबद्ध और गैर-संबद्ध के विचार उभरते है और अक्सर अनुपयुक्त होते है।

एक स्थानीय ब्यूटी पार्लर में मैं एक चश्माधारी 19 वर्षीय से मिली जिसकी मोहक मुस्कान ने हमारे बीच तुरंत ही बातचीत शुरू करवा दी। ''क्या आप नेपाल से है?'' मैंने पूछा, वह मेरा मैनीक्योर-पेडीक्योर कर रही थी। ''दार्जीलिंग,'' उसने उत्तर दिया। सही है, मैंने सोचा, नेपाली का मतलब यह नहीं है कि वह नेपाली है। नेपाली का अर्थ भारतीय होना भी होता है। और इसका विपरीत भी।

बेशक, यह सूक्ष्म वार्तालाप *इनसाइडर आउटसाइडर: बिलॉन्गिंग एंड अनबिलॉन्गिंग इन नॉर्थ-ईस्ट इंडिया,* प्रीती गिल और सम्राट द्वारा संपादित लेखों का एक संग्रह, के लिए कोई उपमा नहीं है। इसके अलावा, दार्जीलिंग पश्चिम बंगाल में है; हम यह जानते है। हालाँकि, यह दूसरों के मध्य, या, विस्तार से भारत के विचार पर हमारे राजनैतिक, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक इतिहास के बड़े पैमाने पर अनदेखा किये गए भाग पर प्रकाश डालती है। जैसे ही आप इसकी 17 प्रविष्टियाँ ध्यान से पढ़ते है तो इस किताब द्वारा प्रस्तुत गहन विचार बैचैन करते है; वह हमारे देश के अभिन्न अंग के बारे में सूचना, ज्ञान और संवेदनशीलता से संबंधित हर बात के बारे में कमी - मेरी कमी - को दोहराते है।

संयोग से, मेरे द्वारा पुस्तकों की एक दुकान पर इस किताब को देखे जाने के ठीक पहले, किसी ने मुझसे पूछा था: हम असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश राज्यों का वर्णन करने हेतु 'उत्तर-पूर्व' शब्द का प्रयोग क्यों करते है? यदि महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान 'पश्चिम' है, और बंगाल, बिहार, सिक्किम 'पूर्व' है, तो यह सात राज्य भी 'पूर्व' ही है।

यह एक वैध प्रश्न है, और इसका उत्तर देने का प्रयास करने का अर्थ है 'उत्तर-पूर्व' को भारत से और दूर धकेलना। हम भूल जाते है कि इन सात राज्यों को हाल ही में कड़ी मेहनत के बाद निष्पक्ष रूप से बनाया गया है, और कुछ लोगों को याद होगा या वे जानते होंगे कि शिलॉन्ग, जो अब मेघालय की राजधानी है, कभी एक अधिक विशाल असम की राजधानी हुआ



करता था। लेकिन इस किताब से मैंने केवल यही नहीं सीखा, हालाँकि इस शहर को अधिकांश तौर पर दुखद अतीत की यादों के कारण याद किया जाता है, और यह राजनैतिक और सामाजिक इतिहास का एक मिश्रण है।

हाल ही के वर्षों में, इस क्षेत्र के युवा नौकरी एवं बेहतर अवसरों की तलाश में भारत के विभिन्न हिस्सों में पलायन कर गए है। हालाँकि उनमें से कुछ आराम से बस गए है, कई अन्य लोग भेदभाव और दुर्व्यवहार का शिकार हुए है। उन्हें संबोधित करने या उनके बारे में बात करने के लिए *चिंकी* और *मोमो* जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है, और किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि वे भी विभिन्न राज्यों और जनजातियों से उसी तरह से आते है जैसे कि विंध्य के दक्षिण से आने वाला हर कोई *मद्रासी* होता है। या गैर आदिवासी शिलॉन्ग में *दृखर* है, गारो पहाड़ियों में *बंगाल* है, मणिपुर में मयंग या मिज़ोरम में *वाई* है। इस क्षेत्र में मूल रूप से बंगाली लोगों की उपस्थिति, आतंरिक/बाहरी विचारों के स्रोत है, और यह किताब विभिन्न तरीकों, विभिन्न दृष्टिकोणों और अनुभवों के माध्यम से इसे जाँचने का प्रयास करती है।

सुहास चकमा के लेख, जिसका शीर्षक था *आउटसाइडर्स इन देर ओन लैंड्स,* को पढ़ने के पहले मैं नहीं जानती थी कि चिट्टागोंग हिल ट्रैक्ट्स (CHTs) की आबादी में 98.5 प्रतिशत लोग चकमा, पारम्परिक रूप से बौद्ध, और अन्य गैर-मुसलमान है और वे वहाँ पीढ़ियों से निवास कर रहे है। जब बंटवारा हुआ, तो वे भारत का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन CHTs को पाकिस्तान को सौंपा गया। जल्द ही, मिज़ोरम और त्रिपुरा समेत, अविभाजित असम में रहने वाले चकमा विदेशियों के रूप में लक्षित हो गए। कुछ समय के लिए अरुणाचल प्रदेश में रहने वाले चकमा सुरक्षित थे - जब तक कि 1980 में राज्य सरकार ने एक प्रस्ताव पारित करके उनके रोजगार पर प्रतिबन्ध ना लगा दिया।

हम में से अधिकांश लोगों को मणिपुर की 'माताओं' द्वारा किया गया अनोखा विरोध याद है, जब मणिपुर की एक युवती, थांगजाम मनोरमा, की सेना की हिरासत में रहते हुए बलात्कार और हत्या कर दी गई थी, और इरोम शर्मिला, जिन्होंने AFSPA (आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर्स एक्ट), जो 'अशांत क्षेत्र' माने गए राज्य में सेना को मुक्त रूप से नियंत्रण करने



की अनुमति देता है, को वापस लेने की मांग करते हुए 16 साल तक उपवास रखा। 'दंड से मुक्ति के सिद्धांत' में, थौनौजम ब्रिंदा दिखाती है कि कैसे मणिपुर को नागरिकों के बुनियादी मानवाधिकारों को प्रभावित करने वाले दमनकारी अध्यादेशों की एक श्रंखला द्वारा शासित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में क्रूरता और आधिकारिक तौर पर प्रायोजित नरसंहारों की एक सूची सामने आई, जिसके फलस्वरूप भी, आज वहाँ 30 से अधिक बागी समूह कार्य कर रहे है।

घर और पहचान हर इन्सान के दिल के करीबी मामले होते है। महुआ सेन *('क्रॉनिकल्स ऑफ़ अ डेथ अनटोल्ड')* और अंकुश सैकिया *('मैन इन दी मिडिल')* ने अनोखे अंदाज़ में घर और पहचान पर प्रकाश डाला है जो पाठकों को छूता है। जैसा कि महुआ सेन लिखती है, ''शिलॉन्ग की बंगाली हिन्दू आबादी भारत में एकमात्र समुदाय है जिसने एक ही पीढ़ी के अंतर्गत, सामुदायिक आधार पर दोहरे विस्थापन को झेला है। हमें पश्चिमी पाकिस्तान के पंजाबी हिन्दुओं और कश्मीरी पंडितों का सामूहिक भाग्य विरासत में मिला है। बहुसंख्यकों के वर्ण-पट में, यदि कश्मीरी पंडित धर्मनिरपेक्ष भारत के मुहांसे है, तो शिलॉन्ग के बंगाली हिन्दू जन्मजात मस्से है। कोई नहीं जनता आपके पास एक है।'' 1979 के बाद से 1990 के दशक की शुरुआत तक जब शिलॉन्ग में अज्ञातजनभीती सबसे बुरी अवस्था में थी, ''विचार के योग्य ना माने जाने वाला महत्वपूर्ण बिंदु यह था कि हम विजेता नहीं थे। हम नागरिकता का अधिकार रखने वाले शरणार्थी थे।'' वह एक गर्भवती गौरी डे का खुली सड़कों पर भयावह, निर्दयी बलात्कार और हत्या को याद करती है जब वह 1987 में एक दिन प्राणहरने वाली चहलकदमी के लिए निकली थी। महुआ सेन लिखती है, ''पिछले कुछ वर्षों में, अब मैं उस स्थिति में पहुँच गई हूँ कि शिलॉन्ग में जो कुछ भी हुआ वो इस बात से कम महत्वपूर्ण है कि कैसे दुनिया ने इसे नज़रअंदाज़ करने का चुनाव किया। क्रूरता को हमेशा केवल एक ही अन्य चीज़ द्वारा हराया जाएगा - उस बर्बरता के प्रति दूसरों की उपेक्षा। शरणार्थियों के वंशज यह पूछने के लिए बाध्य है, किसके पास किससे अधिक ज़मीन है, और क्यों?''

जब हम कश्मीर के पीछे पागल होते है, तो हम पूर्व से आने वाली मदद की गुहार को नज़रअंदाज़ कर देते है। किस आधार पर हम किसी आवाज़ को सुनने और किसी को ना सुनने का चुनाव करते है, आतंरिक या बाहरी व्यक्ति के तौर पर?

सैकिया आपराधिक कथा लिखते है और उनका जासूस, अर्जुन अरोरा, जिसके पिता पंजाबी और माँ एक नेपाली है, एक ऐसे ही वंश के संपूर्ण सामाजिक इतिहास और व्यक्तिगत सामग्री और उसके संभावित भविष्य की दिशा के साथ सामने आता है। सैकिया कहते है, यह डोर अर्जुन को प्रस्तुत करने वाली सभी किताबों: *डेड मीट, रिमेम्बर डेथ,* और *मोर बॉडीज विल फॉल* के साथ चलती है। सैकिया समझाते है, ''मुझे लगता है कि दिल्ली (और साथ ही बाहरी लोगों के लिए उत्तर-पूर्व का अनुभव) में उत्तर-पूर्व के अनुभव को उपन्यास के माध्यम से नाटकीय रूप देने का यह एक अच्छा अवसर था, विशेष रूप से उन खिझाने वाले शब्दों के संदर्भ में जो आजकल सुनने में आते है - 'जातिवाद' और 'भेदभाव'।''

अन्य लेख सिलहट के हस्तांतरण के बारे में बात करते है जो अब बांग्लादेश में है, और उसके साथ ही एक पूरी संस्कृति और जीने का एक तरीका हस्तांतरित हो गया। हम उपनिवेशवाद के प्रभावों को देखते है और यह कि कैसे धर्म-प्रचारकों द्वारा स्थानीय आबादी के साथ संवाद के लिए उनकी अपनी भाषा में प्रकाशन के माध्यम से शुरुआती प्रयासों द्वारा उन्होंने विभिन्न तरीकों से उन भाषाओँ को मानकीकृत किया जिनसे अक्सर अन्य भाषाओँ और बोलियों को तुच्छ बनाया जाता था। भाषा एक महत्वपूर्ण यंत्र है, और शोषण के लिए अति संवेदनशील होती है। सम्राट, किताब के संपादकों में से एक, ने यह सुन्दर वाक्य दिया है *'How we got here'* आम लोगों द्वारा बोली जाने वाली ''भाषा तब तक स्थानीय बोलियाँ बनी रही जब तक जनसंचार और सामूहिक शिक्षा ने बीसवीं शताब्दी में परिवर्तन लाना ना शुरू कर दिया... सिबसागर से कोलकाता तक नाव से सफ़र करने वाला एक यात्री... बोली जाने वाली भाषा में धीरे-धीरे परिवर्तन महसूस करेगा, असमी धीरे-धीरे बंगाली में बदल जाती है। मार्ग में, यात्री गोलपरिया और राजबोंगशी जैसे कामरूपी बोलियां सुन सकता है जिसमें मानकीकृत असमी और मानकीकृत बंगाली दोनों के आम तत्व मौजूद है।''

निरंतरता की यह भावना, एक धीमा सम्मिलन जिसमें विचलन भी शामिल है, तब दोहराई गई जब संजोय हज़ारिका, *इनसाइडर्स, आउटसाइडर्स एंड दोस इन बिटवीन* में, भारतीयों और म्यांमारियों की संयुक्त नागरिकता का जिक्र करते है। आतंरिक रेखा परमिट की उत्कृष्टता के बावजूद भी, उन्होंने देखा, कि म्यांमार के साथ 2,000 किमी की सीमा पर रहने वाले लोग, विशेषतौर पर नागालैंड, मिज़ोरम और मणिपुर के, एक साधारण पहचान चिन्ह के आधार पर यात्रा परमिट के बिना म्यांमार में 15 किमी अंदर तक यात्रा कर सकते है।

अंतर्विरोध, विरोधाभास, पक्षपात... ये सब संपूर्ण भारत में बहुतायत में है। ऐसा प्रतीत होता है कि हम मुख्य रूप से 'उत्तर-पूर्व' शब्द का प्रयोग इसलिए करते है क्योंकि हम इसके बारे में बहुत कम जानते है। *इनसाइडर आउटसाइडर* आपकी आँखें और आपका मन खोल देता है। इसी दौरान, मैं अर्जुन अरोरा से मिलने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

उन्हें संबोधित करने या उनके बारे में बात करने के लिए *चिंकी* और *मोमो* जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है, विभिन्न राज्यों और जनजातियों से उसी तरह से आते है जैसे कि विंध्य।

स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

Rotary News Subscription Remittances

You can pay the
Rotary News / Rotary Samachar
subscription online

Our Bank details:

Bank : HDFC Bank
SB Account
Branch : Egmore, Chennai
A/c Name : Rotary News Trust
A/c No. : 50100213133460
IFSC Code : HDFC0003820

E mail us following details:

Name of Club
President/Secretary's name
Amount/Date of transfer/UTR Number

For physical payment by cheque or cash in bank, write **Club Name only** without prefixing "Rotary club of". Eg. Rotary Club of Delhi Central should be written: Delhi Central.

RI Exchange Rate - March 2019

$1 = ₹69

Rotary at a glance

Rotarians	: 1,219,438
Clubs	: 35,848
Districts	: 538
*Rotaractors	: 157,811
Clubs	: 9,827
*Interactors	: 549,677
Clubs	: 23,912
RCC	: 10,238

*Estimated

As on March 15, 2019

Membership Summary

As on March 1, 2019

RI District	Rotary Clubs	No of Rotarians	Women Rotarians	Rotaract Clubs	Interact Clubs	RCC
2981	114	4,710	210	41	232	199
2982	68	3,056	152	67	117	53
3000	128	5,387	508	232	682	201
3011	82	3,498	737	47	115	25
3012	90	3,613	823	54	131	56
3020	76	4,039	229	54	466	349
3030	91	4,912	609	81	325	166
3040	95	2,095	234	33	135	142
3053	68	3,055	539	9	57	96
3054	128	6,263	1088	77	324	475
3060	102	4,325	555	59	127	138
3070	103	3,137	332	47	164	58
3080	79	3,400	282	73	226	109
3090	78	1,995	65	36	39	122
3100	78	1,932	117	12	78	146
3110	115	3,815	320	28	52	104
3120	75	3,197	388	31	63	52
3131	132	5,495	1220	94	310	90
3132	98	3,894	397	38	214	151
3141	95	5,629	1347	111	271	84
3142	95	3,512	659	76	205	64
3150	95	3,572	360	60	248	109
3160	72	2,550	148	27	48	81
3170	126	5,710	630	56	346	164
3181	79	3,581	319	56	268	114
3182	84	3,340	255	28	278	95
3190	127	5,065	692	125	369	52
3201	143	5,395	346	95	137	49
3202	130	5,065	258	76	445	47
3211	139	4,457	289	6	98	128
3212	99	4,100	324	95	292	142
3231	80	3,341	288	48	216	305
3232	117	4,821	766	114	349	82
3240	88	3,114	397	47	166	170
3250	101	3,926	698	59	217	176
3261	73	2,641	343	8	105	43
3262	91	3,431	420	37	77	76
3291	147	3,731	725	83	136	600
India Total	**3,781**	**148,799**	**180,69**	**2,320**	**8,128**	**5,313**
3220	71	2,004	286	76	211	73
3271	88	1,524	259	51	19	16
3272	145	2,451	380	50	38	38
3281	208	5,774	853	221	94	189
3282	148	4,263	475	118	48	42
3292	117	4,587	703	121	129	113
S Asia Total	**4,558**	**169,402**	**210,25**	**2,957**	**8,667**	**5,784**

Source: RI South Asia Office

बीकानेर में छात्रों ने नशीली दवाओं को ना कह दिया

टीम रोटरी न्यूज़

बीकानेर मरुधारा के रोटरी क्लब, रो ई मंडल 3053 और राजस्थान पुलिस, बीकानेर प्रक्षेत्र ने ग्रामीण राजस्थान में किशोरों द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक जागरूकता कार्यक्र म आयोजित किया। रोटेरियन और पुलिसकर्मियों ने छात्र समुदाय से मादक पदार्थों की लत छुड़ाने के लिए 15 दिनों तक क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्र मों में शामिल होने का अनुरोध किया।

रोटेरियन गण नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ छात्रों के साथ वचन लेते हुए।

संवादात्मक सत्रों और स्व-निर्देशित गतिविधियों के माध्यम से, छात्रों ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में सीखा और उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग से जुडी स्थिति से बाहर निकलने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए, आईजी बीएल मीणा ने कहा, ''युवा लड़के और लडकियाँ आसानी से नशे की लत का शिकार हो जाती हैं। यह बच्चों के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।'' क्लब के अध्यक्ष पुनीत हर्ष ने कहा कि उन्हें पुलिस के साथ साझेदारी करके और बीकानेर में ''छात्रों के लिए इस महत्वपूर्ण रोकथाम, शिक्षा कार्यक्रम को शुरू करके उन्हें खुशी हो रही है, और यह कार्यक्रम छात्रों को दुरुपयोग के शुरू करने से पहले उन्हें उसके दुष्प्रभावों से परिचित कराएगी।''

रानी बाजार उद्योग संघ के सहयोग से, टैक्सी चालकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने नशीली दवाओं का इस्तेमाल नहीं करने की प्रतिज्ञा की। ■

प्रवासी श्रमिकों के लिए रोटरी द्वारा कंबल उपलब्ध कराया गया

रोटेरियन गण खेत में काम करनेवाले वर्कर्स को बेडशीट वितरित करते हुए।

वंचित लोगों को समय पर मदद करने और कम भाग्यशाली बच्चों की मदद करना रोटरी क्लब गार्गीस कोल्हापुर, रो ई मंडल 3170 का मुख्य आकर्षण हैं। रोटेरियन ने शहर में गन्ने के खेतों में काम प्रवासी लोगों के लिए 75 नए कंबल और इस्तेमाल किए गए लेकिन अच्छी स्थिति वाले कपड़ों से भरे हुए बैग दान किए।

क्लब के अध्यक्ष सुजाता लोहिया कहती हैं, ''उनके बच्चों के पास सर्दियों की ठंड से बचने के लिए समुचित कपडे भी नहीं हैं। उनमें से अधिकांश बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं क्योंकि उन्हें अपने माता-पिता के साथ अस्थायी काम की खोज में जाना पड़ता है।''

एक अन्य अभियान के अंतर्गत, क्लब के सदस्य स्वयं स्कूल में 35 विशेष बच्चों की शिक्षा जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, और कोल्हापुर पब्लिक स्कूल के इंटरेक्ट मैत्रेय के सदस्यों के साथ मिलकर, उन्होंने अंधशाला के 40 नेत्रहीन बच्चों को सफेद कैन उपलब्ध कराया। ■

मंडल गति

रोटरी क्लब पोंडिचेरी सेंट्रल - रो ई मंडल 2981

क्लब के 30वीं वर्ष को चिन्हित करने के लिए 8,000 से भी अधिक लोग एक स्टार नाईट कार्यक्रम में शामिल हुए। अल्फा स्कूल के सहयोग से, क्लब ने रोटरी के 114वें वर्ष का उत्सव मनाने के लिए सार्वजनिक छवि परियोजना के रूप में एक *'Art of parenting'* का आयोजन किया। इस समारोह में 500 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया।

रोटरी क्लब रासीपुरम रॉयल - रो ई मंडल 2982

इस नए क्लब द्वारा एक विशाल पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल और कॉलेज के 800 विद्यार्थियों की उपस्थिति देखी गई। इस कार्यक्रम में क्लब की एंस ने भाग लिया जिसने शहर में रोटरी की छवि को बढ़ाया।

रोटरी क्लब गाँधी सिटी वर्धा - रो ई मंडल 3030

पीडीजी महेश मोकलकर की उपस्थिति में एक ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को साठ साइकिलें वितरित की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियनों ने हिस्सा लिया।

रोटरी क्लब पुदुक्कोट्टई सिटी - रो ई मंडल 3000

अदापंगाराम चाथिराम गाँव में अथ्मा ब्लड बैंक के सहयोग से एक रक्तहीनता और मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन किया गया। 200 से भी अधिक ग्रामीणों की जाँच की गई और डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया।

विधियाँ

रोटरी क्लब ग्रेटर विदिशा - रो ई मंडल 3040

रो ई मंडल 2041, इटली और टीआरएफ के साथ साझेदारी में निष्पादित एक वैश्विक अनुदान के माध्यम से एक सरकारी स्कूल को फर्नीचर का एक सेट दान किया गया। स्कूल में एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी लागू किया गया।

रोटरी क्लब यमुनानगर रिवेरा - रो ई मंडल 3080

रोटेरियनों ने सड़क किनारे बैठने वाले विक्रेताओं और मोचियों को धूप से बचाने के लिए बड़े छाते वितरित किये।

रोटरी क्लब फरीदकोट - रो ई मंडल 3090

नगर के विभिन्न सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को जूते और स्वेटरें वितरित किये गए। कर्मचारियों ने इस विचारपूर्ण कार्यवाही के लिए क्लब को धन्यवाद दिया क्योंकि वे बच्चे ऐसे वंचित परिवारों से है जो इन बुनियादी आवश्यकताओं को भी वहन नहीं कर सकते।

रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल - रो ई मंडल 3100

फतेहपुर विश्नोई गाँव में 'प्लास्टिक को कहो ना' अभियान का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने घरों में कपड़े के थैले वितरित किये और गाँव वालों को किसी भी रूप में प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए निरुत्साहित किया।

रोटरी क्लब अहमदपुर - रो ई मंडल 3132

एक स्थानीय न्यास के साथ साझेदारी में परछंदा गाँव को ₹1.4 लाख की लागत वाला एक वाटर प्यूरीफायर दान किया गया। 1,000 लीटर प्रति घंटे की क्षमता वाला यह प्यूरीफायर करीब 50,000 लोगों को लाभान्वित करेगा।

रोटरी क्लब गुन्ताकल – रो ई मंडल 3160

इनर व्हील के साथ साझेदारी में स्कूली विद्यार्थियों के लिए एक RYLA का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों को नयी स्लेटें दी गई और रोटेरियनों द्वारा एक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

रोटरी क्लब मैसूर विजयनगर – रो ई मंडल 3181

क्लब के पूर्व अध्यक्ष एच एम हरीश के नेतृत्व वाले एक दल ने रोटरी क्लब मैंगलोर सेंट्रल द्वारा पिछले 13 वर्षों से आयोजित किये जा रहे रोटरी जागरूकता प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कर – ₹2,000 का नगद पुरस्कार और एक शील्ड – जीता। पीडीजी बी देवदास राय प्रश्नोत्तरी के मास्टर थे।

रोटरी क्लब पेरम्बूर सेंट्रल – रो ई मंडल 3201

डीजी ए वी पेथी ने एर्नाकुलम जिले के एक छोटे से गाँव क्रारियेली की मार्थोमा निम्न प्राथमिक शाला में क्लब द्वारा निर्मित एक रसोईघर का उद्घाटन किया। यह सुविधा स्कूल में बच्चों को गर्म खाना देने में मदद करेगी।

रोटरी क्लब शिवकाशी सेंट्रल – रो ई मंडल 3212

डीजी के आधिकारिक दौरे के दौरान, क्लब ने विद्यार्थियों के मध्य बेहतर स्वच्छता आदतों की शुरुआत करने के प्रयासों के अंतर्गत नगर के कोरोनेशन गर्ल्स स्कूल को ₹30,000 की कीमत का एक नैपकिन भस्मक दान दिया। एक जरूरतमंद को लोहे की पेटी दान की गई।

रोटरी क्लब अम्बालपदी – रो ई मंडल 3182

नगर के 25 स्कूलों और कॉलेजों में सेनेटरी पैड भस्मक लगाए गए जो 4,800 लड़कियों को लाभान्वित करेंगे। यह परियोजना रोटरी क्लब सेंट्रल चेस्टर काउंटी, लिओनविले, रो ई मंडल 7450, यूएसए और सहायक गवर्नर सुब्बन्ना पाई के सहयोग से निष्पादित की गई है।

विधियाँ

रोटरी क्लब काटपदी - रो ई मंडल 3231

स्थानीय सरकार के साथ साझेदारी में, क्लब ने एक डेंगू जागरूकता शिविर का आयोजन किया और लाभार्थियों को एक तिपहिया साइकिल प्रदान की। उन्होंने के वी कुप्पम गाँव में एक वृक्षारोपण मुहिम का भी आयोजन किया।

रोटरी क्लब पाटलिपुत्र - रो ई मंडल 3250

पूर्व राज्य मंत्री श्याम रजक ने पीडीजी संजय खेमका और अन्य रोटेरियनों की उपस्थिति में क्लब द्वारा निर्मित एक पूर्ण रूप से वातानुकूलित शवयान लोगों को समर्पित किया। यह शवयान माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है।

रोटरी क्लब माल्दा सेंट्रल - रो ई मंडल 3240

विश्व पोलियो दिवस को चिन्हांकित करने के लिए माल्दा मेडिकल कॉलेज और माल्दा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में एक टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीजी सायंतन गुप्ता की मौजूदगी में एक सेमीनार का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब सुंदरगढ़ टाउन - रो ई मंडल 3261

आठ डॉक्टरों की एक पैनल के साथ एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिन्होंने विभिन्न बीमारियों के लिए 2,000 से भी अधिक मरीजों की जाँच की। क्लब ने एक विशेष घर में मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं को 70 शालें वितरित की।

रोटरी क्लब कलकत्ता मिड साउथ - रो ई मंडल 3291

मूल्यांकन के बाद, क्लब ने धसका गाँव के एक सरकारी प्राथमिक शाला में ₹73,000 की लागत से 50 मेज और बेंच दान दिए। क्लब ने अपनी परियोजना को निष्पादित करने के लिए रोटरी क्लब बेटरसी, ब्रिक्सटन और क्लाफाम, यूके, से ₹47,840 की वित्तीय सहायता प्राप्त की। कार्यक्रम में डीजी मुकुल सिन्हा उपस्थित थे।

वी मुत्तुकुमारण द्वारा संकलित
एल गुणाशेकरण द्वारा रुपांकन

संक्षेप में

अब और ढिंढोरा नहीं

जल्द ही, कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी के लिए ढोल पिटवाने का प्रचलन गुजरे जमाने की बात होगी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने कुर्क की गई संपत्तियों के लिए ढोल पिटवाने और सार्वजनिक नीलामी जैसे प्राचीन तरीकों के स्थान पर अखबार में विज्ञापन और ई-नीलामी जैसे अधिक कुशल तरीकों को अपनाने का प्रस्ताव दिया है। IT अधिनियम के मुताबिक, कुर्की के आदेश की घोषणा करना और उस आदेश की एक प्रति को संपत्ति के एक ध्यानाकर्षी हिस्से पर और दूसरी प्रति को कर वसूली अधिकारी के कार्यालय के सूचना पटल पर चिपकाना अनिवार्य है।

स्कूलों में स्वीगी लंच पर रोक

चेन्नई के एक प्रसिद्ध स्कूल द्वारा अभिभावकों को जारी किया गया एक परिपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, क्योंकि उसमें अभिभावकों को उनके बच्चों के लिए खाद्य वितरण एप्स के माध्यम से खाना ऑर्डर करने पर रोक लगाई गई थी। ''यह सुरक्षा का प्रश्न है। मैं स्कूलों में अंजान लोगों को आकर खाना पहुंचाने नहीं दे सकती। हम आमतौर पर बच्चों को लंच या नाश्ते में जंक फूड लाने के लिए हतोत्साहित करते है,'' परिपत्र में प्रधानाध्यापक ने समझाया।

ङ्गएगबॉयफको मिली वित्तीय सहायता

विल कोनोली के लिए एक ऑनलाइन निधि संचयन द्वारा लगभग ₹30 लाख इकठ्ठा हो चुके है जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सांसद फ्रेसर एनिंग के सर पर अंडा फोड़ा था क्योंकि उन्होंने न्यूज़ीलैंड में दो मस्जिदों पर हुये हाल ही के हमलों के लिए मुस्लिम अप्रवासन को जिम्मेदार ठहराया था। कोनोली की ''वैधानिक फीस और अधिक अंडों'' के निधीयन के लिए अनुदान संचयन की शुरुआत की गई थी।

नारी शक्ति, वर्ड ऑफ दी इयर

जयपुर साहित्य उत्सव में ऑक्सफोर्ड डिक्शनेरी ने घोषणा की कि 'नारी शक्ति' वर्ष 2018 का वर्ड ऑफ दी इयर है। इस वाक्यांश को एक पैनल द्वारा चुना गया क्योंकि इसने काफी ध्यान खींचा है और यह लोकाचार, मनोदशा या पूर्वाग्रह को दर्शाता है।

कैल्विन क्लाइन की नेपाली ट्रांसजेंडर मॉडल

अंजलि लामा, एक ट्रान्सजेंडर, कैल्विन क्लाइन के लिए अभियान जीतकर नेपाल की पहली ट्रान्सजेंडर बन गई है जो विश्व भर में कुछ अन्य चुनिन्दा लोगों के साथ, एक अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के लिए मॉडलिंग करेंगी। वर्ष 2017 में लेकमे फ़ैशन वीक, जिसमें दो सीज़न में तीन प्रयास करने के बाद वह अंततः मॉडल्स के ब्रांड पूल में शामिल की गई थी, में वॉक करके उन्होंने फ़ैशन जगत में कदम रखा था।

जयश्री द्वारा संकलित; एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

बचाव के लिए बेहतर तकनीक का इस्तेमाल

टीम रोटरी न्यूज़

नवागंतुक मंडल अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत में रोटरी मंडलों द्वारा अब बेहतर तकनीकों और नवीन विचारों का उपयोग किया जा रहा है। क्लब और डिस्ट्रिक्ट सपोर्ट, RISAO के प्रमुख जतिंदर सिंह के अनुसार, कम से कम दो रो ई मंडलों 3170 और 3240 के डीजीई ने अपने क्लब और मंडलाधिकारियों के लिए हाल ही में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान ''अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों'' का इस्तेमाल करने का प्रयास किया। ''व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त, उन्होंने RISAO के कर्मचारियों - जिन्होंने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लाइव प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध कराया''- से संवाद के लिए इंटरनेट-सक्षम कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों का भी उपयोग किया। प्रतिभागियों को ये नई नवीन प्रशिक्षण तकनीकें पसंद आई और अनेक मंडलों ने भी अपने प्रशिक्षण के लिए इन नवीन तकनीकों का इस्तेमाल करने की योजना बनाई हैं।

रो ई मंडल 3170 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 180 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें क्लब अध्यक्ष, सचिव, प्रशिक्षक और सहायक गवर्नर शामिल थे। डीजीई गिरीश आर मसुरकर के अतिरिक्त, मंडल प्रशिक्षक पीडीजी विनय पाई रायकर और अन्य मंडल नेतृत्व भी उपस्थित थे।

रो ई मंडल 3240 के अधिकारियों को बर्दवान में मंडल प्रशिक्षण सभा के दौरान RISAO कर्मचारियों के साथ एक वेब-सम्मेलन के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें 150 से अधिक रोटेरियन ने भाग लिया और प्रतिभागियों द्वारा नवीनतम प्रथाओं का स्वागत किया गया। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

लडकियों में बेहतर जागरूकता उत्पन्न करना

सोनीपत मिड्टाउन के रोटरी क्लब, रो ई मंडल 3012, ने अपनी परियोजना 'W-1000' के अंतर्गत, हरियाणा और आसपास के सरकारी स्कूलों 1,000 छात्राओं को प्रशिक्षित और कु शल बनाया, ताकि उनमें आत्मविश्वास का निर्माण किया जा सके और उन्हें बडे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। छात्रों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। क्लब के सदस्यों ने लडकियों की मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता के बारे में बताया और स्कू लों में किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन वितरित किया गया। क्लब के अध्यक्ष टी एन तिवारी कहते हैं, ''बहुत से लोग सैनिटरी पैड नहीं खरीद सकते, क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होती हैं।''

स्कूल छात्रीयों के लिए एक पुलिस कर्मी कराटे का प्रदर्शन करती हुई।

जरूरतमंद छात्राओं की पहचान की गई और ब्रेक पार्टस इंडिया के साथ सीएसआर साझेदारी के अंतर्गत प्रत्येक महीने इन छात्रों को नैपकिन उपलब्ध कराया जा हैं। परियोजना को स्थायी बनाने के लिए विभिन्न सरकारी स्कूलों में छह सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई हैं।

क्लब द्वारा एचआईवी, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के बारे में जागरू कता अभियान चलाया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें क्लब में मुफ्त कैंसर स्क्रीनिंग सुविधा की उपलब्धता के बारे में बताया।

करियर काउंसलिंग और कानूनी जागरू कता से संबंधित सत्रों, और आत्मरक्षा और योग में प्रशिक्षण कु छ अन्य गतिविधियों का भी आयोजन क्लब के सदस्यों द्वारा छात्राओं को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया। ■

प्यार को आगे बढ़ने का एक मौका दें

भरत और शालन सवुर

क्या आपकी बेरुखी किसी की नींद उड़ा सकती है? क्या उसकी बेरुखी आपकी नींद उड़ा सकती है? हाँ बिल्कुल। अमेरीका की पोर्टलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी में किये गए एक हालिया शोध में कहा गया है कि ऐसा निश्चित रूप से हो सकता है और होता भी है। कटाक्ष, नीचा दिखाना और दुर्व्यवहार, चुभते है, ठेस पहुंचाते है, जी दुखाते है। शब्दों की तुलना में मन लगातार पीड़ा को दोहराता रहता है। आप आधी रात को भी झटके से उठ सकते है फिर भले ही आप अपनी हिला कर रख देने वाली भावनाओं से थक हारकर गहरी नींद में सोए हो।

मुझे याद है, वर्षों पहले, जब मैं किसी पर कटाक्ष कर रही थी, तो उसने धीरे से आग्रह किया, ''ऐसा मत बोलो!'' वह सौम्य परिवाद सीधा मेरे दिल पर लगा। कटाक्ष की ढाल की आवश्यकता दूर हो गई। उसके बाद से, मैंने अपने शब्दों और लहजे पर ध्यान दिया। जब मैंने भूल की, मैंने असहज महसूस किया और मैंने स्वयं से पूछा, ''मेरे अंदर कहाँ से यह आया था?'' हालाँकि यह प्रश्न स्वयं में एक आत्मसंयम तंत्र की तरह कार्य करता है, फिर भी यह जानना वास्तव में दिलचस्प है कि आखिर यह आया कहाँ से था।

सागर में एक लहर। दिलचस्प ढंग से, आइंस्टीन ने लिखा था कि कैसे एक दूसरे से अलग होने के भ्रम में पड़कर - ''अलगाव हमारी चेतना की नजर का धोखा होता है'' - हम चीज़ों को केवल उस एक सीमित दायरे में ही देखते है। जैसे कि, जब मैं बेरूखा होता हूँ, तो मैं समुद्र की उस लहर की तरह हो जाता हूँ जो दूसरी लहर को भी धक्का देती है, ''मेरी नज़रों के सामने मत आओ!!**!! मेरे सामने से हट जाओ!'' उसी प्रकार, जब मुझे लगता है कि मेरे तौर-तरीकों या मेरे मूल्यों का अनादर किया जा रहा है, तो मैं अपनी आत्म चेतना के बड़े हिस्से से दूर होकर अपनी आत्म चेतना के छोटे हिस्से के माध्यम से अभद्र प्रतिक्रिया देता हूँ।

तो अब मुझे पता चला कि मुझमें बेरुखी कहाँ से आई - मेरे छोटेपन से। मैं दंभ भरकर अपने कटुव्यंग्य को उचित सिद्ध कर सकता हूँ, लेकिन इससे मैं केवल और छोटा होता जाता हूँ। यह होने के लिए कोई अच्छी जगह नहीं है - वहाँ दर्द, सुन्नता, इंकार, बिना आंसू का रुदन, अकेलापन, डर, भंगुर कठोरता, तनाव, अवसाद है।

शुक्र है, मेरे दोस्त के ''ऐसा मत बोलो!'' ने मुझे एक बेहतर जगह पहुँचा दिया। कुछ भी ऐसा कहने से पहले जिसे दूर से भी असभ्य माना जा सकता हो, मैंने अपने इरादों पर सवाल उठाया। स्वयं के भीतर ऐसा आत्म चिंतनशील मंथन बहुत सुखद होता है। आपका सामना एक ऐसे नि:शब्द शिक्षण से होता है जो आपको अपना बेहतर मौन दिखाते हुए प्रकाशित होता है। आप गहराई से समझते है कि ख़ामोशी स्वर्णिम है और वाणी भी ऐसी हो सकती है। तब से, मैंने विनीत शांति के एक नए जीवन में प्रवेश किया है, सही मायनों में... कम से कम, अधिक समय के लिए!

> **मैंने एक व्हीलचेयर से चलने वाले व्यक्ति के बारे में पढ़ा था जो अपने दिमाग को ''भगवान और परियों की कहानियों से जोड़ लेता है।'' आप एक प्यारी, छोटी, नाजुक-सी परी से बेरुखे नहीं हो सकते, है ना?**

विनम्र बनो, दयालु बनो। प्रसिद्ध दार्शनिक जे कृष्णमूर्ति (जे के) सच्चे शिष्टाचार, सभ्यता और परिशोधित व्यवहार के महान उदाहरण थे। जब गलती से उनके रसोइये माइकल क्रोहनेन ने दोपहर 1.15 बजे उनसे ''सुप्रभात, कृष्णाजी'' कहकर उनका अभिवादन किया, तो जेके ने विनम्रता पूर्वक उत्तर दिया, ''सुप्रभात, माइकल''। और जब जेके ने गलती से रसोई के फर्श पर पानी गिरा दिया, तो उन्होंने स्वाभाविक रूप से अफ़सोस जताते हुए माइकल से कहा, ''मुझे माफ़ करना। मेरे हाथ से थोड़ा सा पानी गिर गया है। मुझे खेद है, श्रीमान। मैं इसे पोछ दूंगा।''

विनम्रता हम सभी में मौजूद सबसे सुन्दर तत्वों में से एक है। जब हम अशिष्ट होते है, तो हम ब्रह्मांड को ईर्ष्यालु, तुच्छ, धृष्ट स्पंदनों से भर देते है और उसे ख़राब कर देते है। जब हम विनम्र होते है, तो हम ऐसे स्पंदनों का उत्सर्जन करते है जो सौम्य, मधुर, आडम्बरहीन होते है और वे वातावरण को ताज़गी से भर देते है।

विनम्र होना एक कला है - आप कुछ उम्मीद नहीं करते है, आप सभी चीज़ों की प्रशंसा करते

है और उनके प्रति कृतज्ञ रहते है। यहाँ तक कि प्रबल महासागर भी स्वयं में नदियों के प्रवाहित होने की विनम्रता से प्रतीक्षा करता है।

हमारा सामना रोज़ाना अशिष्टता के भाव से हो सकता है। यहाँ पर, यह जानना महत्वपूर्ण है कि यह आपकी ओर तब आकर्षित होता है जब आप इसे प्रतिध्वनित करते है। परिणामस्वरूप, अंत में, आप स्वयं को चिड़चिड़ा और क्रोधित महसूस करते है। दूसरों पर दोषारोपण करके नकारात्मक स्पंदन उत्पन्न करने के बजाए, इस बारे में जागरूक होना अति प्रभावी है कि हमें अपना मुँह बंद रखने को लेकर कुछ करना चाहिए। हमारी शारीरिक प्रतिरक्षा प्रणाली के स्वस्थ होने के लिए हमारी मानसिक प्रणाली का स्वस्थ होना जरूरी है।

नाटक से बाहर निकले। स्वयं को बेरूखा होने या किसी अन्य के बेरुखेपन से प्रभावित होने से स्वयं को रोकने के लिए दो खूबसूरत तरीके है। पहला, मानसिक रूप से कुछ कदम पीछे लें, उस नाटक से स्वयं को अलग कर लें ताकि आप उसका हिस्सा ना रहें। हमारा विकास प्रेम से होता है, अपशब्दों से नहीं। जब हम पीछे हटते है तो सख्त होने या प्रतिकार करने की तीव्र इच्छा क्षीण हो जाती है। यह आपको अंदर के क्रुद्ध स्पंदन से मुक्त रखता है और यह वातावरण को अप्रियता से मुक्त रखता है।

दूसरा तरीका यह है कि हम अपने भीतर की सारी बेरुखी को एक उच्च, महान सुबोध विचार को अर्पण कर दें - हमारे मन में - जैसे कि शांति। यह हमें शांति का अनुभव करने, आपके मध्य से अमृत की तरह बहने वाली स्थिरता की मधुरता को चखने में हमारी मदद करता है।

मेरे लिए, यह एक प्रगति थी: मुझे पसंद नहीं था कि मेरी उत्तेजनाओं के लिए मेरा ह्रदय तड़पे। इसके बाद तीव्र इच्छाएँ रखने वाला जीवन सरल हो गया, किसी तरह, सरल शांति का पर्याय बन गया... जैसा कि मैंने स्पष्ट रूप से समझा है कि जीवन को सरल बनाने में, संघर्ष अभी भी जारी है और शांति को हानि पहुँची है, मैं समरसता का इच्छुक हूँ - और, हाँ, मैं नाटक से बाहर आ गया हूँ और वहीं पर हूँ... यह रहने के लिए आश्चर्यजनक रूप से शांत और आश्वस्त करने वाला आतंरिक स्थल है।

अंत में, समय-समय पर हर उस चीज़ पर ध्यान देने की खूबसूरत कला का अभ्यास करें जिसकी आप जीवन में सराहना करते है। बोल्डर क्रीक, कैलिफ़ोर्निया, में शोधकर्ता कहते है कि इस अभ्यास से सकारात्मक भावनाएं उभरती है और यह धड़कन को एक स्वस्थ ताल के अनुरूप धीमा कर देता है। इससे मस्तिष्क लाभकारी तंत्रिकासंचारकों को स्रावित करता है। दलाई लामा अक्सर अपने व्यस्त दिन में समय निकालकर खिड़की के बाहर मनोरम दृश्य को निहारते है। जब भी जे कृष्णमूर्ति ओजई, कैलिफ़ोर्निया, स्थित अपने पाइन कॉटेज में लौटते है तो वह उद्यानपथ पर लहराते हुए रंग-बिरंगे फूलों को स्नेह भरे आकर्षण के साथ देखते है। मैंने एक व्हीलचेयर से चलने वाले व्यक्ति के बारे में पढ़ा था जो अपने दिमाग को ''भगवान और परियों की कहानियों से जोड़ लेता है।'' आप एक प्यारी, छोटी, नाजुक-सी परी से बेरुखे नहीं हो सकते, है ना?

लेखिका एक आब्स्टट्रिशन और स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं और फिटनेस और जीवनशैली परामर्शदाता भी हैं। उन्होंने दो किताबें : Get Size wise, Gain to Lose *लिखि हैं।*

www.drsheelanambiar.com

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

संक्षिप्त सूचना

रोटरी क्लब बेंगलोर ऑर्चर्ड्र्स, रो ई मंडल 3190, के अध्यक्ष डी रविशंकर ने उदगमंडलम (ऊटी) की ज़िला कलेक्टर, इनोसेंट दिव्या, को स्थानीय जनजातीय समुदाय - नीलगिरी के तोडाओं - के बच्चों की पढ़ाई के लिए ₹10 लाख का चेक दिया।

RIPN सुशील गुप्ता ने PRID अशोक महाजन को अनुकरणीय मानवीय सेवा पुरस्कार से नवाजा जिसे रो ई मंडल 3142 द्वारा हाल ही में मुंबई में सम्पन्न हुये उनके मंडल सम्मेलन में दिया गया था। तस्वीर में: (बाएँ से) नंदिता गांगुली, विनिता, RIPN सुशील गुप्ता, PDG डॉक्टर चंद्रशेखर कोलवेकर, PRID अशोक महाजन, PDG वेंकट गडवाल, PDG (मंडल 3141) लता सुब्बरायुडु और PDG (मंडल 3142) बी एस शिवराज।

इवेंस्टन स्थित रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय में RIPE मार्क मलोनी के साथ विभिन्न ज़ोनों के 2019-20 के रोटरी सार्वजनिक छवि समन्वयक। RPIC दीपक शिकरपुर दाएं से चौथे स्थान पर है।

On the racks

Limca Book of Records 2019

Publisher : **Hachette India**
Pages : **440; ₹550**

Discover our country's firsts and foremost in human endeavour, structures, education, defence, government, on science and technology, adventure, business, cinema, the natural world, literature and the arts in this up-to-date edition of India's only comprehensive book of records.

With reader-friendly infographics, charts and tables, the *Limca Book of Records 2019* includes more than 1,000 images and all the diverse and riveting absolutes — such as records for the longest, tallest, fastest and heaviest — that have endured across time.

Be amazed. Be informed. Be proud.

Most of all, be inspired!



Living the Bhagavad Gita: Ancient Wisdom for Modern Life

Author : **Braja Sorensen**
Publisher : **Hachette India**
Pages : **196; ₹299**

In this book, Braja Sorensen combines the teachings of Krishna and the sage Patanjali to emphasise the real purpose of yoga: it is a way of life, and its goal is the union with the Divine.

She presents a lucid analysis of the multiple meanings of the word 'yoga' that Krishna teaches in the *Bhagavad Gita*. The yogic journey is a process of training and refining the mind, senses and emotions, until the very consciousness is altered and ready to meet the Divine. Patanjali explains the link between the body, mind and soul, and how the practice of yoga affects each.

This book brings to you the life-changing qualities that Krishna taught, and shows you how the *Bhagavad Gita* is the finest guide to understanding life, love and relationships, the body, mind and senses, and the nature of the soul.



Designing Destiny - The Heartfulness Way

Author : **Kamlesh Patel**
Publisher : **Westland Publication**
Pages : **219; ₹299**

What does destiny mean in the course of our lives?

How can we design our own destiny?

These are questions that some of the world's greatest philosophers have asked since time immemorial. In this ground-breaking book, Kamlesh Patel addresses such questions with simple solutions and practical wisdom. He elaborates on the subject of consciousness, the role of evolution, and explains what happens to us at the time of birth and death — and how we can act in those pivotal moments when life takes a turn.

He inspires us to believe in ourselves and find a way forward, no matter what the challenge, and look at even the most difficult situation as an opportunity to grow. He says that with a few simple practices, a heart full of enthusiasm and an expanded consciousness, we can all discover our potential and the destiny we were born to fulfil.

Compiled by Kiran Zehra
Designed by Krishnapratheesh S

किताबों का चयन, गर्मीयों में एक बड़ी दुविधा

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

शीघ्र ही गर्मियां आने वाली हैं । लोग यात्रा की योजना बनाना शुरू कर देंगे। बहुत पहले से वो गंतव्य और सस्ते टिकट ढूंढना शुरू कर देंगे। लेकिन एक बात जिस की कोई तैयारी नहीं करेंगे : अपने साथ कौन कौन सी किताबें ले जानी हैं। मेरा विश्वास करें यह उतना ही अनर्थकारी हो सकता है जैसा 40 साल पहले एक बार मेरे साथ हुआ था। ओडिशा में मेरे पास सिगरेट ख़त्म हो गई थी जो उन दिनों हर जगह नहीं मिलती थीं। इसके बाद जो हुआ वो एक बहुत दुःख भरी दास्ताँ है। अगर किताबें कम पड़ जाए तो बिलकुल वैसा ऐसा हो सकता है। तब तो यह और भी बुरा होता है जब आप बड़बड़ाते हैं और आपकी पत्नी आपको शांत रहने या टीवी देखने के लिए कहती है। टीवी? अगर क्रिकेट मैच नहीं चल रहा हो तो टीवी देखने के बजाय मैं डेंटिस्ट के पास बैठना ज़्यादा पसंद करूंगा।

कहते हैं जीवन का सबसे कठिन निर्णय यह है कि कौन सी किताब साथ ले जाएं। यदि आप गलत किताबें साथ ले जाते हैं, तो आप फंस गए, क्योंकि पढ़ने के लिए तो कुछ है नहीं बल्कि फालतू वजन को और ढोते फिरेंगे। आखिर किताब को कूड़ेदान में कौन फेंकता है? तो, दूध का जला छाछ भी फूँक - फूँककर पीता है। सिगरेट के उस अनुभव के बाद से, मैंने पहले से ही अपनी पसंदीदा शैली - राजनीतिक या रोमांचकारी जासूसी पुस्तकों को जमा करना शुरू कर दिया है। पहले इनके कुछ पृष्ठ भी पढ़ता हूं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये बेकार तो नहीं है।

लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा, बावजूद इसके कि भारत में राजनीतिक षड्यंत्र की परंपरा काफी समृद्ध है - जैसे *रामायण* और *महाभारत* - पर बहुत कम भारतीय लेखक राजनीतिक या जासूसी थ्रिलर लिखते हैं। कुछ ने लिखना शुरू तो किया है, लेकिन वास्तव में वे बहुत अच्छे नहीं हैं। इसके बजाय, हमारे पास भारत की खुफिया सेवाओं के पूर्व प्रमुखों और राजनेताओं की आत्मकथाएें हैं।

लेखकों का कोई भी वर्ग बहुत बढ़िया नहीं है - रोमांचकारी तो बिलकुल नहीं - भले ही मनोरंजक न हों, लेकिन ज्ञानवर्धक हो सकते हैं। मैंने ऐसी लगभग 30 किताबें पढ़ी हैं। सभी सोचते हैं कि आर्मी और IAS उतने तेज नहीं हैं जितना उन्हें होना चाहिए। जबकि स्वाभाविक रूप से, सेना, राजनेता और सिविल कर्मचारी इस के ठीक विपरीत सोचते हैं, उन्हें RAW और IB दोनों, बुरे नहीं तो, बड़बड़ करने वाले ज़्यादा लगते हैं। जबकि सचाई, इन दोनों के बीच में निहित है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों का स्वाद चखने के लिए आपको इन पुस्तकों को पढ़ना चाहिए।

सब ठीक करते हैं पर कहीं न कहीं गड़बड़ी हो ही जाती है। कभी कभी यह गड़बड़ी भारी पड़ जाती है। 1977 में, खइ से आम चुनाव के बारे में गलती हो गई थी और 26/11 को देश के मामले में RAW विफल रहा था। लेकिन आपको न लोगों से सहानुभूति रखनी होगी। जैसे दुनिया में हर जगह माना जाता है, सूचना एकत्र करने वाली एजेंसियां केवल अपनी विफलताओं के लिए जानी जाती हैं, सफलता के लिए नहीं।

1977 में, खइ से आम चुनाव के बारे में गलती हो गई थी और 26/11 को देश के मामले में RAW विफल रहा था। लेकिन आपको न लोगों से सहानुभूति रखनी होगी।

एक बड़ी विफलता 99 छोटी सफलताओं पर पानी फेर सकती है। 9/11, 7/7, 26/11 ये सब इस बात के गवाह हैं। लेकिन जिस प्रकार अन्य एजेंसियां उत्तरदायी हैं, उस तरह से ये उत्तरदायी नहीं होती हैं और उसी की कीमत चुकाती हैं। विशेष रूप से ऐसा तब होता है जब वे देश सेवा और वर्तमान सरकार की सेवा में फर्क नहीं कर पाते। अफसोस, ऐसा होता भी है।

खैर, अगर आप ऐसी किताबे पसंद नहीं करते और सामान्य रहस्य ही पसंद है, तो मैं आपको एक लेखक का सुझाव देता हूँ, लिलियन जैक्सन ब्रौन। उनकी सभी किताबें, कुल 29, रहस्यमय कहानियों से भरी हैं जिनमें दो बिल्लियाँ - कोको और यम-यम - अगर केंद्रीय नहीं तो प्रमुख पात्र ज़रूर हैं।

उनकी सभी पुस्तकों के शीर्षक की शुरुआत में ''द कैट हू ...'' से होती है। उन्होंने अपनी पुस्तकें ''द हस्बेन्ड हुँ...'' को समर्पित की हैं। पहली पुस्तक है *'द कैट हू कुड रीड बैकवर्डस'*, एक अन्य है *'द कैट हू एट डेनिश मॉडर्न।'* 2011 में मरने से पहले, 97 वर्ष की उम्र में, उनकी कई मिलियन प्रतियां बिक चुकी थीं। निस्सन्देह इन हत्याओं की गुत्थी सुलझाने वाली बिल्लियां नहीं बल्कि उनके मालिक हैं, थोड़े नासमझ लेकिन लंबे बालों वाले बेतरतीब पत्रकार। लेकिन इन पुस्तकों को इतने बेहतरीन तरीके से लिखा गया है कि पुस्तक के अंत में आपको वास्तव में ये लगता है कि रहस्य की गुत्थी सुलझाने वाली ये बिल्लियां ही थीं। ■

DISHA के कुछ पल

RNT कार्यकारी समिति (2019-20) के सदस्य : (बाएं से) DGE गण अजय अग्रवाल (मंडल 3291), नयन पाटिल (मंडल 3160), धीरन दत्ता (मंडल 3040), दीपक गुप्ता (मंडल 3012) और राजेन्द्र एम भामरे (मंडल 3030)।

DISHA के प्रतिनिधियों के साथ RID सी भास्कर। चित्र में PDG गण डॉ एन सुब्रमणियन (मंडल 3011), बासुदेव गोल्यान (मंडल 3291), रमेश अग्रवाल (मंडल 3054) और विनोद भाटिया शामिल हैं।

बाएं से : TRF ट्रस्टी गुलाम वाहनवती, RIDE कमल संघवी, सोनल, RIDE भरत पांड्या, DGE गण अनीश शाह और बीना देसाई DISHA में अंताक्षरी कार्यक्रम में।

चित्र: रशीदा भगत

Regn. No. TN/CCN/359/2018-2020
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP-421/2018-2020
Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹35
Registered with Registrar of News Papers for India TNHIN/2001/05271 Rotary Samachar Published on 1st of every month

ADVT

Rotary District 3012
BE THE INSPIRATION
R.I. THEME 2018-19

District 3011 & 3012
Reception Dinner in Honour of The Rotary Foundation
TRUSTEE CHAIR PRIP Ron D. Burton & Jetta
Friday, 8th March 2019 • Taj Palace, New Delhi

DR. SUBHASH JAIN AKS
District Governor 2018-19

Rotary District 3012 'Holi Milan' Rangoli
Sunday, 17th March 2019 | N.R. Grand, NH-24, Wave City, Ghaziabad (U.P.)



ROTARY PUBLIC IMAGE